सुप्रभात
रांची, मंगलवार
02.07.2024
** नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़, कृष्ण पक्ष, एकादशी, संवत् 2081 । मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 348



12 प्राकृतिक सम्पदाओं से परिपूर्ण भारत के रहस्यों पर होना चाहिए शोध

## न्यूज डायरी

### सूचना आयुक्तों की नियुक्ति का रास्ता साफ, समिति बनी

रांची। राज्यपाल झारखंड ने झारखंड सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त व सूचना आयुक्तों के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए नामों की अनुशंसा के लिए चयन समिति का पुर्नगठन किया है। मुख्यमंत्री इसके अध्यक्ष होंगे, वहीं सदस्य के रूप में नेता प्रतिपक्ष व अनुसूचित, जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ होंगे। कार्मिक विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है और पूर्व की अधिसूचना को विलोपित कर दिया है।

### नये क्रिमिनल लॉ के तहत रांची में पहला केस दर्ज

रांची। देशभर में सोमवार से प्रभावी तीन नये क्रिमिनल लॉ के तहत रांची के कोतवाली थाना में पहला मामला भी दर्ज हो गया। पहला मामला आईपीसी की जगह बीएनएस यानी भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 के तहत मामला दर्ज हुआ है। कोतवाली थाना क्षेत्र के अपर बाजार स्थित एक दवा दुकान में चोरी की घटना के बाद पीड़ित ने मामला दर्ज करवाया है। नये क्रिमिनल लॉ के लागू होने से पहले चोरी की घटना पर आईपीसी की धारा 379 के तहत मामला दर्ज होता था, लेकिन अब बीएनएस की धारा 303(2), 305(') के तहत मामला दर्ज होगा।

### छवि रंजन सहित नौ की हिरासत अवधि बढ़ी

रांची। रांची के बरियातू मौजा के सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री में शामिल निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन सहित नौ आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी गई है। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सोमवार को जेल में बंद आरोपितों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया।

### लातेहार में हथियार के साथ चार नक्सली गिरफ्तार

लातेहार। पुलिस ने छिपादोहर थाना क्षेत्र में छापेमारी कर नक्सली संगठन जेजेएमपी के चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों की पहचान छिपादोहर थाना क्षेत्र निवासी बीतन लोहरा, गुड्डू लोहरा, लखन लोहरा और बरवाडीह थाना क्षेत्र निवासी वीरेंद्र सिंह के रूप में हुई। इनके पास से पुलिस ने दो देसी बंदूक और आठ गोली समेत अन्य सामग्री बरामद किया है। चारों को पुलिस ने घेर कर धर दबोचा।

### 30 रुपये सस्ता हो गया एलपीजी सिलेंडर

नयी दिल्ली। देश के लोगों को महंगाई से बड़ी राहत मिली है। तेल बेचने वाली कंपनियों ने सोमवार 1 जुलाई 2024 को एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में करीब 30 रुपये तक की कटौती कर दी है। इन कंपनियों ने घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में कटौती नहीं की है, बल्कि होटलों और रेस्टूरेंट्स में यूज होने वाले कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में कटौती की है।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 67600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 93000 रु./प्रति किलो |




## हिंदुत्व पर राहुल गांधी के बयान को ले सदन में हंगामा, पीएम मोदी और शाह भी भड़के

# राहुल के बयान का सत्यापन किया जायेगा : स्पीकर

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि भाजपा के सदस्य खुद के हिंदू होने का दावा करते हैं, लेकिन हिंदू हिंसक नहीं होता जबकि ये नफरत फैलाते हैं और हिंसा को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने भगवान शिव की एक तस्वीर भी दिखायी, जिस पर स्पीकर ने उन्हें फटकारा भी। इसके अलावा राहुल ने अग्निवीर, किसान, नीट, मणिपुर, बेरोजगारी, नोटबंदी, जीएसटी, एमएसपी, हिंसा, भय, धर्म आदि का मामला भी उठाया। हिंदू को लेकर सदन में राहुल गांधी के बयान पर सत्ता पक्ष ने जमकर हंगामा किया। भाजपा ने कहा, राहुल ने पूरे हिन्दू समाज को हिंसक कह रहे हैं जो गलत है । पीएम मोदी जवाब देने खड़े हो गये। सत्ता पक्ष के लोगों ने नियमों का हवाला देते हुए कहा राहुल गांधी को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। राहुल बयान पर अमित शाह भी भड़क गये। वहीं राहुल गांधी ने यह भी कहा कि भाजपा और पीएम मोदी पूरा हिंदू समाज नहीं हैं। (शेष पेज 11 पर)



### मोदी और भाजपा हिंदू नहीं

सदन में राष्ट्रपति अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेने के दौरान राहुल गांधी ने कहा पीएम मोदी और भाजपा हिंदू समाज नहीं है। सभी धर्मों और हमारे सभी महापुरुषों ने अहिंसा और निडरता की बात कही है। लेकिन जो लोग अपने आपको हिंदू कहते हैं वो 24 घंटे हिंसा, नफरत और असत्य की बात करते हैं। उन्होंने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि हिंदुत्व केवल डर, नफरत और झूठ फैलाना नहीं है। हिंदू धर्म में साफ लिखा है सत्य के साथ खड़ा होना चाहिए, सत्य से पीछे नहीं हटना चाहिए। इस बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राहुल से कहा कि आप नेता प्रतिपक्ष हैं। इसका ध्यान रखें कि किसी की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचे।

### राहुल को जवाब देने खड़े हुए मोदी

राहुल के बयान पर पूरे सदन में शोर शराबा शुरू हो गया। सत्तापक्ष के सदस्य अपने स्थान पर खड़े होकर जोरदार तरीके से विरोध जताने लगे। पीएम मोदी अपनी सीट से जवाब देने के लिए खड़े हो गये। उन्होंने राहुल गांधी से कहा कि पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना बहुत गंभीर विषय है। इसपर राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी और भाजपा हिंदू समाज नहीं है। इस पर अमित शाह ने कहा कि करोड़ों लोग हिंदू होने पर गर्व करते हैं, क्या राहुल गांधी सोचते हैं कि वे सभी हिंसक हैं। उन्हें (राहुल) माफी मांगनी चाहिए। शाह ने गांधी पर पलटवार करते हुए आपातकाल और 1984 के सिख विरोधी दंगों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश में आतंक फैलाया था और राहुल गांधी को अहिंसा की बात नहीं करनी चाहिए।

# राज्य में बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्राथमिकता : सीएम

## ब्रम्हानंदम हॉस्पिटल का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

### स्वस्थ समाज से ही समृद्ध होगा झारखंड

विशेष संवाददाता

जमशेदपुर। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि झारखंड में बेहतर चिकित्सा सेवा उपलब्ध करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उनकी सरकार राज्य में चिकित्सा व्यवस्था के गुणात्मक सुधार हेतु निरंतर प्रयासरत है।

यहां के लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने में सरकार लगी है। स्वस्थ एवं निरोग समाज से ही समृद्ध एवं विकसित राज्य की परिकल्पना पूरी की जा सकेगी। सीएम सोमवार को कागल नगर, सोनारी स्थित ब्रह्मानंदम अस्पताल के उदघाटन समारोह में बोल रहे थे।

**अस्पताल खुलना सराहनीय प्रयास :** इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य जीवन में अस्पताल की काफी महत्ता है, अस्पताल का खुलना सराहनीय प्रयास है। बेहतर चिकित्सीय सुविधा मिलेगी तभी लोग स्वस्थ रहेंगे। ब्रह्मानंदम अस्पताल पहले से ही सरायकेला-खरसांवा जिले में अपनी सेवा दे रहा है। जमशेदपुर के शहरी क्षेत्र में इस अस्पताल के खुलने से अब यहां के लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को शुभकामनाएं दी। साथ बी भरोसा जताया कि अस्पताल प्रबंधन गरीब-जरूरतमंद मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करेगी। सीएम ने मौके पर नवनिर्मित अस्पताल की चिकित्सीय सुविधाओं का अवलोकन भी किया। इस मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक सविता महतो, विधायक श्रामदास सोरेन, समेत कई लोग मौजूद थे।



### सुखाड़ पर वैकल्पिक सिंचाई की व्यवस्था होगी: सीएम हेमंत

सरायकेला। झारखंड के कई जिलों में सुखाड़ की स्थिति पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने वैकल्पिक व्यवस्था करने की बात कही है। इसके साथ ही नदी से सीधे पाइप लाइन के माध्यम से खेतों तक पानी पहुंचाने की योजना को तेज किया जायेगा, जिससे सुखाड़ जैसे हालात में भी किसानों की खेती प्रभावित न होने पाये। सीएम श्री सोरेन रविवार को दो दिवसीय दौरे पर अपने गृह जिला सरायकेला के झिलीगगोड़ा पहुंचे थे। सोमवार को झिलीगगोड़ा में ही एक निजी कार्यक्रम में सीएम शामिल हुए और मीडिया को संबोधित किया। पत्रकारों द्वारा पूछ गये सुखाड़ के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में सुखाड़ की स्थिति से निपटने को लेकर भी सरकार योजना तैयार हो रही है। (शेष पेज 11 पर)

### इजहार अंसारी की करोड़ों की संपत्ति अटैच

रांची। प्रवर्तन निदेशालय की रांची टीम ने कोल लिंकेज मामले में गिरफ्तार कोयला कारोबारी इजहार अंसारी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उसकी 9.67 करोड़ रुपए के 62 अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। ईडी ने पीएमएलए 2002 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की है। झारखंड की निलंबित आईपीएस अधिकारी पूजा सिंघल के करीबी रहे कोयला कारोबारी इजहार अहमद के ठिकाने पर छापेमारी की थी। इजहार के घर रेड में 13 लाख रुपए कैश बरामद किया गया था इसके साथ ही जेवर और जमीन के कागजातों को भी ईडी ने बरामद किया था। छापेमारी के बाद ईडी ने इजहार अहमद को गिरफ्तार कर लिया था। इडी ने कोयला कारोबारी इजहार अंसारी के हजारीबाग और रामगढ़ स्थित ठिकानों पर छापा मारा था। हजारीबाग के लोहसिंघना थाना क्षेत्र स्थित कोयला कारोबारी इजहार अंसारी के यहां 16 जनवरी की सुबह ईडी की टीम उनके आवास पर पहुंची थी। मालूम हो कि इससे पहले इजहार अंसारी के यहां 3 मार्च 2023 को भी ईडी की छापेमारी हुई थी।

## हेमंत का भाजपा तंज, कहा

# जग में जितने जुल्म नहीं उतने सहने की ताकत है

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने बड़े ही तार्किक अंदाज में सोशल मीडिया एक्स पर सोमवार को भाजपा पर तंज कसा। पहली लाइन में लिखा है कि इस जग में जितने जुल्म नहीं, उतने सहने की ताकत है। संदेश पूरी तरह से स्पष्ट है। फिर अगली लाइन में लिखा है कि तानों के भी शोर में रह कर सच कहने की आदत है। इसका मतलब साफ है कि जितने भी ताने दिये जायेंगे, लेकिन सच बोलता ही रहूंगा। फिर लिखा है कि मैं सागर से भी गहरा हूं, तुम कितने कंकड़ फेंकोगे, चुन-चुन कर आगे बढ़ूंगा मैं, तुम मुझको कब तक रोकोगे, तुम मुझको कब तक रोकोगे।

**इशारों में ही कर दी सभी बातें :** हेमंत सोरेन ने अपने ट्वीट के जरिए इशारों में ही सारी बातें बयां कर दी हैं। उनके जेल से बाहर आने पर जहां कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा मिली है, वहीं हेमंत ने ट्वीट से यह भी संदेश दिया है कि उन्हें गलत तरीके से फंसाया गया। वहीं दूसरी प्रमुख बात यह भी है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में सीट शेयरिंग को लेकर भी वे झामुमो को मजबूती दे सकते हैं। साथ ही प्रदेश में घूम-घूम कर जमीनी हकीकत से रू-ब-रू होंगे।



**हेमंत ट्वीट में कहा**

इस जग में जितने जुल्म नहीं,
उतने सहने की ताकत है,
तानों के भी शोर में रह कर
सच कहने की आदत है
मैं सागर से भी गहरा हूं,
तुम कितने कंकड़ फेंकोगे,
चुन-चुन कर आगे बढ़ूंगा मैं,
तुम मुझको कब तक रोकोगे

# ओएसिस के दो शिक्षकों को सीबीआइ का समन

**नीट पेपर लीक का केंद्र बन रहा है हजारीबाग**

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। नीट प्रश्न पत्र लीक मामले में हजारीबाग जांच का केंद्र बिंदु बनता जा रहा है। सीबीआई हजारीबाग में विशेष रूप से नजर रखकर कई बिंदुओं पर एक साथ जांच कर रही है। वहीं इस मामले में ओएसिस स्कूल के दो शिक्षकों को सीबीआई ने समन भेजा है और उन्हें पटना सीबीआई के दफ्तर में हाजिर होने का आदेश जारी किया गया है। एक तरफ फिर से जांच की सुई हजारीबाग की तरफ घूम गयी है तो दूसरी ओर एक प्रोफेसर की भी तलाश की जा रही है। सूत्रों के अनुसार बताया जाता है कि सीबीआई उस चेन की तलाश कर रही है, जिसके जरिए यह जाना जा सके प्रश्न पत्र कैसे और कब लीक हुआ। किस चेन के जरिये सारे प्रश्न पत्र के उत्तर हल किये गये। प्रश्न पत्र और उत्तर छात्रों तक कैसे पहुंचा। इसी चेन की तलाश में सीबीआई हजारीबाग में सक्रिय है। यहां से तीन लोगों को सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक, वाइस प्रिंसिपल इम्तियाज आलम और पत्रकार जमालुद्दीन शामिल हैं।

**100 से अधिक कोचिंग संस्थान**

हजारीबाग हाल के दिनों में शिक्षा का हब बनता जा रहा है। यहां चतरा, कोडरमा, गिरिडीह, बोकारो, धनबाद से छात्र बड़ी संख्या में पढ़ाई और प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए पहुंचते हैं। लगभग 35 हजार छात्र हजारीबाग में वर्तमान समय में दूसरे जिलों से आकर यहां रह रहे हैं। वहीं यहां 100 से अधिक कोचिंग संस्थान हैं। (शेष पेज 11 पर)

## संवैधानिक पदों को भरने का टाइम फ्रेम कम करें : हाइकोर्ट

# कछुए की चाल से क्यों चल रही सरकार

कछुए की चाल से चल रही है राज्य सरकार, संवैधानिक संस्थानों में रिक्त पदों को लेकर हाईकोर्ट की टिप्पणी

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य में लोकायुक्त, सूचना आयुक्त, मानवाधिकार आयोग सहित अन्य संवैधानिक संस्थानों में पद अबतक रिक्त रहनेपर मौखिक कहा है कि सरकार कछुए की गति से क्यों चल रही है? कई संवैधानिक संस्थाओं के पद 3 से 5 साल से खाली पड़े हैं, लेकिन इन्हें अब तक इसे नहीं भरा जा सका है। शपथ पत्र के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा लोकायुक्त सहित कई संवैधानिक पदों पर नियुक्ति को लेकर एक टाइम फ्रेम दिया जा रहा है, जो एक माह से ज्यादा का समय है। सरकार को टाइम फ्रेम की अवधि कम करनी होगी।

**आज शपथ पत्र देने कहा :** कोर्ट ने मामले की सुनवाई मंगलवार निर्धारित करते हुए सरकार को फ्रेश शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट में सरकार को लोकायुक्त सहित अन्य संवैधानिक संस्थाओं में नियुक्ति के लिए निर्धारित किए गए टाइम फ्रेम को कम करने का निर्देश दिया है। इससे पहले वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह ने कोर्ट को बताया कि सरकार की ओर से सूचना आयुक्त, लोकायुक्त सहित कई संवैधानिक पदों पर नियुक्ति के लिए पहले नेता प्रतिपक्ष नहीं रहने की आपत्ति को लगाया गया था। सरकार को जल्द से जल्द इन पदों पर नियुक्त प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए थी। इस पर सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया की सूचना आयुक्त की नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला गया है, जिस पर कोर्ट ने मौखिक कहा कि सिर्फ सूचना आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने से काम नहीं चलेगा। संवैधानिक संस्थाओं में रिक्त पदों को जल्द भरने पर भी फोकस करें। हाई कोर्ट में सोमवार को राज्य में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित राजकुमार की अवमानना याचिका समेत राज्य के 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद रिक्त रहने को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई हुई। (शेष पेज 11 पर)



## आपराधिक कानून में जल्दबाजी का आरोप शाह ने किया खारिज, कहा

# सभी से विस्तृत चर्चा के बाद लाये गये हैं नये कानून

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि तीनों नये आपराधिक कानून विस्तृत चर्चा के बाद लाये गये। उन्होंने विपक्ष के इस आरोप को खारिज किया कि ये कानून जल्दबाजी में पारित करा कर लागू किये गये हैं। इन तीन नये आपराधिक कानून - भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को सोमवार से लागू कर दिया गया है। श्री शाह ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्ष इस मुद्दे को राजनीतिक रंग दे रहा है, जबकि नये कानूनी प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा हुई थी। गृह मंत्री ने कहा कि वह यह आन रिकार्ड कहना चाहते हैं कि इन तीनों नये आपराधिक कानूनों को कराने में जितनी चर्चा की गयी, उतनी चर्चा या मेहनत स्वतंत्र भारत में किसी विधेयक को पारित करने शायद ही की गयी हो।

**कई सुझाव भी शामिल हैं :** गृह मंत्री ने कहा कि यह विधेयक विभिन्न हितधारकों के सुझावों के बाद लाया गया था। उन्होंने कहा, 2020 में, मैंने व्यक्तिगत रूप से सभी सांसदों को पत्र लिखकर सुझाव मांगे थे। इसके लिये मैंने उच्चतम न्यायालय तथा सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों को भी पत्र लिखा था। (शेष पेज 11 पर)



### विपक्ष का आरोप सरासर झूठ

उन्होंने कहा, लोकसभा में चर्चा के लिये नौ घंटे से अधिक समय दिया गया और इसमें 34 सदस्यों ने भाग लिया, जबकि राज्य सभा में छह घंटे से अधिक की चर्चा हुई और 40 सदस्यों ने भाग लिया। उन्होंने विपक्ष के इस दावे को भी खारिज किया कि विपक्षी सदस्यों को निलंबित करने के बाद ये विधेयक लाये गये। गृह मंत्री ने कहा, एक झूठी खबर भी फैलायी जा रही थी कि दोनों सदनों के विपक्षी सदस्यों को निलंबित करने के बाद ये विधेयक लाये गये थे। उन्होंने कहा कि इन विधेयकों पर चर्चा का विषय कार्यमंत्रणा समिति के सामने पहले से ही थी लेकिन 14 दिसंबर से विपक्ष ने संसद का बहिष्कार करने का फैसला कर लिया था। उन्होंने कहा कि दोनों सदनों में विपक्ष ने अपने कार्यों से आसन को उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिये मजबूर किया।

## सचिव ने गिरिडीह अरगा नदी पुल हादसे की दिया जांच के आदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

गिरिडीह। गिरिडीह-जमुई को जोड़ने वाले भेलवाघाटी के अरगा नदी पुल टूटने के मामले में पथ निर्माण विभाग के सचिव ने ओम नमः शिवाय एजेंसी के ठेकेदार रंजन गुप्ता को आर्थिक दंड लगाने का निर्देश दिया है। वहीं पथ प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता विनय कुमार को शो कॉज नोटिस जारी कर निमार्णाधीन पुल टूटने का कारण पूछा है। कार्यपालक अभियंता विनय कुमार ने कहा की सचिव के निर्देश पर ओम नमः शिवाय एजेंसी के ठेकेदार से नुकसान की भरपाई किया जाना है। वैसे ठेकेदार पर कार्रवाई अभी होना बाकी है। सचिव के निर्देश का इतंजार है, निर्देश के आधार पर ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज कराया जा सकता है तो सिक्योरिटी की राशि को सीज करने का भी निर्देश मिल सकता है. फिलहाल, बारिश के बाद नदी में आए तेज बहाव के कारण पुल का एक बड़ा हिस्सा टूटकर बहने की घटना से करीब डेढ़ करोड़ के नुकसान का अनुमान है। सचिव के निर्देश पर ठेकेदार ने गिरिडीह पथ प्रमंडल को सोमवार को एक अंडर टेकिंग लिख कर दिया है, जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई खुद ठेकेदार द्वारा किया जाना है। नुकसान का अतिरिक्त राशि खर्च करने का कोई दावा विभाग पर नही किया जायेगा।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता कर नेता प्रतिपक्ष ने राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला

# झारखंड की गठबंधन सरकार युवाओं को नौकरी नहीं दे रही बल्कि बेच रही : बाउरी

**पीजीटी परीक्षा सहित एसआईटी जांच हो रही परीक्षाओं की नीट परीक्षा के साथ सीबीआई जांच कराने की मांग**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने पीजीटी परीक्षा सहित एसआईटी जांच हो रही परीक्षाओं की नीट परीक्षा के साथ सीबीआई जांच कराने की मांग की है। श्री बाउरी सोमवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने परीक्षा में हुई धांधली की सीबीआई जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि युवाओं को सपने दिखा कर, जनता से झूठ बोल कर सत्ता में आयी झामुमो- कांग्रेस और राजद की सरकार के खिलाफ युवा आक्रोशित है। गठबंधन सरकार ने आज तक जो भी परीक्षा ली है, उन सभी परीक्षाओं में गड़बड़ियां सामने आयी है। ऐसे में राज्य सरकार को चाहिये कि वो युवाओं के हित में उन परीक्षा की गड़बड़ियों की जांच सीबीआई से कराने की अनुशंसा करे। उन्होंने कहा कि जेएसएससी पीजीटी के अभ्यार्थियों ने बताया कि इस परीक्षा में धांधली हुई है। इसको लेकर अभ्यार्थी पिछले 17 दिनों से धरना कर रहे हैं। अभ्यार्थियों ने अपने आवेदन में बताया कि एक ही सेंटर से 70-80 प्रतिशत अभ्यार्थी पास हुये हैं। बोकारो जिला के श्रेया डिजिटल और रांची जिला के शिवा इनफोटेक से सबसे अधिक अभ्यार्थी पास हुये हैं। सिरिया डिजिटल से 513 अभ्यार्थी, शिवा इनफोटेक से 279 अभ्यर्थी पास हुये। वहीं धनबाद डिजिटल से 273 पास हुये हैं। अभ्यर्थियों का कहना था कि इस परीक्षा में धांधली हुई है। पैसे का खेल हुआ है। परीक्षा आयोजित करने के लिए जिस एजेंसी को नियुक्त किया गया है वह ब्लैक लिस्टेड है। राज्य सरकार ने एसआईटी गठित कर जांच कराने का फैसला भी लिया है लेकिन अभी तक कोई भी गिरफ्तारी नहीं की गयी है।

### राज्य में नियुक्ति को लेकर एक बड़ा घोटाला हुआ

उन्होंने कहा कि नियुक्ति को लेकर एक बड़ा घोटाला राज्य सरकार ने किया है। पांच लाख नौकरी के नाम पर सत्ता में आयी सरकार ने नौकरी तो नहीं दी लेकिन नौकरी बेचने का काम जरुर कर रही है। इसका मास्टरमाइंड कौन है, अभी तक नहीं पता चल सका है। यह पूरा मामला राज्य सरकार के इशारे पर ही हो रहा है। राज्य के कई अधिकारी और मंत्रियों की मिलीभगत से ही इस तरह का नियुक्ति घोटाला हो रहा है। इन विषयों को लेकर केन्द्रीय मंत्री के साथ भी पत्राचार किया जायेगा ताकि सीबीआई सभी मामले की जांच एक साथ कर सके। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस पूरे विषय पर निष्पक्ष जांच के लिए सीबीआई को अनुशंसा करे। जब तक जांच पूर्ण नहीं होती है तब तक नियुक्ति को रोका जाये। उन्होंने आगाह करते हुये कहा कि यदि इस मामले पर सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठाती है तो जब भाजपा की सरकार राज्य में आयेगी, तो वैसे अभ्यर्थी जो पैसे के बल पर परीक्षा दे रहे हैं और नियुक्ति ले रहे हैं वैसे अभ्यर्थियों की नौकरी भी जायेगी और उन्हें जेल भी जाना होगा। उन्होंने बताया कि 2014-19 तक भाजपा ने जितनी भी नौकरी दी उसपर कोई भी गड़बड़ी नहीं हुई है लेकिन, आज की स्थिति बिल्कुल अलग है। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज उपस्थित थे।

## जमानती वारंट के निष्पादन के बिना गैरजमानती वारंट नहीं हो सकता जारीः हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा कि कोई मजिस्ट्रेट कोर्ट जमानती वारंट के निष्पादन रिपोर्ट के बिना गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी नहीं कर सकता। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि आदेश जारी करने वाली अदालत को सीआरपीसी की धारा 82 के तहत उद्घोषणा करने से पहले संतुष्टि करनी चाहिए कि अभियुक्त फरार था या गिरफ्तारी से बचने के लिए छिप रहा था। न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता के खिलाफ गिरफ्तारी का जमानती वारंट जारी किया गया था, लेकिन गिरफ्तारी के जमानती वारंट के निष्पादन रिपोर्ट के बिना ही मजिस्ट्रेट कोर्ट ने गिरफ्तारी का गैर-जमानती वारंट जारी किया है, जो कानून में भी टिकने योग्य नहीं है क्योंकि यह कानून का एक स्थापित सिद्धांत है कि एक बार गिरफ्तारी का जमानती वारंट जारी करने के बाद मजिस्ट्रेट कोर्ट को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि गिरफ्तारी का गैर-जमानती वारंट जारी करने जैसी और कठोर कार्रवाई करने से पहले गिरफ्तारी के जमानती वारंट की निष्पादन रिपोर्ट प्राप्त हो जाये।

## नीट घोटाले से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा नेता रोज छोड़ रहे नये शिगूफे : सोनाल शांति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा है कि देशव्यापी नीट घोटाले के विरोध में उठ रही आवाज से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा नेता रोज नये शिगूफे छोड़ रहे हैं। नीट घोटाले की आंच जब इनके आकाओं के दामन तक पहुंची तब इन्हें झारखंड में भ्रष्टाचार दिखने लगा। उन्होंने कहा है कि झारखंड सरकार छात्रों और युवाओं के भविष्य के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और उनके हर मसले पर गंभीर नजर रखती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिस तरह से छात्र युवा के मसले पर संजीदा है। इससे सीख लेकर भाजपा नेता को भी अपने वरीय नेताओं को छात्रों युवाओं के भविष्य के लिए सकारात्मक रूख अपनाने की सलाह देनी चाहिए।



सोनाल शांति ने कहा कि देश की ऐसी परीक्षा जिसके छात्रों पर देश की स्वास्थ्य सेवा को संचालित करने का दारमोदार होता है। उसमें हुए घोटाले पर संसद में बहस करने की मांग जब राहुल गांधी और विपक्षी दलों द्वारा की जा रही है तो सरकार इससे बचकर भागना चाहती है, लेकिन विपक्ष के मजबूत विरोध के बाद शुरू में नीट घोटाले को क्लीन चिट करार देने वाले अब इसकी सीबीआई जांच करा रहे हैं, यह देश के छात्रों की जीत है। कांग्रेस भ्रष्टाचार के किसी भी रूप को सहन नहीं करती और इसके विरोध में अनवरत आवाज उठाती रहती है।

सोनाल शांति ने कहा है कि व्यापम घोटाले और हजारों करोड़ के भ्रष्टाचार की गंगोत्री में स्नान कर चुके लोगों को झारखंड जीतने की कमान सौंपी गई है और वह चुन चुन कर ऐसे लोगों के सहारे विधानसभा का रण जीतना चाहते हैं जिन्हें जनता ने नकार दिया है। भ्रष्टाचार के मामले पर ज्ञान देने से पहले भाजपा को झारखंड में अपने कार्यकाल को याद करनी चाहिए जिसमें भ्रष्टाचार का पहाड़ खड़ा हो चुका था, जेपीएससी भ्रष्टाचार का विश्वविद्यालय बन चुका था। वर्तमान महागठबंधन सरकार ने जेपीएससी की सातवीं से लेकर दसवीं तक की परीक्षा का सफल आयोजन एक साथ किया। सफल अभ्यर्थियों को नियुक्त भी कर दिया गया।

**झारखंड राज्य आकस्मिक खाद्यान्न कोष होगा क्रियान्वित**

## राज्य खाद्य आयोग पंचायतों के मुखिया संग करेगा चर्चा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड राज्य खाद्य आयोग ने झारखंड राज्य आकस्मिक खाद्यान्न कोष के क्रियान्वयन में अपना बड़ा रोल निभाने की पहल की है। सोमवार को आयोग के अध्यक्ष हिमांशु चौधरी ने बताया कि खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से जून 2018 में आकस्मिक खाद्यान्न कोष का गठन किया गया था, जिन गरीबों के पास राशन कार्ड नहीं है और राशन नहीं मिल पा रहा, उन्हें आकस्मिक खाद्यान्न कोष से 10 किलो अनाज निःशुल्क दिया जाना है। चावल की खरीद के लिए पंचायत एवं वार्ड में इसके लिए उपलब्ध राशि व्यय हो जाए तो जिले के डीसी द्वारा इसके लिए पैसे दिए



जाएंगे। पंचायतों, वार्डों में इस पैसे की उपलब्धता, व्यय की स्थिति की समीक्षा के लिए खाद्य आयोग जिलों में भ्रमण करेगा। बीडीओ से राशि की उपलब्धता की जानकारी ली जाएगी। विशेषकर मुखिया के साथ बैठक कर राशि के समुचित उपयोग के संबंध में चर्चा होगी, विमर्श होगा। इसकी शुरूआत जामताड़ा जिले से होगी। इसके बाद धनबाद, बोकारो और रामगढ़ में यह कार्यक्रम आयोजित होगा। देवघर, दुमका, पाकुड़, साहेबगंज और गिरिडीह जिलों के लिए भी डेट फाइनल किया गया है।

**तीन नये आपराधिक कानून पर बोले डीजीपी**

## नये कानून में फॉरेंसिक का रोल अहम चुनौतियों से निपटने के लिए हम हैं तैयार

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** देश में एक जुलाई यानी आज से आईपीसी, सीआरपीसी और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) लागू हो गया है। इस संबंध में डीजीपी अजय कुमार सिंह ने कहा है कि तीनों नये कानून को लेकर अभी तक कोई समस्या सामने नहीं आई है लेकिन चुनौतियां जरुर आएंगी क्योंकि 100 पुराने तीनों कानून की जगह नये कानून लागू हुए हैं। हालांकि हर चुनौती से निपटने की कवायद लगातार चल रही है। डीजीपी ने बताया कि नये कानून के तहत फॉरेंसिक की भूमिका बढ़ गयी है। पूर्व में एफएसएल की टीम अपने हिसाब से स्पॉट पर पहुंचती थी। जांच पदाधिकारी भी अपने तरीके से चीजों को देखते थे, लेकिन अब सात साल तक की सजा से जुड़े मामलों में एफएसएल और आईओ की एक साथ स्पॉट पर मौजूदगी अनिवार्य हो गई है। डीजीपी ने कहा कि राज्य में पुलिस पदाधिकारियों को इसकी ट्रेनिंग भी दे दी गई है। समय के साथ सबकुछ स्ट्रीमलाइन हो जाएगा। यह लगातार चलने वाली प्रक्रिया है।

डीजीपी अजय कुमार सिंह ने कहा कि तीनों कानून को लेकर जागरुकता के लिहाज से कवायद चल रही है। लोगों में किसी तरह का संशय ना रहे, इसको देखते हुए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। डीजीपी ने बताया कि नये आपराधिक कानून के तहत राज्य की राजधानी कोतवाली थाना में चोरी से जुड़ी पहली प्राथमिकी दर्ज हुई है।

## तीन नये कानूनों के तहत एफआइआर में रांची पहले तो गिरीडीह दूसरे स्थान पर

**रांची।** पहली जुलाई से देश में तीन नए कानून लागू हो गए हैं। यह तीनों नए कानून आपराधिक मामलों को लेकर है। इस कानून के तहत झारखंड में भी एफआईआर दर्ज हो चुका है। जिसमें रांची जिला पहले स्थान पर रहा, जबकि गिरीडीह दूसरे स्थान पर है। रांची कोतवाली थाना में पहली एफआईआर हुई, जबकि, गिरीडीह के निमियाघाट थाना में दूसरी प्राथमिकी दर्ज हुई। **पहली एफआईआर चोरी के मामले में हुआ दर्ज** : कोतवाली थाना में चोरी से जुड़ी पहली प्राथमिकी दर्ज हुई है। आईपीसी की जगह बीएनएस यानी भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 के तहत मामला दर्ज हुआ है। दरअसल, कोतवाली थाना क्षेत्र के अपर बाजार स्थित एक दवा दुकान में चोरी की घटना के बाद पीड़ित ने मामला दर्ज कराया है। वहीं गिरीडीह जिला के निमियाघाट थाना में दूसरा एफआईआर दर्ज हुआ है। यह एफआईआर सड़क दुर्घटना से संबंधित है।

**खबर एक नजर में**

### खेल निदेशालय के अवर सचिव भी हटे

**रांची।** राजधानी रांची में एशियन महिला हॉकी चैंपनियन ट्रॉफी 2023 के आयोजन में गड़बड़ी के आरोप में घिरे में खेल निदेशक सुशांत गौरव को हटाये जाने के बाद अब खेल निदेशालय सह साझा के अवर सचिव राजेश कुमार तिवारी का भी ट्रांसफर कर दिया गया है।

### इरफान अंसारी की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर



**रांची।** जामताड़ा से जुड़े एसटी-एससी से जुड़े एक मामले में जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी को सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका को मंजूर कर लिया। सुनवाई के दौरान इरफान अंसारी की ओर से शिकायतवाद दर्ज करने वाली महिला के द्वारा लगाए गए आरोप को को बेबुनियाद बताया गया। कहा गया कि महिला के समर्थन में जिन लोगों ने गवाही दी थी वह किसी खास राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता थे। विधायक को षड्यंत्र के तहत इस मामले में फंसाया गया है।

### सीएम ने वैवाहिक जीवन की दी शुभकामनायें



**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन सोमवार को सरायकेला-खरसावां जिला के राजनगर प्रखंड स्थित हेंसल गांव पहुंचकर लक्ष्मीकांत महाकुड़ को उनके सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नव दंपति को आशीर्वाद दिया। मौके पर नींबू महाकुड़ सहित अन्य उपस्थित थे।

**फलों का राजा आम घोल रहा है जीवन में मिठास**

# बिरसा हरित ग्राम योजना बदल रही है किसानों की जिंदगी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सरकार की किसी भी योजना को अगर शिद्दत के साथ धरातल पर उतारा जाये तो इसका असर देखते ज्यादा वक्त नहीं लगता है। गर्मी के सीजन में एक योजना सुर्खियों में हैं, वह है बिरसा हरित ग्राम योजना। कोविड-19 ने साल 2020 में जब दस्तक दिया तो झारखंड सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती थी। दूसरे राज्यों से लौटे मजदूरों को उनके पैरों पर खड़ा करने की। इसके लिए मई 2020 में बिरसा हरित ग्राम योजना शुरू की गई। लॉक डाउन के बीच अभियान चलाकर गांवों में तेजी से फलदार पौधे लगाये गये। मजदूरों को उनके घर में ही रोजगार मिला और किसानों को फलदार बागान। ग्रामीणों को समझते देर नहीं लगी कि सरकार के सहयोग से लगाये जा रहे फलदार पौधे आने वाले समय में उनकी जिंदगी में मिठास घोलने लगेंगे। अब वही देखने को मिल रहा है। झारखंड में आम्रपाली समेत कई आमों की वेराइटी का उत्पादन बढ़ गया है।



### कौन-कौन से आम का हो रहा उत्पादन

आम ही एक ऐसा फल है जिसकी वेराइटी अनगिनत है। लोकल स्तर पर लोग बिज्जू आम को अलग-अलग नाम दे देते हैं। कलमी आम में भागलपुरी लंगड़ा और मालदा का झारखंड में सबसे ज्यादा क्रेज है लेकिन, बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत झारखंड की मिट्टी में आम्रपाली, मल्लिका और गुलाब खस का बेजोड़ उत्पादन हो रहा है। झारखंड में यूपी के बाराबंकी से आम्रपाली, तमिलनाडु और कर्नाटक से मल्लिका और गुलाब खस का आवक था, जिसकी सप्लाई अब लोकल किसान ही कर रहे हैं।

**बाजार उपलब्ध कराने की तैयारी :** खास बात है कि एक तरफ यह योजना किसानों के लिये वरदान साबित हुई है तो दूसरी तरफ एक नई परेशानी भी लेकर आई है। आम का अच्छा उत्पादन होने की वजह से किसानों को उचित दाम नहीं मिल पा रहा है। फिलहाल शहरों के रिटेल मार्केट में लंगड़ा और गुलाब खस आम 60 रु किलो बिक रहा है। किसानों की इस तकलीफ को देखते हुये ग्रामीण विकास विभाग मार्केट तैयार करने की योजना बना रहा है। ताकि किसानों को उचित दाम मिल सके।

**आंकड़े बता रहे हैं बदलते झारखंड की तस्वीर :** ग्रामीण विकास विभाग के आंकड़ों के मुताबिक साल 2020-21 में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत 25,695 एकड़ में 27,90,319 फलदार पौधे लगाये गये। साल 2021-22 में 20,648 एकड़ में 23,12,556 और 2022-23 में 20,933 एकड़ में 23,44,551 और 2023-24 में 43,388 एकड़ में 44,06,905 फलदार पौधे लगाये गये। चार वर्षों में 1,10,664 एकड़ में कुल 1 करोड़ 18 लाख 54 हजार 331 पौधे लगाये गये। इस योजना का लाभ बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उठाया। साल 2020-21 में 30,023 लाभुकों ने बागवानी की। साल 2021-22 में 23,554 और साल 2022-23 में 23,470 लाभुकों और 2023- 24 में 50,113 लाभुकों ने आम के पौधे लगाये। अब वही छोटे पौधे फल देने लगे हैं। इससे किसान बेहद उत्साहित हैं। कुछ समय पहले लगाये गये फलदार पौधे ग्रामीणों के जीवन में मिठास घोल रहे हैं।


सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
CENTRAL MINE PLANNING & DESIGN INSTITUTE LIMITED
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
गोन्डवाना प्लेस, कांके रोड, रांची-834031, झारखण्ड, इंडिया

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है"।

**इच्छा की अभिव्यक्ति (ईओआई)**

**शालीमार और सांतरागाछी स्टेशन के नए स्टेशन भवन में पारिवारिक शॉपिंग मॉल/प्लाजा/एमएफसी और/या अन्य सार्वजनिक उपयोगिता वाले क्षेत्रों के विकास, रखरखाव और परिचालन के लिए**

संख्या : सीओएम/जी.18/जी/एनएफआर/एसएचएम-एसआरसी/24 दिनांक : 01.07.2024

निम्नलिखित तौर-तरीकों के तहत शालीमार और सांतरागाछी स्टेशनों के नए स्टेशन भवन में आधुनिक पारिवारिक मॉल/प्लाजा के विकास, रखरखाव और परिचालन के लिए पर्याप्त तकनीकी और वित्तीय क्षमता रखने वाले व्यक्ति विशेष/एजेंसी/फर्म/पार्टी/सहकारी समिति/साझेदारी फर्म/निजी और सार्वजनिक कंपनी या किसी कानूनी इकाई से इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। ईओआई में पूर्व-व्यवहार्यता रिपोर्ट, अवधारणा योजना, आय योजना (तकनीकी और वित्तीय विवरण सहित), वाणिज्यिक प्रस्ताव आदि अवश्य शामिल होने चाहिए। • **पात्रता मानदंड:** प्रस्तावक के पास पर्याप्त तकनीकी और वित्तीय क्षमता होनी चाहिए ताकि वे परियोजना/योजना को सम्पादित करने में सक्षम हों। एजेंसी/डेवलपर के पास विपणन व्यवसाय/पारिवारिक मॉल/प्लाजा/ मल्टी फंक्शनल कॉम्प्लेक्स और समरूप प्रकृति के कार्य को संभालने का पर्याप्त अनुभव अवश्य होना चाहिए। • **स्थान: शालीमार स्टेशन:** पहली मंजिल-788 वर्ग मीटर (लगभग), दूसरी मंजिल - 4416 वर्ग मीटर (लगभग)। पार्टी एकल मंजिल या बहु मंजिल के लिए प्रस्ताव दे सकती है। **सांतरागाछी स्टेशन:** ग्राउंड फ्लोर-90 वर्ग मीटर (लगभग), मेजेनाइन-1 लेवल-230 वर्ग मीटर (लगभग), मेजेनाइन-2 लेवल-435 वर्ग मीटर (लगभग), दूसरी मंजिल -3150 वर्ग मीटर (लगभग), तीसरी मंजिल -3150 वर्ग मीटर (लगभग)। पार्टी एकल मंजिल या बहु मंजिल के लिए प्रस्ताव दे सकती है। • **कार्य का दायरा:** एजेंसी को शालीमार और सांतरागाछी के नए स्टेशन भवन में ऊपर बताए गए अनुसार स्थान आवंटित किया जाएगा, ताकि जगह का पूरा व्यावसायिक उपयोग हो सके (जैसे आधुनिक पारिवारिक मॉल/प्लाजा/एमएफसी)। उन्हें पारिवारिक मॉल/ प्लाजा/एमएफसी के उद्देश्य के लिए आवंटित स्थान के भीतर विभिन्न प्रकार के वाणिज्यिक और कई आउटलेट विकसित/रखरखाव और संचालित करने की अनुमति है, जिसमें कैफेटेरिया, फूड कोर्ट (अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न रेस्तरां एक साथ समूहीकृत), किड्स ज़ोन, रिटेलर आउटलेट (प्रतिष्ठित ब्रांड), मेडिकल शॉप (ईएमआर), बॉडी वेलनेस सेंटर, इंटीरियर विज्ञापन (डिजिटल और गैर डिजिटल), सूचना कियोस्क, लॉण्ड्री सेवाएं, सार्वजनिक शौचालय, उपहार रैपिंग सेवाएं, पर्यटन और यात्रा बुकिंग काउंटर और पर्यवेक्षित चाइल्डकैअर के अलावा मौजूदा नियम के अनुसार स्वीकार्य खरीदारी और अवकाश के पारंपरिक साधन जैसी विभिन्न प्रकार की सेवाएं शामिल हैं। संपूर्ण आंतरिक सजावट और अंतिम अनुकूलन की लागत रेलवे व्यवसाय और मौजूदा भवन योजना के स्थायी परिवर्तन/रूपांतरण में किसी भी बाधा के बिना पार्टी द्वारा वहन की जानी है। बिजली और पानी की खपत का खर्च वास्तविक खपत के आधार पर पार्टी द्वारा वहन किया जाएगा। • **अनुबंध की अवधि:** अनुबंध की अवधि प्रस्ताव के आधार पर मौजूदा नीति दिशानिर्देशों के अनुसार रेलवे प्राधिकरण द्वारा तय की जाएगी। • **वाणिज्यिक प्रस्ताव:** एजेंसी को विकास, रखरखाव और परिचालन के लिए विस्तृत परियोजना योजना और स्केच के साथ वाणिज्यिक प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा जिसमें अनुमानित निवेश, एजेंसी की कानूनी इकाई के साथ सेवाओं/सुविधाओं के प्रकार शामिल हों। पार्टी को आवेदन/प्रस्ताव में वित्तीय और वाणिज्यिक व्यवहार्यता के साथ कार्य के निष्पादन के लिए निवेश योजना के विवरण के साथ अनुबंध की अवधि के तहत सुझाव देने की स्वतंत्रता है। • **चयन प्रक्रिया:** मौजूदा नीति दिशानिर्देशों के अनुसार प्रतिस्पर्धी और पारदर्शी बोली प्रक्रिया के माध्यम से। • **संचार का पता:** किसी भी जिज्ञासा/विवरण के लिए, पार्टियां कार्यालय समय के दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/ खड़गपुर मंडल के कार्यालय से संपर्क कर सकती हैं। ऊपर बताए गए विवरणों के साथ अन्य सुझावों, यदि कोई हो, के साथ ईओआई एक लिफाफे में मुहरबंद करके **31.07.2024 के भीतर** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, डीआरएम बिल्डिंग, पो.ऑ. और थाना- खड़गपुर, जिला: पश्चिम मेदिनीपुर, पिन -721301 के कार्यालय में अवश्य पहुंच जानी चाहिए। सभी इच्छुक एजेंसियों/पार्टियों से अनुरोध है कि वे ईओआई प्रस्तुत करने से पहले कार्य स्थल का दौरा करें। कार्य स्थल का दौरा करने के लिए सीसीआई/एसएचएम और सीआई/एचडब्ल्यूएच से संपर्क करें, दूरभाष: **9002081924, 7595074792**। **द्रष्टव्य:** ईओआई केवल संभावित एजेंसियों की प्रतिक्रिया का मूल्यांकन करने के लिए बुलाया गया है। रेल प्रशासन किसी भी समय और किसी भी स्तर पर आवेदन/प्रस्ताव को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। ईओआई जमा करना किसी प्रस्ताव की स्वीकृति के किसी भी अधिकार की गारंटी नहीं है।

(PR-328) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**

**ई- अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा सं० :- RDSPL/SD/HZB/05/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RDSPL/ SD/HZB/ 05/01/2024-25 | बड़कागांव | Development of Megalithic Park at Village Pakri Barwadih, Block Barkagaon (Part-I) | 9255977.00 | 185200.00 | 10000.00 | 6 माह |
| 2. | RDSPL/ SD/HZB/ 05/02/2024-25 | बड़कागांव | Development of Megalithic Park at Village Pakri Barwadih, Block Barkagaon (Part-II) | 9872004.00 | 197500.00 | 10000.00 | 6 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 06.07.2024
3. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 06.07.2024 से दिनांक 14.07.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई-निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय –15.07.2024 अपराह्न 4:00 बजे
6. ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 328329 Rural Development(24-25)#D

**कार्यालय महाप्रबंधक,जिला उद्योग केन्द्र,लोहरदगा।**
**प्रेस विज्ञप्ति**
**जिला उद्योग केन्द्र,लोहरदगा का पुरानी वाहन संख्या–BEN-2861 का आम नीलामी हेतु सूचना :-**

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि जिला उद्योग केन्द्र, लोहरदगा परिसर में "जो है,जैसा है" पुरानी वाहन संख्या– BEN-2861, मॉडल– महिन्द्रा,खरीद वर्ष– 1987, चेचिस संख्या–CJ 640 DP- 4 -WD-DKहै। जो दिनांक–31.05.2008 को जिला स्तरीय निश्प्रयोजन समिति ज्ञापांक–268 दिनांक–16.06.2008 द्वारा निश्प्रयोजित करने की अनुशंसा की गई है। मोटरयान निरीक्षक,लोहरदगा का पत्रांक–163 दिनांक–07.10.2023 द्वारा वाहन संख्या– BEN-2861 का मूल्यांकन किया गया है एवं उद्योग निदेशालय,झारखंड,रॉंची का पत्रांक–928/दिनांक–09.04.2024 द्वारा उक्त वाहन को नीलाम करने का निदेश दिया गया है।

उक्त वाहन की नीलामी दिनांक–08/ 07/ 2024 को 01.00 बजे अपराह्न में जिला उद्योग केन्द्र, लोहरदगा कार्यालय में गठित समिति के सदस्यों के समक्ष बैठक कर लोक नीलामी के माध्यम से करायी जायगी। वैसे इच्छुक व्यक्ति जो GST के तहत निबंधित हैं, GST निबंधन की प्रति के साथ अपना आवेदन दिनांक–06.07.2024 के अपराह्न 03.00 बजे तक जिला उद्योग केन्द्र,लोहरदगा कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। आवेदन जमा करने वाले ही नीलामी में भाग ले सकते हैं। निर्धारित न्यूनतम राशि से उच्चतम राशि की बोली लगाने वाले वाहन प्राप्त करने के हकदार होंगे। सफल बोलीकर्त्ता को उच्चतम राशि का 25 % उसी समय जमा करना होगा। शेष राशि वाहन यहाँ से ले जाने के पूर्व जमा करना होगा। वाहन उसी दिन या अगले दिन तक कार्यालय अवधि में अपने व्यय पर ले जाना अनिवार्य होगा। निर्धारित अवधि में वाहन नहीं ले जाने पर उनकी पात्रता समाप्त कर दी जाएगी एवं राशि वापस नहीं की जायगी।

वाहन का विवरण निम्नवत है:-

| क्र0 | वाहन स्थल | वाहन का मॉडल एवं संख्या | वाहन की संख्या | निर्धारित न्यूनतम मूल्य राशि (रू0 में) | उच्चतम राशि का 25 % प्रतिभूति राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जिला उद्योग केन्द्र, लोहरदगा परिसर | महिन्द्रा BEN-2861 | 01 (एक अदद) | 9,000/– (नौ हजार रू0) मात्र | 2250/– (दो हजार दो सौ पच्चास रू0 ) मात्र |

ह0/–
महाप्रबंधक
जिला उद्योग केन्द्र,लोहरदगा।

PR 328320 Lohardaga(24-25)D

# कल से होगा श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ, शिव परिवार की प्रतिमाएं पहुंची


मंदिर के लिए आयी शिव परिवार की प्रतिमाएं उतारते मजदूर।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर (पूर्व नाम बिरला मंदिर, केबुल टाउन) में रविवार को शिव परिवार और मां काली की प्रतिमाएं आ गई हैं। ये प्रतिमाएं कोलकाता के कारीगरों ने बनाई है। इन सभी प्रतिमाओं को मंदिर परिसर में रखा गया है। सात तारीख को इनका प्राण-प्रतिष्ठा होगा। श्री लक्ष्मीनारायण जी की बेहद खूबसूरत प्रतिमा पहले ही मंदिर परिसर में आ चुकी है। इस प्रतिमा को राजस्थान के कारीगरों ने बनाया है।

गौरतलब है कि 3 से 7 जुलाई तक श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में महायज्ञ का आयोजन होना है। इसको लेकर तैयारियां तेजी से चल रही हैं। लोगों के बैठने के लिए बेहतर व्यवस्था की जा रही है। बारिश की संभावना के तहत वाटरप्रूफ पंडाल लगाए जा रहे हैं। यज्ञकुंड बन कर तैयार है। मंदिर परिसर में चारों तरफ हैलोजन लाइटें लगाई गई हैं ताकि कोई असुविधा न हो।

**तैयारियां अंतिम चरण में, सैकड़ों लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है**

**वाटरप्रूफ पंडाल लगाये, दूधिया रौशनी में नहा रहा है मंदिर परिसर**

श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर जीर्णोद्धार समिति के संयोजक श्री सरयू राय ने बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। लोगों के बीच में इस महायज्ञ को लेकर खासा उत्साह है। उन्होंने बताया कि मंदिर के गर्भगृह के परिक्रमा पथ में भगवान श्री विष्णु के दस अवतारों की छवि स्थापित की जाएगी।

दूसरी ओर, मंदिर कमेटी के संयोजक एवं जमशेदपुर पूर्वी के विधायक श्री सरयू राय ने शहर में घूम-घूम कर अपने हाथों से प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण बांट रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने सोमवार की शाम आजाद मार्केट का भ्रमण किया। उन्होंने बाजार की समस्या के बारे में जानकारी ली और निदान का आश्वासन भी दिया। श्री राय ने केबुल टाउन में तीन से सात जुलाई तक होने वाले श्री लक्ष्मीनारायण प्राण प्रतिष्ठा महा?ज्ञ में पधारने हेतु लोगों को आमंत्रण पत्र भी दिया। इस मौके पर विधायक श्री राय के औद्योगिक प्रतिनिधि इंद्रजीत सिंह, टेल्को मंडल के अध्यक्ष महेश तिवारी, विधायक प्रतिनिधि अभय सिंह, राम बिलास सिंह, सुधीर सिंह, मंजू सिंह, विकास गुप्ता, कन्हैया कुमार, मनमीत सिंह, गजेन्द्र कुमार, बाजार समिति के श्रीकांत राय, पवन सिंह, बिजेन्द्र कुमार, सतेंद्र सिंह, मिश्रा जी, बबलू आदि मौजूद रहे।

## स्पीड न्यूज

### शहादतनामा का विमोचन आज

**जमशेदपुर।** मजदूर नेता एवं एक्टिविस्ट जेपी सिंह की नयी पुस्तक शहादतनामा का विमोचन मंगलवार की शाम 5.30 बजे ब्रह्मर्षि भवन, केडी फ्लैट मैदान, कदमा में किया जायेगा। समारोह में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता मुख्य अतिथि होंगे जबकि ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता देश के मुर्धन्य कथाकार जयनंदन मुख्य वक्ता होंगे।

### टाटा मोटर्स यूनियन के महासचिव आरके सिंह का जन्मदिन मनाया गया

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के महामंत्री आरके सिंह के 49वें जन्मदिन पर सोमवार को गणमान्य लोगों का आशीर्वाद देने के उनके आवास पर आना जाना लगा रहा। टाटा मोटर्स के कई विभागों से लोग भी आकर उन्हें बधाई दी।

### करंट लगने से बिजली मिस्त्री की मौत

**गम्हरिया।** विद्युत सब स्टेशन-1 के मिरुडीह बस्ती में सोमवार की दोपहर काम के दौरान सोनू महतो नामक बिजली मिस्री की विद्युत करंट लगने से मौत हो गयी। विभागीय पदाधिकारियों द्वारा करंट लगने के बाद टीएमएच ले जाया गया, जहां जांचोपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोनू की मौत की सूचना मिलते ही उसके परिजन टीएमएच पहुंचे। परिजनों ने विद्युत विभाग से 25 लाख रुपये बतौर मुआवजा देने की मांग की है।

### स्वास्थ्य शिविर में 150 लोगों की हुई जांच

**चांडिल।** चांडिल पंचायत कार्यालय में टी एंड बी अस्पताल कपाली के सौजन्य से स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। जिसमें करीब डेढ़ सौ लोगों की स्वास्थ्य जांच की गयी। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ आर परविन एवं जनरल फिजिशियन डॉ यमुना प्रसाद ने लोगों की स्वास्थ्य जांच की तथा निशुल्क दवा दी गयी। टी एंड बी अस्पताल के ऑनर तौकीर आलम ने कहा कि हमारे इस अस्पताल में सेवा भाव से बहुत ही कम खर्च में उपचार किया जाता है। मौके पर मनोहर सिंह सरदार, रजिया सुल्तान, मेहताब आलम, फहिम खान, मुस्ताक उर्फ मुससु, समिर अख्तर अंसारी, बिपोदर प्रामाणिक सहित कई लोग उपस्थित थे।

### कांड्रा में जेबीकेएसएस का मिलन समारोह संपन्न

**गम्हरिया।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की ओर से कांड्रा स्थित पाउड़ी स्थान में कोल्हान स्तरीय कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन जेबीकेएसएस नेता राहुलदेव महतो एवं आस्तिक महतो के नेतृत्व में किया गया। समारोह में राज्य की सत्ता में बदलाव लाने पर जोर दिया गया। मौके पर विस्थापन नीति समेत किसान, श्रमिक, बेरोजगारी, शिक्षण नीति आदि पर चर्चा करते हुए एकताबद्ध होकर जेबीकेएसएस को सशक्त बनाए जाने पर बल दिया गया।

### उन्नति फेस्टिवल मेला शुरू, समापन कल

**जमशेदपुर।** लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देने और महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा तीन दिवसीय उन्नति फेस्टिवल मेला (प्रदर्शनी सह बिक्री) का शुभारंभ सोमवार को तुलसी भवन बिष्टुपुर में किया गया। यह उन्नति फेस्टिवल मेला सुबह 10 से रात 9 बजे तक बुधवार 03 जुलाई तक चलेगा। अतिथियों द्वारा मेला का उद्घाटन फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

### श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में वन महोत्सव मना

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में सोमवार को वन महोत्सव सप्ताह का प्रारंभ हुआ। प्रार्थना सभा में छात्रों ने वन महोत्सव से संबंधित स्लोगन के तख्ते, पर्यावरण संबंधी चित्र एवं भाषण की प्रस्तुति दी। विद्यालय ने छात्रों के बीच वन महोत्सव से संबंधित कई प्रतियोगिताएं रखी। कक्षा प्रथम एवं द्वितीय के छात्रों के लिए चित्रकला तृतीय एवं चतुर्थ कक्षाओं के लिए स्लोगन लेख एवं चित्रकारी रखा गये। छात्रों ने बढ़-चढ़कर प्रतियोगिता में भाग लिया। प्राचार्य संजय सिंह ने वन महोत्सव के विषय में विस्तार से बताया।

## कुमडीह में सीएम ने किया अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू की प्रतिमा का अनावरण, बोले

# जंगलों-पहाड़ों और दूरदराज के इलाकों तक पहुंच रही राज्य सरकार की योजनाएं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**सरायकेला।** झारखंड वीरों और अमर शहीदों की धरती है। राज्य का कोई ऐसा कोना नहीं है जहां से अन्याय, शोषण और अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह ना हुआ हो। संताल में सिदो-कान्हू के नेतृत्व में आदिवासियों ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ बिगुल फूंका था तो भगवान बिरसा मुंडा के नेतृत्व में उलगुलान और कोल विद्रोह ने अंग्रेजों की जड़े दिला थी। इसी तरह और भी कई आंदोलन हुए, जिसमें यहां के अनेकों वीरों ने अपनी शहादत दे दी थी। आज हूल दिवस पर हम अपने इन महानायकों और वीर शहीदों के संघर्ष को याद कर उन्हें नमन करते हैं।

मुख्यमंत्री सोमवार को सरायकेला - खरसावां जिले के कुमडीह और राजनगर में हूल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने अमर वीर शहीद सिदो कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता के हित में राज्य सरकार कई नई योजनाओं को लेकर आ रही है । आने वाले 1 से 2 महीने में इन योजनाओं के माध्यम से यहां की लोगों को हम सशक्त बनायेंगे। सीएम ने कहा कि अब राज्य के लोगों को 200 यूनिट बिजली मुफ्त में मिलेगी तो 25 से 50 वर्ष तक की बहन-बेटियों को आर्थिक सहायता देने जा रही है। स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत राशन कार्डधारियों को 15 लाख तक के इलाज का खर्च सरकार वहन करेगी।


कुलडीहा में अमर शहीद सिदो-कान्हू की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद नमन करते मुख्यमंत्री चंपई सोरेन।

**जो हम कहते हैं उसे करके दिखाते हैं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हम जो कहते हैं, उसे करके दिखाते हैं। हमारी योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। आज जंगलों -पहाड़ों और दूर दराज के इलाकों में रहने वाले समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार समेत सभी क्षेत्र के लिए सरकार योजनाएं लेकर आई है । आप इन योजनाओं का लाभ लें और राज्य को आगे बढ़ाने में अपनी भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में विपरीत और कठिन चुनौतियों के बीच हमारी सरकार ने विकास के जो कार्य किए हैं, वह इस राज्य के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा है।

**जल -जंगल- जमीन के साथ अपनी कला संस्कृति, परंपरा और भाषा को बचाना है, आगे ले जाना है :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जल- जंगल - जमीन की खातिर लंबी लड़ाई लड़ी थी। इसी वजह से अंग्रेजों को सीएनटी और एसपीटी एक्ट लाना पड़ा था। आज एक बार फिर जल- जंगल- जमीन के साथ यहां की कला- संस्कृति, भाषा और परंपरा को मिटाने की साजिश रची जा रही है। यह हमारी पहचान है।

## विद्या भारती चिन्मया, टेल्को के छात्रों ने चिकित्सकों के प्रति जतायी कृतज्ञता

■ डॉक्टर्स डे पर छात्र-छात्राओं ने टाटा मोटर्स अस्पताल और टाटा मणिपाल मेडिकल कॉलेज का किया दौरा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। टेल्को स्थित विद्या भारती चिन्मय विद्यालय ने राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस के विशिष्ट अवसर पर समाज के चिकित्सक समुदाय के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए दिवस विशेष को रेखांकित किया।

विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव विष्णु चंद्र दीक्षित के दिशा निर्देश से 12वीं के छात्रों ने टाटा मोटर्स अस्पताल और टाटा मणिपाल कॉलेज का दौरा किया।

छात्रों ने डॉक्टर्स की प्रशंसा की औपचारिक अभिव्यक्ति के लिए एक स्तुति पत्र पढ़ा और एक गीत प्रस्तुत किया। उन्होंने सांकेतिक उपहार भी दिये।



विद्यालय प्राचार्या मीना विल्खू ने दिवस विशेष पर हमारे स्वास्थ्य रक्षकों के समर्पण भाव एवं प्रेरणात्मक व्यवहार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों में उनके अपेक्षित गुणों के समावेश की अनिवार्यता जतायी।

## झारखंड की सोरेन सरकार क्षेत्रीय भाषा के साथ कर रही है भेदभाव : लक्ष्मण टुडू

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**घाटशिला/जमशेदपुर।** आदिवासी हो समाज महासभा अनुमंडल समिति के नेतृत्व में एवं घाटशिला के पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू के मुख्य उपस्थिति में पूर्वी सिंहभूम जिलों में जनजाति एवं क्षेत्रीय भाषावार शिक्षक नियुक्ति में त्रुटि के संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी के अनुपस्थिति में कार्यालय अधीक्षक डोमन मरांडी को ज्ञापन सौंपा गया।

लक्ष्मण ने कहा क्षेत्रीय भाषा के लिए शिक्षकों के नियुक्ति की प्रकिया और संख्या दोनो के माध्यम से जनजातीय समाज के साथ भद्दा मजाक करने का काम किया है।


मांग पत्र सौंपते लक्ष्मण टुडू व साथी।

पूर्वी सिंहभूम जैसे बड़े जिले में मुंडा समाज के लिए सिर्फ 1 शिक्षक संथाल समाज के लिए 11 शिक्षक क्या पूरे जिले को ये शिक्षकों की ये संख्या पढ़ा पाएगी ? जहां एक ओर 10 बच्चों पर एक शिक्षक देने का प्रावधान है वहां राज्य सरकार नोट और वोट के लिए इस तरह का घिनौना कृत्य कर रही है। हम सब इस कृत्य का घोर निंदा करते है। मौके पर मानकी, मुंडा संघ के जिलाध्यक्ष रोशन पूर्ति, जिला पार्षद सुभाष सिंह, जिला पार्षद देवयानी मुर्मू, प्रखंड प्रमुख रामदेव हेंब्रम, पूर्व पार्षद सुखलाल हेंब्रम, पूर्व प्रमुख श्रुति देवगम, पूर्व प्रमुख हीरामणि मुर्मू, पूर्व पंसस बुद्धेश्वर मार्डी, गीता मुर्मू आदि भी थे।

## जमशेदपुर एफसी में मणिपुरी स्नाइपर सेमिनलेन डोंगेल की यात्रा जारी रहेगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मणिपुर के सेमिनलेन डोंगेल का (जिन्हें प्यार से लेन के नाम से जाना जाता है) इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के 2024-25 सीजन के अंत तक क्लब ने कार्यकाल बढ़ा दिया था। पिछले सीजन में प्रदर्शन के आधार पर उनका कार्यकाल बढ़ाया गया है। लेन डोंगेल एक कुशल, मजबूत और बहुमुखी खिलाड़ी हैं, जो पिछले चार सीजन से जमशेदपुर एफसी की टीम का अहम हिस्सा रहे हैं। आईएसएल शील्ड जीतने वाले अभियान में मणिपुरी खिलाड़ी की अहम भूमिका रही। मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह उनकी प्रतिबद्धता खालिद के लिए एक बड़ी ताकत है, इसके अलावा वे अलग अलग पोजीशन पर खेलने में भी माहिर हैं। उनके कौशल और ताकत उन्हें एक बेहतरीन खिलाड़ी बनाती है और आने वाले साल में उनके प्रदर्शन से और भी बहुत कुछ योगदान मिलने वाला है। 30 वर्षीय विंगर ने खालिद जमील की अगुवाई वाली टीम के साथ अपने कार्यकाल को बढ़ाने पर खुशी जाहिर की और कहा, पिछले दो सीजन से मेरा काम अधूरा है और हमें क्लब को आईएसएल तालिका में शीर्ष पर वापस लाना है।



## सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र में अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा करेगी भाजपाः गीता कोड़ा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**चाईबासा/ जमशेदपुर।** भाजपा जिला कार्यालय में सोमवार को पश्चिम सिंहभूम जिलाध्यक्ष संजय पांडे की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमे उन्होंने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी,झारखंड राज्य के सभी 14 लोकसभा सीटों में अभिनंदन सह बिजय संकल्प सभा करेगी, जिसके लिए सिंहभूम लोकसभा में प्रत्याशी रही पूर्व सांसद गीता कोड़ा को कोल्हान संयोजक और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिनेश कुमार को कोल्हान सह संयोजक बनाया गया है। गीता कोड़ा ने कहा कि पार्टी ने तय किया है कि सिंहभूम लोकसभा अन्तर्गत सभी 6 विधसनसभा में 7 से 15 जुलाई तक अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा किया जायेगा, जिसमें प्रत्येक मंडल के सबसे ज्यादा बढ़त लिये 7 बूथों के बूथ अध्यक्ष, संयोजक, प्रभारी के साथ विधानसभाओं में सबसे ज्यादा बढ़त लिये 7 बूथों के अध्यक्षों को सम्मानित किया जायेगा।




## टाटा स्टील ने की वार्षिक एथिक्स माह समारोह की शुरुआत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने सोमवार को अपने वार्षिक एथिक्स माह समारोह की शुरूआत की। एथिक्स माह की शुरूआत टाटा स्टील के सीईओ तथा प्रबंध निदेशक टी वी नरेंद्रन ने की, जिन्होंने सीईओ और एमडी ऑनलाइन के दौरान एथिक्स की शपथ पढ़ी और नैतिक अभ्यासों के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

इस वर्ष के एथिक्स माह की थीम नैतिक संस्कृति एक सतत भविष्य का निर्माण करती है है। यह थीम टाटा स्टील के एक मजबूत नैतिक संस्कृति को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करती है जो कंपनी की दीर्घकालिक सस्टेनेबिलिटी का समर्थन करती है।




पूरे जुलाई महीने के दौरान, टाटा स्टील अपने कर्मचारियों को जोड़ने और नैतिक अभ्यासों के महत्व को सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों का आयोजन करेगी। इनमें फोटोग्राफी प्रतियोगिता, वीडियो बनाने की प्रतियोगिता, क्विज, पोल और एक पॉडकास्ट श्रृंखला शामिल है। इसके अलावा, विभिन्न डिवीजनों में पैनल परिचर्चा, राउंड टेबल, वैल्यू चेन पार्टनर्स के साथ बिजनेस एसोसिएट मीटिंग, नुक्कड़ नाटक, रंगोली प्रतियोगिता और वाद-विवाद का आयोजन करना शामिल है।

टाटा स्टील में अपनी स्थापना के बाद से ही नैतिक अभ्यासों को बरकरार रखने की एक दीर्घकालिक परंपरा रही है। 1998 में, कंपनी ने टाटा आचार संहिता (टीसीओसी) पेश की, जो कंपनी, उसके कर्मचारियों और बिजनेस पार्टनर्स से अपेक्षित व्यवहार के मानक को रेखांकित करती है। सभी कर्मचारियों और बिजनेस पार्टनर्स के लिए कंपनी में शामिल होने से पहले टीसीओसी अनुपालन दस्तावेज पर हस्ताक्षर करना आवश्यक है।

## एक नजर में

### भाजपा के दबाव में इडी ने हेमंत को फंसायाः मंगल



**जमशेदपुर।** हेमंत सोरेन को जमानत मिलने की खुशी में स्टेशन चौक से जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र के बाटा चौक तक झामुमो कार्यकर्ताओं ने विधायक मंगल कालिंदी के नेतृत्व में राहगीरों के बीच लड्डू बांट कर खुशी मनायी। विधायक ने कहा कि हेमंत सोरेन लगातार विकास कार्य कर रहे थे और राज्य वासियों के लिए विभिन्न योजनाएं ला रहे थे। जिससे घबराकर उनको केंद्र की भाजपा सरकार ने षड्यंत्र के तहत बिना किसी सबूत के मुकदमा कर जेल भेजा था। हाइकोर्ट ने उन्हें जमानत देकर दूध का दूध व पानी का पानी कर दिया। मौके पर रंजीत साव, मानिक मलिक, मो जमील, समसाद, मुकेश शर्मा, शमशेर आलम, मोनू तिवारी, नरेश लाल, सोनू सिंह आदि थे।

### डॉ अजय कुमार ने डॉ सिद्धू को किया सम्मानित



**जमशेदपुर।** वर्ल्ड डॉक्टर्स डे पर पूर्व सांसद सह कांग्रेस पार्टी के वर्किंग कमेटी के सदस्य डॉ अजय कुमार ने सोमवार को शहर के नामचीन बुजुर्ग डॉ कृपाल सिंह सिद्धू को उनके सोनारी स्थित आवास पर अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। डॉ अजय ने कहा कि वर्तमान समय जब ईलाज काफी महंगा हो गया है। ऐसे समय में डॉ सिद्धू इतने कम फीस में लोगों की सेवा कर रहे हैं। मौके पर रविंद्र झा उर्फ नट्टू झा, धर्मेंद्र सोनकर, बबलू झा, अभिजीत व अन्य भी थे।

### सदर हॉस्पिटल की डॉ प्रीति पांडेय की गयीं सम्मानित



**जमशेदपुर।** डॉक्टर्स डे पर पंसस सुनील गुप्ता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल सदर अस्पताल के नाक कान गला की विशेषज्ञ डॉ प्रीति पांडेय से मिलकर पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया। पंसस ने कहा कि डॉक्टर भगवान के दूसरे रूप में अपने मरीज को जान बचाने का भरपूर प्रयास करते हैं। ऐसे में इनकी हर पल सहयोग समर्थन करने की आवश्यकता है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, पूर्व वार्ड सदस्य संगीता देवी, समाजसेवी चंदन कुमार सिंह, सूरज, आकाश उपस्थित थे।

### जन सेवा संघ ट्रस्ट को गौ सेवा व रक्तदान के लिए धनबाद में दिया गया सम्मान



**जमशेदपुर।** वर्ल्ड डॉक्टर डे पर रोटी बैंक यूथ क्लब, धनबाद और युवा रक्तवीर सेवा, धनबाद के द्वारा रक्तदान शिविर सह सम्मान समारोह का आयोजन धनबाद शहर के गोमोह में किया गया। इस समारोह में गौ सेवा और रक्तदान के क्षेत्र में सक्रिय जमशेदपुर के युवाओं की संस्था जन सेवा संघ ट्रस्ट के सूरज कुमार एंड टीम को को लोकसभा इलेक्शन कमीशन ब्रांड अंबेसडर सुनीता किन्नर ने सम्मानित किया। टीम के अभिषेक कुमार ने बताया कि जन सेवा ट्रस्ट पिछले आठ वर्षों से गौ सेवा के साथ रक्तदान शिविर, अन्य सामाजिक कार्य करते आ रही है।

### भामसं की जिला कार्य समिति की बैठक मुसाबनी में संपन्न



**जमशेदपुर।** गत रविवार 30 जून को भारतीय मजदूर संघ पूर्वी सिंहभूम जिला की कार्य समिति बैठक पूर्व निर्धारित सूचनानुसार बी ब्लाक मुसाबनी-2 में प्रदेश अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ झारखंड प्रदेश श्री बलिराम यादव एवं विभाग प्रमुख जमशेदपुर अभिमन्यु सिंह की उपस्थिति में हुई जिसकी अध्यक्षता जिला कार्यकारी अध्यक्ष यादवेन्द्र शुक्ला एवं संचालन जिला मंत्री अमरेंद्र कुमार सिंह ने की। बैठक में संघ के प्राधिकारी भावेश दास का मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ बैठक में मुख्य विषय जिला के अंतर्गत असंगठित क्षेत्र जैसे आटो रिक्सा,पेट्रोल पंप कर्मचारी, रेलवे में ठेका सफाई कर्मचारी, घरेलू कामगार महिला इत्यादि मजदूरों की समस्याओ पर चर्चा की गई और प्रखंड स्तर पर घरेलू कामगार महिला मजदूर संघ मुसाबनी कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष देवी सिंह और सचिव रीता देवी को जिम्मेदारी सौंपी गयी। बैठक में सामाजिक समरसता आयाम प्रमुख राजकुमार भगत, जिला सह मंत्री उपेंद्र सिंह, जिला संगठन मंत्री वीर बहादुर सिंह, जिला कार्य समिति सदस्य संजय गोप, गुलू पातर, कमला देवी, मीना बेहरा, रगो नायक, सोमवारी बेहरा, शबनम बीवी बबली सिंह गीता सिंह एवं अन्य सदस्य उपस्थित हुए।

### हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ पर निकली कलश यात्रा में शामिल हुए विधायक मंगल कालिंदी



**जमशेदपुर।** बावनगोड़ा के श्री हनुमान मंदिर में श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के लिए दोमुहानी से बावनगोड़ा तक कलश यात्रा निकाली गयी, जिसमें जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। कलश यात्रा बावनगोड़ा हनुमान मंदिर में सात दिवसीय हनुमान प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान कार्यक्रम के लिए आयोजित की गयी थी। प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के लिए अयोध्या से पंडितों को बुलाया गया है। कलश यात्रा में 300 महिलाएं उपस्थित थी। मौके पर जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, पूर्व जिप उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, जय किसान, अशोक सिन्हा, कृष्णा, दिलीप सिंह, आकाश पाठक आदि भी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### पंचमुखी मंदिर प्रांगण में हुई शिव चर्चा भाजपा नेता डॉ ईश्वर सागर भी शामिल



**विश्रामपुर (पलामू)।** ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर प्रांगण में सोमवार को शिव परिवार ने शिव चर्चा की। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी थे। इससे पहले शिव भक्तों ने मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। इसके बाद शिव के भजन-कीर्तन के साथ शिव चर्चा शुरू हुई। भक्तों ने कहा कि शिव परिवार का तीन मूल मंत्र है। पहला दया, दूसरा चर्चा व तीसरा ओम नम: शिवाय को प्रणाम संस्कृति से जोड़ना है। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि शिव गुरु थे गुरु है और गुरु रहेंगे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, एस मेहता, सुरेंद्र भारती, महेश कुमार, अरुण यादव, शशि देवी, रानी कुमारी मौजूद थे।

### प्रसिद्ध भोजपुरी व्यास कैलाश दुबे का निधन, कई लोगों ने किया शोक व्यक्त

**विश्रामपुर (पलामू)।** प्रसिद्ध भोजपुरी व्यास सह सेवानिवृत रेलकर्मी कैलाश दुबे का निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। रविवार को उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गयी। उन्हें गढ़वा परमेश्वरी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। सोमवार को गौरा गांव के श्मशान घाट पर उनका दाह संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके नाती मृत्युंजय दुबे ने दी। स्व दुबे पत्रकार ब्रजेश दुबे के चाचा थे। दाह संस्कार में युवा भाजपा नेता मनीष कुमार, दिनेश दुबे, पूर्व उप मुखिया गोपाल सिंह,संजय उपाध्याय, मोहन उपाध्याय, कमलेश उपाध्याय शामिल हुए। उनके निधन पर पलामू सांसद बीडी राम, पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, अमृत शुक्ला, विजय रविदास, अनुज पांडेय, राजन पांडेय, संतोष चौबे, अजय दुबे आदि ने गहरा शोक जताया।

### पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झूठ की राजनीति से फंसाया गया : अशोक



**पाटन पलामू।** छतरपुर पाटन विधानसभा के मुरुम दाग पंचायत में पंचायत यात्रा निकाली गयी। कार्यक्रम की अगुवाई दलित कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पासवान ने की। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा झूठ की राजनीति करने में लगी हुई है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री को झूठ की राजनीति के तहत फंसाया गया, लेकिन झूठ को दरकिनार कर हाईकोर्ट ने हेमंत सोरेन को इंसाफ दिया। मौके मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल सिंह, संजय पासवान, सुनील राम, अमलेश शर्मा, अवधेश चुनाव, छोटू यादव, अशोक यादव थे।

### हर्ष... मुख्य नहर से पानी छोड़ा गया



**मोहम्मदगंज पलामू।** उतर कोयल भीम बराज में पौंड लेवल मेंटन के बाद रविवार को दायीं मुख्य नहर में 497 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। उसके बाद स्तर को और कम कर दिया गया है। यह जानकारी ब्रज प्रमंडल के कनीय अभियंता बिनोद कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि बराज में 2.3 मीटर जल संग्रहन की क्षमता है, वर्तमान में 2.20 मीटर पौंड लेवल जलस्तर है। दायीं सिंचाई मुख्य नहर में पानी छोड़ने की कुल क्षमता 2970 क्यूसेक है। नदी के डाउन स्ट्रीम के सभी गेट बंद हैं। वर्तमान में जितना पानी छोड़ा गया है, वह पर्याप्त नहीं है।

### तरहसी में लगा दिव्यांगों के लिए शिविर



**तरहसी पलामू।** समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत समावेशी शिक्षा के तहत 06 से 18 वर्ष तक के अध्यनरत दिव्यांग बच्चों का प्रखंड संसाधन केंद्र में जांच सह उपकरण वितरण शिविर लगाया गया। जिसमें पहले से चरित आठ बच्चों को उपकरण दिये गये। मौके पर उपस्थित 70 बच्चों की जांच की गयी, जिसमें 25 बच्चे उपकरण हेतु चुने गये। सभी चयनित बच्चों को 2025 में सहायक उपकरण दिये जायेंगे। कैंप में अलिमको भुवनेश्वर के विशेषज्ञ दीपक मंडल, ज्ञानेंद्र सिंह, अमर बहादुर, अरुण यादव, आकाश सैनी, जिला समावेशी शिक्षा प्रभारी राजीव चौबे उपस्थित थे।

### शिव शिष्य इकाई ने किया पौधरोपण



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड में सोमवार को पूर्णाडीह पंचायत के गांव मुंदरिया, चिरैयाटांड़ उलहुड़िया में शिव शिष्य इकाई ने पौधरोपण किया। मौके पर लाला यादव ने अपनी मां ननहकलिया देवी एवं पिता नन्हकू यादव के नाम दो पौधे लगाये। कहा कि सभी लोग अपने जन्मदिन पर या किसी भी शुभ कार्यक्रम पर एक पौधा जरूर लगायें। मौके पर धनंजय राय, रवि शमी, श्रीराम सिंह, मेघा सिंह, कमलदेव सिंह, मुखिया गुड्डी देवी, पंसस बबनदेव सिंह, वार्ड सदस्य मिन यादव, मुकेश सिंह, धनी सिंह, पावती देवी ने भी भाग लिये।

### पांकी के केकरगढ़ पंचायत के चार गांव के ग्रामीणों ने की बैठक



**पांकी पलामू।** प्रखंड के केकरगढ़ पंचायत के जांजू, पोरसम, ठेकही एवं जोतांग के सैकड़ों ग्रामीण सोमवार की दोपहर पांकी बालूमाथ मुख्य पथ के झुमेला महुआ में बैठक कर गांव को केकरगढ़ पंचायत से हटाकर ताल पंचायत में जोड़ने की मांग विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता समेत प्रखंड एवं जिले के अधिकारियों से की है। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत सचिवालय की दूरी करीब 25 से 30 किलोमीटर है।

### सर्पदंश से युवती घायल, स्थिति गंभीर

**चैनपुर (पलामू)।** थाना क्षेत्र के सेमरा निवासी अनवर अंसारी की पुत्री हबीबा खातून (16) को रविवार की रात जहरीला सांप ने डंसकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजन उसे चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आये हैं।

# जैक के तुगलकी फरमान से छात्रों का नामांकन अधर में

- स्थायी मान्यता प्राप्त इंटर कॉलेज की सीट घटाने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल(जैक) ने सत्र 2024-26 में इंटर में नामांकन के लिए सीटों की संख्या के संबंध में निर्देश जारी किया है। निर्धारित सीट से अधिक नामांकन लेने पर संबंधित विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन नहीं हो सकेगा। एक तरफ सरकार शिक्षा अधिकार कानून के तहत सभी को शिक्षित करने का संकल्प जारी करती है और दूसरी तरफ स्थायी मान्यता प्राप्त इंटर कॉलेज में सीटों में मात्र 384 बच्चों का नामांकन कर दिया है। सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या विद्यार्थी मैट्रिक के बाद अब सीमित संख्या में ही आगे की पढ़ाई करेंगे। जैक के इस तुगलकी फरमान से विद्यार्थियों के साथ ही अभिभावक भी परेशान हैं। सरकार विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। जैक ने स्पष्ट कहा है कि पूर्व के सत्र में किसी भी रूप में दिये गये निर्धारित सीट से अधिक नामांकन संबंधी आदेश / सीट वृद्धि आदेश को विलोपित किया जाता है। अंगीभूत व डिग्री संबद्ध कॉलेजों में सत्रवार नामांकन प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से कम करना होगा।

# डॉक्टर्स भगवान के रूप : अरुणा शंकर

## डॉक्टर्स डे : डॉक्टरों को सम्मानित कर गौरवान्वित महसूस कर रहीं प्रथम महापौर

**खबर मन्त्र संवाददाता**









**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने डॉक्टर्स डे के अवसर पर शहर के वरिष्ठ डॉक्टर आर आरपी सिन्हा, डॉ अरुण शुक्ला, डॉ विश्वनाथ ओझा, डॉ विजय सिंह, डॉ आर एन सिंह, डॉ उर्मिला श्रीवास्तव, डॉ एस एस होरो, डॉ राहुल अग्रवाल, डॉ नेहा अग्रवाल, डॉ प्रसून कुमार डॉ अनवर निजाम, डॉ राहत निजाम, डॉ स्नेह लता त्रिपाठी एवं कई अन्य डॉक्टर्स को क्लीनिक में जाकर बुके देकर अभिवादन किया। श्रीमती शंकर ने कहा कि डॉक्टर्स भगवान के रूप होते हैं वह जहां हमारी जान बचाने के लिए प्रतिबद्ध होते हैं वही हमें स्वस्थ रखने में सहयोगी भी हैं। प्रथम महापौर ने कहा कि खासकर मेदिनीनगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में सेवा दे रहे डॉक्टरो को नमन करती हूँ जो इतनी महंगी पढ़ाई पढ़ने के बाद चाहते तो बड़े शहरों में रहकर यहां से ज्यादा ख्याति पा सकते थे लेकिन आज हम सबों के बीच मेट्रोपॉलिटन की जिंदगी छोड़कर हमारे शहर में अपनी सेवा दे रहे हैं जो हम सबों के लिए सौभाग्य की बात है । मैं महिला गायनो डॉक्टर्स को विशेष अभिनंदन करती हूं जिनके कुशल प्रयास से हम संसार में सेफ्ली आते और जिनका दर्शन संसार में आते के साथ मां से पहले होता हैं। उन्होंने कहा कि मैं आज डॉक्टर्स डे मैं प्रमंडल के सभी डॉक्टरों का तहे दिल से अभिनंदन करती हूं और उन्हें सम्मानित कर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रही हूं।



पलामू सांसद बीडी राम ने संसद में उठाया पलामू-गढ़वा में सोलर पार्क नहीं बनने का मामला

# 20-20 मेगावाट की स्वीकृत योजना पर नहीं शुरू हुआ काम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



संसद में अपनी बात रखते पलामू सांसद बीडी राम।

**खास बातें :** आज करीब दो वर्ष पूर्व केन्द्र सरकार के ऊर्जा मंत्रालय ने पलामू एवं गढ़वा जिला में 20-20 मेगावाट का सोलर पार्क बनाने की स्वीकृति प्रदान की थी और उसके लिए 100-100 एकड़ भूमि की आवश्कता बतलायी थी परंतु जिला प्रषासन ने जिस भूमि को चिन्हित किया वह जंगल-झाड़ वाली भूमि निकल गयी। परिणामस्वरूप सोलर पार्क बनाने की योजना अधर में लटक कर रह गयी है। सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से केन्द्र सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से अनुरोध है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश को संषोधित करने के लिए भारत सरकार पुनर्विचार याचिका दाखिल करने पर विचार करें या वन अधिनियम 1980 के प्रावधानों में परिवर्तन कर ऐसी जमीन जिसकी प्रकृति बदल गयी है उसे जंगल झाड़ की परिधि से बाहर निकाल दें। इस बीच राज्य सरकार को यह एडवाइजरी निर्गत किया जाय कि वही फोरेस्ट क्लियरेंस की सारी प्रक्रिया पूरी कर 100-100 एकड़ पलामू जिला एवं गढ़वा जिला में उपलब्ध करायें ताकि वहां पर सोलर स्थापित हो सके। उक्त जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नियम 377 के तहत झारखंड राज्य में विकास कार्यो के लिए भूमि उपलब्ध नहीं होने से केंद्र सरकार द्वारा दो वर्ष पहले पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दोनों जिला पलामू एवं गढ़वा में 20-20 मेगावाट का सोलर पार्क बनाने की स्वीकृत योजना का निर्माण नही होने से संबंधित अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया। सांसद श्री राम ने कहा कि झारखंड का 33 प्रतिशत भू-भाग वनों से अच्छादित है। फलस्वरूप विकास कार्यो के लिए भूमि की उपलब्धता नगण्य है। अधिकांश भूमि 1930 के सर्वे के अनुसार जंगल या झाड़ी के रूप में चिन्हित हैं। 100 वर्ष पूर्व के सर्वे के आधार पर वह भूमि आज भी जंगल-झाड़ से अच्छादित दिखाई जा रही है परन्तु उक्त जमीन पर वर्तमान में एक भी पेड़ नहीं है। विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए वैसी भूमि के लिए भी फोरेस्ट क्लियरेंस की सारी प्रक्रिया अपनानी होती है।

पलामू क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का शानदार समापन

# खेल से मानसिक विकृतियां दूर होती हैं: डीआइजी वाईएस रमेश

- तीन दिवसीय खेलकूद में पलामू ओवरऑल रहा चैंपियन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस स्टेडियम में क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका समापन सोमवार को पुरस्कार वितरण एवं सम्मानित कर किया गया। यह खेलकूद प्रतियोगिता पलामू, गढ़वा व लातेहार पुलिस के बीच तीन दिवसीय आयोजित किया गया था।

इस मौके पर लंबी कूद, ट्रिपल जंप, डिस थ्रो, जैवलिन थ्रो, शॉट पुट, लंबी दौड़, मैराथन दौड़, रिले रेस, हैमर थ्रो, महिला शॉटपुट, वॉलीबॉल समेत अन्य प्रकार के खेल प्रतियोगिता में तीनों जिले के पुरूष व महिला पुलिसकर्मियों ने भाग लिये। इस प्रतियोगिता में पलामू जिला ओवरऑल चैंपियन रहा। जबकि लातेहार दूसरे स्थान पर व गढ़वा तीसरे स्थान पर रहा।

तीनों जिला के विजेता व उप विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि एवं अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा कप, शिल्ड व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वहीं खेल में भाग लेनेवाले सभी पुलिसकर्मी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

इस खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों को चयनित कर राज्यस्तरीय होनेवाले खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए भेजा जायेगा। पलामू पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने मुख्य अतिथि डीआइजी वाइएस रमेश को प्रतीक चिह्न भेंट किया।

### विक्षिप्त बच्ची को पुलिस ने भेजा सीडब्लूसी



**मोहम्मदगंज पलामू।** मानसिक विक्षिप्त बच्ची को मोहम्मदगंज पुलिस ने सोमवार को सीडब्ल्यूसी भेज दिया है। थाना प्रभारी पंकज तिवारी ने बताया कि रविवार की शाम कादलकुर्मी के ग्रामीणों को रेलवे लाइन और सड़क के पास भटकती एक 8 वर्षीय बच्ची दिखी। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस किशोरी को थाना लायी। नाम-पता जानने की कोशिश की गयी, लेकिन वह कुछ बता नहीं पा रही थी। उसकी फोटो सोशल मीडिया से वायरल कर पता लगाने का भी प्रयास किया गया। लेकिन सफलता हाथ नही लगी। जिसके बाद सोमवार को सीडब्ल्यूसी भेज दिया गया।

### झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे पर खुशी

**नावा बाजार पलामू।** प्रखंड में रविवार को हुई पहली बारिश के बाद किसानों के चेहरे पर खुशी की झलक दिखी। किसानों ने बताया कि बढ़ती गर्मी से हाल बेहाल हो चुका था, लेकिन बारिश से काफी राहत मिली। अगर इसी तरह बारिश होती रही तो जल संकट भी दूर हो जायेगा। किसान अब खरीफ फसल उगाने तथा धान की खेती के लिए बिचड़ा तैयार करने की तैयारी में जुट गये हैं।

### पढ़ाई के साथ खेलकूद भी जरूरी : संग्राम सिंह



**पाटन पलामू।** प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता 2024 -25 का आयोजन प्लस टू हाई स्कूल पाटन के खेल मैदान में किया गया। मौके पर जिला परिषद पाटन संग्राम सिंह, अंचल अधिकारी दीपक मिश्रा केल्हार पंचायत के मुखिया मोहम्मद जैनुल सिद्दीकी , बीससूत्री अध्यक्ष रामा पाण्डेय, प्रधानाध्यापक संतोष कुमार, पाटन के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं अन्य सदस्य खेल प्रतिभागी मौजूद थे। आज का पहला मैच पाटन हाई स्कूल तथा किशनपुर हाई स्कूल के बीच लड़कों का फुटबॉल मैच खेला गया। जिसमें किशनपुर हाई स्कूल के बच्चे विजेता रहे। मौके पर जिला परिषद संग्राम सिंह ने कहा कि खेल से भौतिक शारीरिक और मानसिक सभी तरह का विकास होता है। पढ़ाई के साथ साथ खेल में भी खुद को कंस्ट्रेट करना चाहिए। हमें गर्व होगा जब हमारे क्षेत्र पाटन से निकल कर जिला,राज्य के अलावे देश में बच्चे खेल सके। वैसे खिलाड़ी को हम प्रोत्साहित करते आए हैं। शिक्षा व खेल में सभी को मदद किया जायेगा। पाटन हाई स्कूल मैदान में नौडीहा हाई स्कूल से जितने भी छात्र खेलने आए थे उन्हें खेल बूट उपलब्ध नहीं कराया गया है जबकि सरकार के द्वारा 20000 हजार की राशि पहले ही मुहैया कराया जा चुका है इसके बावजूद बूट क्यों नहीं दिया गया?

# सतबरवा के रैयतों साथ केंद्र सरकार भेदभाव कर रही है : के एन त्रिपाठी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा पलामू।** एनएच 75 में सतबरवा प्रखंड के 20 गांव के रैयतों के साथ केंद्र सरकार फोरलेन सड़क निर्माण करने के नाम पर भेदभाव कर रही है और उन्हें बाजार मूल्य के हिसाब से उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा है इसके लिए पलामू कमिश्नर से लेकर केंद्र और राज्य सरकार के पास मामला को लेकर जायेंगे। उक्त बातें कांग्रेस नेता पूर्व मंत्री कृष्णानंद त्रिपाठी ने सोमवार को सतबरवा में कही।

श्री त्रिपाठी प्रखंड के खामडीह, रजडेरवा, सतबरवा और बकोरिया में रैयत संघर्ष मोर्चा के लोगों के साथ बैठक के दौरान कहा कि कोई भी सरकार लोगों के भावनाओं के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकती है। बसे-बसाए लोगों को उजाड़ने का अधिकार केवल ईश्वर के पास होता है। इन रैयतों को बहुत ही कम राशि मुआवजा के तौर पर फिक्स किया किया गया है। जबकि बाजार मूल्य के अनुरूप इन्हें ज्यादा मुआवजा मिलनी चाहिए।

# सेवानिवृत्ति पर पलामू डीसी के आदेशपाल को दी गयी विदाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** उपायुक्त कार्यालय पलामू के आदेशपाल नंदलाल प्रसाद गुप्ता को उनके सेवानिवृत्ति पर आज विदाई दी गयी। समाहरणालय के सभागार में आयोजित विदाई समारोह में उपायुक्त शशि रंजन ने नंदलाल प्रसाद गुप्ता के उज्जवल भविष्य की कामना की।उनकी सेवानिवृत्ति पर बधाई देते हुए कहा कि श्री गुप्ता ने 16 साल से अधिक ईमानदारी पूर्वक अपने कार्य-दायित्वों का निर्वहन किया। इस दौरान करीब एक वर्ष श्री गुप्ता मेरे साथ कार्य किये। हंसी-खुशी सफर को पूरा किया। लगन और उत्साह के साथ कार्यों को पूरा किया। उन्होंने भरोसा किया किया कि उनके अनुभव का लाभ कार्यालय के अन्य कर्मियों को मिलता रहे।

# लहसुनिया उमवि के विद्यार्थियों के बीच बांटी गयी साइकिल

- शिक्षक विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करें : मुखिया दुलारी देवी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के अंतर्गत सुआ पंचायत के लहसुनिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच साईकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुआ की मुखिया दुलारी देवी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक दीपक नारायण वर्मा, सहायक शिक्षक प्रमोद कुमार मिश्र, सहयोगी शिक्षक मनोज राम, अध्यक्ष सरयू राम, समाजसेवी ललन कुमार चौधरी, गणेश यादव समेत कई लोग शामिल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुआ मुखिया समेत अन्य लोगों ने विद्यार्थियों के बीच साईकिल वितरण कर किया। मौके पर स्कूल के 18 विद्यार्थियों को साइकिल दी गयी। मौके पर सुआ मुखिया ने कहा कि सरकार स्कूल के विद्यार्थियों के लिए कई तरह की सुविधा प्रदान कर रही है।

# एनएच-75 हाइवे के किनारे खड़े व्यक्ति को ट्रेलर ने मारी ठोकर, मौत

- आक्रोशित लोगों ने हाईवे को किया जाम, लगभग तीन घंटा आवागमन रही बाधित
- सड़क के दोनों किनारे लगी वाहनों की लंबी कतार
- विश्रामपुर व नौगढ़ा ओपी घटना स्थल पहुंच लोगों को समझाते हुए रात 10: 50 बजे जाम को हटाये

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर पलामू।** एनएच 75 हाईवे स्थित गांव पिपरा विशाल ढाबा के निकट सड़क दुर्घटना में एक अधेड़ की मौत हो गयी। मृतक का नाम रामजी भुईयां बताया जाता है। स्थानीय लोगों के द्वारा एनएच 75 हाईवे को जाम कर दिया गया था। जिसके कारण सड़क के दोनों किनारे वाहनों की लंबी कतार लगी थी। इधर, घटना की जानकारी मिलते हीं रविवार उच्च विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरव चौबे व नौगढ़ा ओपी अनील यादव घटना स्थल पर पुलिस बल के साथ पहुंचे। जहां मृतक रामजी भुईयां के शव को अपने कब्जे में लेकर लोगों से सड़क पर लगी जाम को हटाने का आग्रह किया गया। लेकिन वे सभी मानने को तैयार नहीं थे। सरकारी योजना के तहत मिलने वाला लाभ सभी पीड़ित परिवार के सदस्यों को दिलाना चाहते थे। जानकारी के अनुसार मृतक रामजी भुईयां एनएच 75 हाईवे सड़क किनारे खड़े थे। इसी बीच पड़वा मोड़ से गढ़वा की ओर जा रही एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े रामजी को ठोकर मार दी।

# भाजपा नेता की पहल पर भीम बराज से उत्तर कोयल नहर में छोड़ा गया पानी, किसानों में हर्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पदाधिकारी से बात करते भाजपा नेता विनोद सिंह व अन्य।

**हुसैनाबाद (पलामू)।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य विनोद कुमार सिंह की पहल पर मोहम्मदगंज स्थित भीम बराज से रविवार को उत्तर कोयल नहर में पानी छोड़ दिया गया है। भाजपा नेता श्री सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कार्यपालक अभियंता से सार्थक बातचीत के बाद उत्तर कोयल मुख्य नहर में पानी छोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि आद्रा नक्षत्र में भी बारिश नहीं होने के कारण किसान अबतक धान का बिचड़ा नहीं लगा सके हैं।

भाजपा नेता ने कहा कि नहर में पानी आने से कम से कम नहर कमान क्षेत्र के किसान धान का बिचड़ा लगा सकेंगे और पम्प के सहारे लगाये गये बिचड़े को सूखने से बचा पाने में सफल होंगे। श्री सिंह ने कहा कि रविवार को बराज के राईट साईड का गेट ऑन कर उत्तर कोयल नहर में पांच सौ क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। दो-तीन दिनों के बाद पानी की मात्रा और बढ़ायी जायेगी। नहर का पानी अभी पंसा होते हुए सोमवार तक हुसैनाबाद प्रखंड में प्रवेश कर जायेगा।

**...और क्या बोले भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह**

श्री सिंह ने कहा कि सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि फिलहाल बराज में प्रर्याप्त पानी का स्टॉक जमा हो चुका है। कोयल नहर में पानी छोड़े जाने से पहले मेकेनिकल विभाग ने बराज के सभी सिस्टम को पूर्ण कर दिया है। अब किसानों के लिए पानी की आपूर्ति निर्बाध गति से होगी। भाजपा नेता विनोद सिंह की उक्त महत्वपूर्ण पहल पर किसानों में हर्ष का माहौल है।

# 14 वर्ष के बालक वर्ग में दरुआ मवि फुटबॉल टीम बनी विजेता

### प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल कप

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मैच जीतने के बाद जश्न मनाते किशोर।

**सतबरवा पलामू।** कसियाडीह मध्य विद्यालय के मैदान में सोमवार को प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल कप टूर्नामेंट के तहत बालक वर्ग के 14 वर्ष में दरुआ मध्य विद्यालय की टीम ने रोमांचक मुकाबले में कसियाडीह मध्य विद्यालय के टीम को पेनाल्टी शूटआउट में 2-1 से विजयी रही।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनुज ठाकुर ने बताया कि दरूआ विद्यालय की टीम मंगलवार को जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल कप टूनामेंट में भाग लेगी। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि छात्रों ने अपने सुझबुझ के साथ शानदार खेल खेला और विजेता बनी। अंडर 17 बालिका वर्ग के मैच में अपग्रेड उच्च विद्यालय रेवारातू की टीम ने प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय कसियाडीह को पराजित किया। वहीं दूसरी ओर 17 बालक वर्ग के खेले गए फुटबॉल टूनामेंट के रोमांचक मुकाबले में प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय कसियाडीह ने रेवारातू को पराजित कर कप पर कब्जा जमाया। मौके पर कसियाडीह मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक गोविंद प्रसाद, प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष मिश्रा समेत सैकड़ो दर्शक मौजूद थे।

## गोड्डा : पथ निर्माण, जलसंसाधन व भवन निर्माण कार्यो की मंत्री ने की समीक्षा

# महगामा में 300 बेड के अस्पताल का निर्माण जल्द होगा : बसंत सोरेन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**दुमका।** समाहरणालय सभागार में राज्य के पथ निर्माण, जलसंसाधन व भवन निर्माण मंत्री बसंत सोरेन की अध्यक्षता में प्रमंडलीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मंत्री सोरेन ने भवन निर्माण विभाग अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं की जानकारी ली। भवन निर्माण की समीक्षा करते हुए संताल परगना के सभी जिलों के कार्यपालक अभियंता से जिलावार क्रियान्वित योजनाओं की जानकारी ली। जिसमें सबसे महत्वपूर्ण देवघर जिले में निर्माण हो रहे नए समाहरणालय भवन एवं जामताड़ा जिले के नए अनुमंडल कार्यालय निर्माण कार्य था। संबंधित अधिकारी ने बताया कि देवघर समाहरणालय भवन का 80 कार्य पूर्ण हो गया है। जिसपर माननीय मंत्री ने सितंबर 2024 तक 100 कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। जामताड़ा के अनुमंडल कार्यालय का निर्माण कार्य अभी 30 ही हुआ है। जिस पर मंत्री ने फरवरी 2025 तक 100 कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। भवन निर्माण विभाग अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023- 24 में प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त दुमका जिले के 5, देवघर के 1, जामताड़ा के 1, पाकुड़ के 1, गोड्डा के 5 योजनाओं की समीक्षा करते हुए मंत्री ने तय समय पर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया है। आगामी 45 दिनों की कार्य योजना के तहत जिलों के विभिन्न भवनों में मरम्मत्ती कार्य किया जाना है। जिसकी तैयारी से संबंधित निर्देश विभागीय पदाधिकारियों को दिया गया। राज्य भवन निर्माण लिमिटेड के अंतर्गत स्वास्थ्य,चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की संथाल परगना प्रमंडल में संचालित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग के लिए 2 मेडिकल कॉलेज व हॉस्पिटल निर्माण किया जा रहा है। जिसमे फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 500 बेडेड अस्पताल का कार्य 85 पूर्ण हुआ है। मंत्री ने कहा यह बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है। इसे प्राथमिकता देते हुए जल्द से जल्द पूर्ण करे और गोड्डा के महगामा में 300 बेडेड अस्पताल का निर्माण किया जाना है। जिसकी सारी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए जल्द निर्माण प्रारंभ करने का निर्देश दिया। गोड्डा जिले के सदर अस्पताल में बन रहे डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेंटर के निर्माण कार्य में बताया गया कि इस योजना का 68 कार्य पूर्ण हो चुका है। क्रिटिकल केयर सेंटर, सीएचसी के निर्माण कार्य में मंत्री ने कहा कि यह योजनाएं आम जनता के लिए है। ऐसी जगह चिन्हित करते हुए बनाए जहां आम जन आसानी से पहुंच सके और योजना का लाभ ले सके। इसी क्रम में मंत्री ने भवन निर्माण विभाग की ओर भी कई योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में महेशपुर विधायक स्टीफन मरांडी, भवन निर्माण विभाग के सचिव मनीष रंजन, सभी जिले के भवन, पथ एवं जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य व पर्यावरण संरक्षण संस्थान ने लिया नई वाटिका के निर्माण का निर्णय



बोकारो। बोकारो नगर के पर्यावरण मित्र आश्रम में स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान की सम्पन्न बैठक में सर्वसम्मति से इस वर्ष मानसून में संस्थान के सदस्यों द्वारा ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण एवं आमजन को पौधों का वितरण कर उन्हें वृक्षारोपण हेतु प्रोत्साहित किए जाने का निर्णय लिया गया। संस्थान द्वारा माता शीलवंती स्मृति वाटिका का निर्माण किया जाएगा जिसमें संस्थान के सभी सदस्यों सहित आमजन को भी अपनी मां की स्मृति में एक एक पौधा लगाने हेतु आग्रह किया जाएगा। मां की याद में पौधारोपण करने वालों को संस्थान द्वारा पौधा प्रदान करने का निर्णय लिया गया। मौके पर संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा मुकुल ने कहा कि वृक्षारोपण के प्रति आमजन में जागृति पैदा करने हेतु पर्यावरण मित्र रथ द्वारा प्रचार प्रसार किया जाएगा। बैठक में अधिवक्ता रमण कुमार ठाकुर, अभय कुमार गोलू सहसचिव विजय त्रिपाठी दिनेश सिंह शंकर यादव सरोज तिवारी रवींद्र राय शत्रुघ्न सिंह जितेंद्र कुमार तपन पाढ्या अनिल, अरुण उपाध्याय उपस्थित रहे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, राँची (ग्रामीण)।**
लाईन टैंक रोड, लकड़ा गोदाम, राँची, पिन कोड नं० : 834001
ई-मेल eercdranchi-gramin@jharkhandmail.gov.in

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा Ranju devi , Rani-02, Ward No. 6, Near Hanuman Mandir, Bachhwara, Begusarai, Bihar को सूचित किया जाता है कि पथ प्रमंडल, राँची (ग्रामीण) अंतर्गत IRQP/ Strengthening Work in Goushala to Kanke - Patratu Road (Total Length 1.60 km) कार्य का एकरारनामा आपके द्वारा किया गया है, जिसका एकरारनामा सं0-33F2/2023-24, राशि 51.96. 119. 00, कार्य आरंभ की तिथि दि0 07.03.24 एवं कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि दि0 06.05.24 है। अनेको बार मौखिक(मोबाइल पर) तथा इस इस कार्यालय का पत्रांक 531(अनु0) दि0 01.06.24, पत्रांक 466(अनु0) दि0 07.05.24, पत्रांक 426 दि0 29.04.24, पत्रांक 410(अनु0) दि0 24.04.24, पत्रांक 369(अनु0) दि0 06.04.24, पत्रांक 338 दि0 29.03.24 एवं सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल सं0-02, राँची (ग्रामीण) का पत्रांक 23 दि0 04.05.24 द्वारा निदेश दिये जाने के बावजूद आपके द्वारा अब तक कार्य प्रारंभ नहीं कराया गया। बिटुमिन इमलसन का क्रय भी अब तक नहीं किया गया है। इस संदर्भ में अनेकों बार आपके द्वारा उपलब्ध कराये गये मोबाईल नं0 7631608638 पर सूचित किया गया है। विदित हो कि आपके निबंधन में उपलब्ध कराये गये पते पर सभी पत्रों को प्रेषित किया गया जिसमें निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से प्रेषित सभी पत्र वापस आ गये हैं। इस संदर्भ में आपको मोबाईल पर सूचित किया गया तथा आपसे पत्राचार हेतु सही पते की मांग की गयी जिसपर निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा पत्र प्रेषित किया जा सके, परन्तु अब तक आपके द्वारा कोई स्पष्ट पता उपलब्ध नहीं किया जाना खेदजनक है। अधीक्षण अभियंता कार्यालय के ज्ञापांक 247 दिनांक 16.05.24 द्वारा भी आपको कार्य प्रारम्भ नहीं किये जाने का स्पष्टीकरण की मांग की गयी परन्तु अब तक आपके द्वारा कार्य में रुचि नहीं ली गयी जो अत्यंत दुखद है। आपके द्वारा मात्र औपचारिकता पूरी करने हेतु आपके ज्ञापांक 52 दि0 03.06.24 जिसमें कार्य कराने हेतु आश्वासन दिया गया है, परन्तु आपके द्वारा अब तक इस संदर्भ में किसी भी पदाधिकारी/ कर्मचारी से सम्पर्क नहीं किया गया है। तत्पश्चात् इस कार्यालय द्वारा प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 21.06.24, PR No. 327027 Road(24-25)D के माध्यम से आपको सूचित किया गया, परन्तु आपके द्वारा अब तक प्रमंडलीय कार्यालय से सम्पर्क स्थापित नहीं किया गया जो खेद का विषय है।

अतः आपको प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पुनः निदेश दिया जाता है कि प्रेस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 02 दिनों के अन्दर स्पष्ट करें कि क्यों नहीं अब तक आपके द्वारा कार्य प्रारम्भ नहीं कराये जाने एवं कार्य के प्रति बरती जा रही उदासीनता रवैये के कारण उक्त कार्य में जमा प्रतिभूति राशि जब्त कर एकरारनामा को विखण्डित करते हुए आपके निबन्धन को काली सूची में अंकित करने तथा आप पर प्रशासनिक कार्रवाई करने की अनुशंसा उच्चाधिकारियों से कर दी जाए।

कार्यपालक अभियंता
पथ प्रमंडल, राँची (ग्रामीण)।

PR.NO.328311 Road(24-25):D


## स्पीड न्यूज

### दीपिका पाण्डेय की शादी की वर्षगांठ पर कई संगठनों ने दी बधाई



गोड्डा। महगामा विधायक दीपिका पाण्डेय की शादी की वर्षगांठ पर गोड्डा, महगामा, पोड़ाया हाट क्षेत्र से कई गणमान्य नागरिकों संगठन की ओर सेहार्दिक शुभकामनायें और बधाईया दी गई। और सभी लोगों ने ईश्वर से प्रार्थना कर ये दुआ की है ये जोड़ी सैकड़ों नहीं हजारों वर्ष तक इसी तरह बनी रहे और सुख स्वास्थ्य खुशी और विकास की नई ऊंचाइयों को स्पर्श करता रहे।

### गोड्डा : बिजली मिस्त्री की रहस्यमय मौत



गोड्डा। पत्थरगमा निवासी निजी बिजली मिस्त्री बबलू साह की लाश पाए जाने से क्षेत्र के लोगों मे भय और आतंक का माहौल ब्याप्त है। मृतक बबलू शाह ब्यक्तिगत तौर पर वो निजी बिजली मिस्त्री का कार्य करता था। उसकी हत्या हुई है या दुर्घटना इसकी जांच पथरगामा थाना पुलिस द्वारा की जा रहीं है। पत्थरगमा पुलिस ने लाश को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गोड्डा भेज दिया है। अनुमंडल पुलिस उपअधीक्षक जे पी एन चौधरी के अनुसार जांच चल रहीं है मृत्यु का कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगी।

### बीएसएल के अधिकारियों की हुई प्रोन्नति



बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट में सहायक प्रबंधक, प्रबंधक, परामर्शदाता और वरीय प्रबंधक स्तर के कुल 266 अधिकारियों को प्रोन्नति दी गई है। इनमें उप महाप्रबंधक को महाप्रबंधक सहायक महाप्रबंधक को उप महाप्रबंधक वरीय प्रबंधक को सहायक महाप्रबंधक प्रबंधक को वरीय प्रबंधक सहायक प्रबंधक को प्रबंधक परामर्शदाता को वरीय परामर्शदाता तथा वरीय परामर्शदाता को मुख्य परामर्शदाता के रूप में प्रोन्नति मिली है। यह प्रोन्नति 30 जून 2024 से प्रभावी हो चुकी है। इस प्रोन्नति में बोकारो स्टील ऑफिसर्स एसोसिएशन के महासचिव अजय कुमार पांडेय वरीय प्रबंधक वित्त एवं लेखा से सहायक महाप्रबंधक वित्त एवं लेखा तथा इसी विभाग के डीजीएम रमेश चंद्रा, जीएम के रूप में प्रोन्नत किए गए हैं। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने प्रोन्नत पदाधिकारियों को प्रोन्नति पत्र प्रदान किया। ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एके सिंह व अन्य पदाधिकारियों ने प्रोन्नत सभी अधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### दुमका : इलाज के दौरान वृद्ध की मौत

दुमका। बाइक के धक्का से घायल 62 वर्षीय वृद्ध की इलाज के दौरान सोमवार को पीजेएमसीएच में हो गई। घटना शहर के नगर थाना क्षेत्र में जन पुस्तकालय के समीप रविवार को देर रात घटी। मृतक की पहचान डंगालपाड़ा निवासी आशुतोष चौधरी के रुप में हुई। जानकारी के अनुसार वृद्ध रात में छाता लेकर एलआईसी कालॉनी की ओर जा रहा था। इस दौरान एक तेज रफ्तार बाइक ने वृद्ध को धक्का मार दिया।

## साहिबगंज जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक, बालू उठाव रोकें

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**साहिबगंज।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि एनजीटी के गाईडलाइन के अनुसार बालू उठाव पर रोक लगाने का हवाला देते हुए कहा कि अगर इस दौरान नदियों से बालू का उठाव करते हुए कोई भी पाया गया, तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होने कहा कि अन्य राज्यों से सटे क्षेत्रों पर थाना प्रभारी विशेष नजर रखें, किसी भी परिस्थिति में बालू का उठाव एवं परिवहन नहीं हो इसे सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला के सभी अंचल अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होने कहा कि इंटीग्रेटेड माइनिंग चेकपोस्ट के संबंध में जानकारी प्राप्त की। सभी खनन टास्क फोर्स सदस्य जिला अंतर्गत चल रहे वैध- अवैध क्रेशरों की समय-समय पर जांच करें। संबंधित रिलीज धारी द्वारा लीज का इकरारनामा सही रैयतों से किया गया है अथवा नहीं की जांच करना सुनिश्चित करें। डीटीओ को निदेश दिया कि जिला अन्तर्गत 10 बजे रात्रि से सुबह 5 बजे तक ही भारी वाहनों का परिचालन करने का निर्णय का अनुपालन किया जा रहा है। उन्होंनें निर्देश दिया कि बालू के पर्यावेक्षण अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण की निगरानी तथा बालू का भंडारण सड़क के किनारे न हो इसकी भी सतत निगरानी रखी जा रही है। जिलान्तर्गत अवैध खनन एवं परिवहन न हो इसकी जांच जिला खनन टास्क फोर्स के सभी सदस्यों द्वारा नियमित रूप से की जाय, तथा अवैध परिवहन में संलिप्त वाहनों को जप्त करते हेतु जब्ती सूची के साथ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। मौके पर एसडीओ साहिबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार, एसडीओ राजमहल कपिल कुमार, जिला खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू, सभी प्रखण्डों के सीओ, एसडीपीओ एवं थाना प्रभारी उपस्थित थे।

### हंसडीहा : एमवीआइ ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान, कई वाहन जब्त

**हंसडीहा।** हंसडीहा दुमका स्टेट हाइवे पर हंसडीहा थाना क्षेत्र स्थित मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के समीप सोमवार सुबह को मोटरयान निरीक्षक अभय कुमार ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान सभी छोटे बड़े वाहनों के टैक्स पेपर, फिटनेस सर्टिफिकेट, परमिट, इंश्योरेंस, ड्राइवरी लाइसेंस आदि की जांच की गई। जानकारी के अनुसार जांच में 13 पिकअप वेन और दो मिनी ट्रक के कागजात अनफिट मिले। जिसे जब्त किया गया। एमवीआई द्वारा जब्त वाहनों को हंसडीहा थाना को सुपुर्द कर दिया गया है। वहीं सभी जब्त वाहनों को मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल परिसर में सुरक्षात्मक रखा गया है। वहीं जांच टीम द्वारा वाहन संचालकों से कहा कि अपने वाहनों के सभी कागजात दुरुस्त कराये, तभी जब्त वाहन को रीलिज किया जाएगा।

## साहिबगंज : नाबालिग बच्ची के पिता ने छेड़छाड़ का लगाया आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**राजमहल।** थाना क्षेत्र के मंडई में एक नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि एक व्यक्ति का पांच वर्षीय पुत्री शीशा का बोतल लेकर तौसिफ के दुकान में बेचने गया था, दुकान में तौसिफ का भगना बैठा था। शीशा का बोतल के बदले जब बच्ची पैसा मांगी तो तौसिफ का भगना बच्ची का पैंट पीछे से खोल दिया। जिससे बच्ची घबड़ाकर रोते हुए अपनी मां को बताई। मां तब जाकर कबाड़ी वाला से पुछा तो वह चुप रहा। तुरंत खबर गांव में आग की तरह फैल गई।गुनिहारी पंचायत का मुखिया भी वहां आ गया। उनके साथ और भी गांव के लोग वहां आ गए। देखते देखते दोनो समाज के लोग का भीड़ लग गया। सूत्रों का माने तो गांव के कुछ ठेकेदारों ने इस घटना को दबाने के लिए गांव वाले एवं तौसिफ कबाड़ एवं उनके कुछ गांव के लोग मामले को दबाने के लिए कुछ पैसों के लेनदेन की बात कही जा रही है । जबकि बच्चों के पिता ने कहा गांव वाले जब पंचायत भवन में मीटिंग कर रहे थे वहां हमें अंदर जाने नहीं दिया। जबकि ऐसे मामलों में सबसे पहले पुलिस - प्रसाशन को खबर करना था पर समाज के कुछ ठेकेदारों ने ऐसे मामलों को लेनदेन कर गांव में ही निपटा दिया।सूत्रों का माने तो ऐसे मामलों में गांव के कुछ ठेकेदारों के द्वारा मोटी रकम लड़को की तरफ से ली जाती है और बच्ची के पिता को दस -बीस हजार देकर मुंह को चुप कर देता है।आज अगर यही घटना किसी बड़े लोगों के बच्ची के साथ घटित होती तो अब तक पुलिस-प्रसाशन कईयों को सलाखों के पीछे भेज देता। आज जहां केन्द्र सरकार पहली जुलाई से ऐसे लोगों के लिए नई कानून शूरु किया है वहीं कुछ नेताओं के द्वारा ऐसे व्यक्ति को माफ कर दिया जाता है, यह बहुत ही घृणित कार्य है। ऐसे में देखने की बात होगी कि पुलिस तौसिफ कबाड़ के भगना को छोड़ देते हैं और एक अपराध करने के लिए कि नाबालिग बच्ची को न्याय दिलाने में मदद करती है।

## चिन्मय विद्यालय में चिकित्सक दिवस एवं लेखाकार दिवस हुआ सम्पन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** स्थानीय चिन्मय विद्यालय के सभागार में चिकित्सक दिवस एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस का आयोजन किया गया। विद्यालय प्राचार्य सूरज शर्मा उपप्राचार्य नरमेन्द्र कुमार डॉ सतिश डॉ सहनवाज डॉ अमरीश डॉ अभय सिंहा डॉ मनिषा एवं डॉ रिचा सोनी ने दीप प्रज्जवलित कर चिकित्सक दिवस एवं लेखाकार दिवस का शुभारंभ किया। प्राचार्य सूरज शर्मा ने सभी सम्मानित डॉक्टर का स्वागत करते हुए कहा कि स्वास्थ्य और उपचार के प्रति डॉक्टरों की अटूट प्रतिबद्धता के लिए उनका आभार व्यक्त करने का यह एक खास अवसर है। कार्यक्रम में डॉ सतिश डॉ सहनवाज डॉ अमरीश एवं डॉ अभय सिंहा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नेशनल डॉक्टर्स डे 2024 का थीम हीलिंग हैंड्स केयरिंग हाट्र्स है। यह थीम डॉक्टरों की अपने मरीजों के प्रति करुणा और समर्पण पर जोर देती है। कार्यक्रम का संचालन शोनाली गुप्ता एवं रागिनी मिश्रा ने किया। इस अवसर पर देवज्योती बराल गोपाल चैधरी अशोक चौबे संजिव सिंह एवं अन्य शिक्षक उपस्थित थे। चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस के समारोह में बीएसएल के जीएम चार्टर्ड अकाउंटेंट निर्मल कुमार सिंह एवं अनमोल लछिरामका उपस्थित थे।

## बेरमो : कारो के विस्थापित हुए उग्र प्रबंधन के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** सीसीएल बीएंडके प्रक्षेत्र अंतर्गत कारो परियोजना के विस्थापित अपनी समस्याओं को लेकर उग्र दिखाई दिए। नौकरी मुआवजा पुनर्वास दिया जाए अन्यथा परियोजना को नहीं चलने दिया जाएगा। सोमवार को सैकड़ो विस्थापित परियोजना स्थल पहुंचकर कार्य को स्थगित कर दिया एवं प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विस्थापितों का कहना था कि प्रबंधन के द्वारा ढुल मूल नीति अपनाई जा रही है। विस्थापितों को ठगने का काम किया जा रहा है। प्रबंधक के साथ बार-बार वार्ता होने के बावजूद भी विस्थापितों को दर दर की ठोकर खाने पर मजबूर है। अब लड़ाईआर या पार की होगी। विस्थापित नेता सोहनलाल मांझी एवं नुह्य२२ के नेता कमलेश महतो ने बताया कि विस्थापन की समस्या के निदान को लेकर जल्दी बेरमो कोयलांचल में एक उग्र आंदोलन किया जाएगा एवं करो परियोजना के विस्थापितों को हक एवं अधिकार दिलाने के लिए हमारे नेता जयराम महतो आएंगे और प्रबंधन के साथ वार्ता कर समस्या का निदान करेंगे। वहीं महिलाओं ने कहां की इस परियोजना के अंतर्गत कई एकड़ जमीन चला गया। लेकिन हमारे जमीन के बदले दूसरे लोग नौकरी कर रहे हैं हम लोगों को नौकरी पुनर्वास और मुआवजा से वंचित रखा गया है। अब हम जाए तो कहां जाएं बात करते-करते महिला भावुक भी हो गई। मौके पर महिला पुरुष विस्थापित मौजूद थे। सुरक्षा को देखते हुए प्रबंधन की ओर से सुरक्षा बलों को तैनात किया गया था।

### साहिबगंज डीसी ने मासिक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया

**साहिबगंज।** सोमवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में मासिक प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। उपायुक्त ने बताया की साहेबगंज जिला का विगत कुछ वर्षों से कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं का वार्षिक परीक्षा में परीक्षाफल संतोषजनक नहीं आया है। वर्ष 2023-24 में 10वीं में जिला का स्थान 23वां एवं 12वीं में भी विभिन्न संकायों में 20वां स्थान या उससे नीचले स्थान पर है। परीक्षा फल निराकरण के लिए प्रोजेक्ट समीक्षा अभियान चलाया जाएगा। प्रत्येक विद्यालयों से विभिन्न पदाधिकारियों को टैग किया गया है। छात्र-छात्राओं के प्रोत्साहन हेतु उन्हें पदाधिकारियों के द्वारा मागदर्शन एवं कैरियर काउन्सिलिंग किया जायेगा।


**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग।**

**मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/उनके सदस्यों के लिए अल्पकालीन सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) झारखण्ड, राँची के स्वीकृत्यादेश संख्या 07 दिनांक 19.06.2024 के आलोक में हजारीबाग जिला के अंतर्गत वैसे कार्यरत प्रखण्ड/जलाशय स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0/उनके सदस्यों जो मछलियों/मछलियों के बीज का परिवहन कार्य करते हो से स्वच्छ अवस्था में मत्स्य बीज/मछलियों के परिवहन हेतु चार पहिया भार वाहक वाहन एवं एक्वेरियम शॉप/रंगीन मछली दुकान सज्जा–उपकरण हेतु दिनांक 15.07.2024 तक आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्र0 | सामग्री का नाम | विभागीय अनुदान | भौतिक लक्ष्य | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मछली परिवहन हेतु चार पहिया भार वाहक वैन | 60% – (अधिकतम 3.60 लाख रू0) | 01 | |

उपरोक्त योजनाओं के लिए मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0/उनके सदस्यों से आवेदन पत्र निर्धारित तिथि तक कार्यालय अवधि में जमा कर सकते है। आवेदन पत्र जिला मत्स्य कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है। विशेष जानकारी के लिए कार्यालय में सम्पर्क स्थापित कर सूचना प्राप्त कर सकते है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग।

PR 328240 (Fish) 24-25 (D)



**झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी कार्यालय, गुमला**

**आम सूचना**

झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी कार्यालय, गुमला के विज्ञापन सं0 01/2022 के तहत रिक्ति के विरूद्ध पुरूष/महिला उम्मीदवारों से प्रखण्डवार आवेदन प्राप्त करने के कम में कुछ त्रुटियाँ पायी गयी थी तथा उम्र कम/अधिक/डबल आवेदन के कारण कुछ आवेदनों को रद्द किया गया है। कुछ में सुधार करते हुए उम्मीदवारों को निर्गत पावती/कमांक में संशोधन कर नया कमांक आवंटित किया गया है, जिसकी विवरणी प्रखण्डवार निम्नलिखित है, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि नया आवंटित कमांक के अनुसार दौड़, शारीरिक जाँच परीक्षा में शामिल होने के लिए निर्धारित स्थल पर पहुँचे :–

| क्र0 सं0 | पूर्व में निर्गत क्रमांक | उम्मीदवार का नाम | आवेदित प्रखण्ड | निर्गत कोटि | नया आवंटित क्रमाक | आवंटित प्रखण्ड | आवंटित कोटि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रखण्ड – गुमला पुरूष | | | | | |
| 1 | 193 | अनुप उराँव | गुमला | पुरूष | 65 | शहरी | पुरूष |
| 2 | 259 | विपिन खड़िया | गुमला | पुरूष | 406 | पालकोट | पुरूष |
| 3 | 294 | आनन्द बाड़ा | गुमला | पुरूष | 301 | रायडीह | पुरूष |
| 4 | 474 | रोहित उराँव | गुमला | पुरूष | 64 | शहरी | पुरूष |
| 5 | 664 | साहिल कु0 भगत | गुमला | पुरूष | 690 | घाघरा | पुरूष |
| 6 | 838 | अमित कु0 गोप | गुमला | पुरूष | 691 | घाघरा | पुरूष |
| 7 | 858 | शिवलाल गोप | सिसई | पुरूष | 912 | गुमला | पुरूष |
| 8 | 676 | संजय कु0 साहु | गुमला | महिला | 917 | गुमला | पुरूष |
| | | प्रखण्ड – गुमला महिला | | | | | |
| 9 | 16 | पुनीता टोप्पो | गुमला | महिला | डबल आवेदन रद्द। | | |
| 10 | 282 | फुलमंती कुमारी | गुमला | महिला | 157 | घाघरा | महिला |
| 11 | 467 | संतोनी कुमारी | गुमला | महिला | उम्र ज्यादा है आवेदन रद्द। | | |
| 12 | 573 | निलिमा टोप्पो | गुमला | महिला | 76 | गुमला | शहरी |
| | | प्रखण्ड – सिसई पुरूष | | | | | |
| 13 | 568 | निर्मला दास | सिसई | पुरूष | 493 | सिसई | महिला |
| | | प्रखण्ड – सिसई महिला | | | | | |
| 14 | 391 | सीता कुमारी | सिसई | महिला | उम्र कम है आवेदन रद्द। | | |
| 15 | 480 | शीला कुमारी | सिसई | महिला | 488 | सिसई | महिला |
| 16 | 481 | बन्धैन कुमारी | सिसई | महिला | 491 | सिसई | महिला |
| 17 | 482 | संगीता कुमारी | सिसई | महिला | 492 | सिसई | महिला |
| | | प्रखण्ड – पालकोट पुरूष | | | | | |
| 18 | 239 | जयराम उराँव | पालकोट | पुरूष | 341 | भरनो | पुरूष |
| 19 | 262 | उर्मिला बड़ाईक | पालकोट | पुरूष | 276 | पालकोट | महिला |
| | | प्रखण्ड – कामडारा पुरूष | | | | | |
| 20 | 297 | सलन सुरीन | कामडारा | पुरूष | डबल आवेदन रद्द। | | |
| | | प्रखण्ड – कामडारा महिला | | | | | |
| 21 | 125 | उषा कोनगाडी | कामडारा | महिला | डबल आवेदन रद्द। | | |
| 22 | 126 | अनिमा कुमारी | कामडारा | महिला | डबल आवेदन रद्द। | | |
| 23 | 129 | पूजा कुमारी | कामडारा | महिला | डबल आवेदनरद्द। | | |
| | | प्रखण्ड – डुमरी पुरूष | | | | | |
| 24 | 86 | मो0 अजाजुल अंसारी | डुमरी | पुरूष | गिरिडीह जिला से है आवेदन रद्द। | | |
| 25 | 189 | कृष्णा भगत | डुमरी | पुरूष | डबल आवेदन रद्द। | | |
| 26 | 193 | महेन्द्र बाखला | डुमरी | पुरूष | उम्र कम है आवेदन रद्द। | | |
| | | प्रखण्ड – जारी महिला | | | | | |
| 27 | 51 | अनिष तिर्की | जारी | महिला | 187 | जारी | पुरूष |
| 28 | 88 | भुमिका किण्डो | जारी | महिला | उम्र कम है आवेदन रद्द। | | |
| | | प्रखण्ड – घाघरा महिला | | | | | |
| 29 | 70 | उषा कुमारी | घाघरा | महिला | 388 | घाघरा | महिला |
| 30 | 71 | आशा कुमारी | घाघरा | महिला | 389 | घाघरा | महिला |
| 31 | 72 | सुशीला कुमारी | घाघरा | महिला | 390 | घाघरा | महिला |
| 32 | 73 | चन्द्रमुनी कुमारी | घाघरा | महिला | 391 | घाघरा | महिला |
| 33 | 74 | उषा कच्छप | घाघरा | महिला | 392 | घाघरा | महिला |
| 34 | 75 | अनिशा कच्छप | घाघरा | महिला | 393 | घाघरा | महिला |
| 35 | 76 | जयंती कुमारी | घाघरा | महिला | 394 | घाघरा | महिला |
| 36 | 77 | सुषमा कुमारी | घाघरा | महिला | 395 | घाघरा | महिला |
| 37 | 78 | संगीता बाड़ा | घाघरा | महिला | 396 | घाघरा | महिला |
| 38 | 79 | मालती कुजूर | घाघरा | महिला | 397 | घाघरा | महिला |
| 39 | 80 | आशा कुमारी | घाघरा | महिला | 398 | घाघरा | महिला |
| | | प्रखण्ड – गुमला पुरूष | | | | | |
| 40 | 27 | कार्तिक उराँव | गुमला शहरी | पुरूष | उम्र कम है आवेदन रद्द। | | |
| 41 | 50 | सूरज भगत | गुमला शहरी | पुरूष | डबल आवेदन रद्द। | | |
| | | प्रखण्ड – गुमला शहरी महिला | | | | | |
| 42 | 29 | मेघा कुमारी | गुमला शहरी | महिला | 268 | गुमला ग्रामीण | महिला |

जिला समादेष्टा, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गुमला। | पुलिस अधीक्षक, गुमला। | उपायुक्त, गुमला।

PR 328287 Home, Prison And Disaster Management (24-25)_D

# स्वास्थ्य की अनदेखी

एक प्रतिष्ठत पत्रिका लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की हालिया रिपोर्ट आंख खोलने वाली है। यह जानते हुए भी कि भारत लगातार मधुमेह और हृदय रोगों की राजधानी बनने की ओर अग्रसर है। दरअसल, आजादी के बाद देश में आर्थिक विकास को गति मिली है। भले ही हम अपेक्षित लक्ष्य हासिल न कर पाए हों, औसत भारतीय के जीवन स्तर में सुधार जरूर आया है। आर्थिक समृद्धि ने हमें सुविधाभोगी बनाया है। इस संकट की वजह शहरीकरण और जीवन के लिये जरूरी सुविधाओं का घर के आस-पास उपलब्ध हो जाना भी है। पहले देश की साठ फीसदी से अधिक आबादी कृषि व उससे जुड़े कार्यों में सक्रिय थी। मेहनतकश किसान को कोई शारीरिक श्रम करने की जरूरत नहीं थी । किसान संस्कृति से बड़ी संख्या में निकले लोगों ने शहरों को अपना ठिकाना बनाया, लेकिन वे शारीरिक सक्रियता को बरकरार नहीं रख पाये। नौ से पांच की ड्यूटी करने वाले भी दफ्तर व घर के होकर रह गये। कहीं न कहीं सुविधाओं के विस्तार ने भी हमें आलसी बनाया। कुछ दूर पर सब्जी-फल लेने जाने पर भी हम वाहनों का इस्तेमाल करते हैं। शहरों के पार्कों में सुबह गिने-चुने लोग ही नजर आते हैं। विडंबना यह है कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रसार और उसके बाद सोशल मीडिया की जकड़ में आने के बाद लोग देर रात सोने व देर से उठने के फेर में फंस गये हैं। सुबह के समय, जब लोगों को व्यायाम, सैर, योग व दौड़ लगानी चाहिए, वे सो रहे होते हैं। शरीर की प्राकृतिक घड़ी का चक्र बिगड़ने से दिन भर आलस्य बना रहता है। शारीरिक सक्रियता को पैदल चलने, व्यायाम, सैर, योग, दौड़, जिम या तैराकी आदि के रूप में परिभाषित कर सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार जहां पचास फीसदी वयस्क भारतीय शारीरिक श्रम से दूर हैं तो महिलाओं की स्थिति ज्यादा चिंता बढ़ाने वाली है।

# गांव पर फोकस

भारत को उस समय सोने की चिड़िया कहा जाता था। वैश्विक व्यापार एवं निर्यात में भारत का वर्चस्व था। पिछले लगभग 5000 सालों के बीच में ज्यादातर समय भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था रहा है। उस समय भारत में कृषि क्षेत्र में उत्पादकता अपने चरम पर थी एवं कृषि उत्पाद विशेष रूप से मसाले आदि भारत से लगभग पूरे विश्व में पहुंचाए जाते थे। भारत में ब्रिटिश एंपायर के आने के बाद (ईस्ट इंडिया कम्पनी- 1764 से 1857 तक एवं उसके बाद ब्रिटिश राज- 1858 से 1947 तक) विदेशी व्यापार में भारत का पराभव का दौर शुरू हुआ एवं स्वतंत्रता प्राप्ति तक एवं कुछ हद तक इसके बाद भी यह दौर जारी रहा है। आज भी देश में 60 प्रतिशत से अधिक आबादी ग्रामों में निवास करती है और अपने रोजगार के लिए मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र पर ही निर्भर है। भारत अभी भी कृषि प्रधान देश ही कहा जाता है परंतु फिर भी भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का हिस्सा लगभग मात्र 16-18 प्रतिशत ही है। कृषि जनगणना 2015-16 के अनुसार, भारत में लघु एवं सीमांत किसानों की संख्या 12.563 करोड़ है। देश में 35 प्रतिशत किसानों के पास 0.4 हेक्टेयर से कम जमीन है। जबकि, 69 प्रतिशत किसानों के पास 1 हेक्टेयर से कम जमीन है और 87 प्रतिशत किसानों के पास 2 हेक्टेयर से कम जमीन है। आमदनी के लिहाज से 0.4 हेक्टेयर से कम जमीन वाले किसान औसतन सालाना रुपए 8,000 कमाते हैं और 1 से 2 हेक्टेयर के बीच जमीन वाले किसान औसतन सालाना रुपए 50,000 कमाते हैं। देश मे लघु और सीमांत किसानों की न केवल आय कम है, बल्कि इनके लिए कृषि एक जोखिम भरा कार्य भी है। इसके चलते ग्रामों में प्रति व्यक्ति आय बहुत ही कम है इस कारण गरीबी की मात्रा भी शहरों की तुलना में ग्रामों में अधिक दिखाई देती है।

# श्रेष्ठ शरीर

**साध्वी मनीषा**

यह सर्वश्रेष्ठ मनुष्य शरीर परमात्मा की कृपा से बड़े सौभाग्य से मिलता है। परमात्मा ने इंसान का शरीर भी गजब का बनाया है। अनमोल स्वांस के भीतर इतनी शक्ति है कि जीते-जी इस शरीर में इतनी संभावनाएं छोड़ी हैं कि भोगने उतर जाओ तो जानवर से भी ज्यादा भोग सकते हो। यदि इस शरीर का सही उपयोग करके अभ्यास से इसके भीतर हृदय में विराजमान परमानंद का साक्षात्कार कर लिया जाए तो इसी शरीर में ब्रह्मांड का सम्राट भी बना जा सकता है। असीम संभावना वाली यह देह जाते-जाते, खत्म होने के बाद भी जिंदगी को लेकर गजब के संदेश दे जाती है। मरने के बाद मनुष्य शरीर जला दिया जाता है, दफना दिया जाता है या बहा दिया जाता है। तीनों ही स्थितियों में इसकी राख, मिट्टी बड़ा संदेश दे जाती है। चिता की राख में जो संदेश है वह उसकी आग में नहीं है। पांच-छह फीट का शरीर कुछ मुट्ठी राख में बदल जाता है।

अब आप सभी गहराई से चिंतन किजिए, यही तो सबसे बड़ा संदेश है कि आखिर में रह क्या जाएगा? जिंदगी भर जिस बात के लिए सारा तमाशा करते हैं, यदि उसके समापन पर नजर डाल लें तो इस स्वांस के भीतर की शक्ति को पहचान कर स्वयं को जानने के लिए तीव्र जिज्ञासा पैदा होती है। वो चंद मुट्ठी राख, वो कब्र की जरा-सी मिट्टी बताती है कि मेरे रूप में तब्दील होने से पहले तुम्हारे पास जो था उसका सदुपयोग कर लेना।

## कार्टून वर्ल्ड

**दवा पर बढ़ती निर्भर पीढ़ी**


साभार : कार्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडिटर

### विसंगतियों की शिक्षा

**आर्थिक** मंदी के चलते मध्य वर्गीय परिवार के लिए मोबाइल-कंप्यूटर खरीद पाना बस की बात नहीं है। संभावित परिणामों पर विचार किये बिना ही लागू कर दी गयी। घर बैठे ऑनलाइन शिक्षा ने लाभ की अपेक्षा अधिकतर विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक रूप से कमजोर अवश्य कर दिया है। अब सबको मोबाइल चिंता की बात है।

**-प्रदीप सिंह, रांची**

### शासन की जवाबदेही

**पुलिस** और आबकारी विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार और मिलीभगत के बिना अवैध शराब का उत्पादन और बिक्री सम्भव नहीं। अनेक मामलों में उच्च स्तर पर सरकारी संरक्षण उजागर हुआ है। बिहार में नशाबंदी लागू कर नीतीश सरकार ने कमाल किया है। आबकारी कर से धन अर्जित करने वाली सरकार का दायित्व है कि उपभोक्ता को गुणवत्तापूर्ण शराब उपलब्ध कराये।

**-आनंद झा, जमशेदपुर**

# त्वरित न्याय को समर्पित है नये आपराधिक कानून

भारत में आपराधिक कानूनों में परिवर्तन और सुधार एक महत्वपूर्ण विषय है, जो समाज की बदलती आवश्यकताओं और न्याय की आवश्यकता को पूरा करने के लिए समय-समय पर किया जाता है। हाल ही में, भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जैसे आपराधिक कानूनों को संसद में पारित किया गया। अब एक जुलाई 2024 से पूरे देश में यह लागू हो रहा है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में कानून को पेश करते हुए कहा कि खत्म होने वाले ये तीनों कानून अंग्रेजी शासन को मजबूत करने और उसकी रक्षा करने के लिए बनाए गए थे। इनका उद्देश्य दंड देने का था, न की न्याय देने का। तीन नए कानून की आत्मा भारतीय नागरिकों को संविधान में दिए गए सभी अधिकारों की रक्षा करना, इनका उद्देश्य दंड देना नहीं बल्कि न्याय देना होगा। भारतीय आत्मा के साथ बनाए गए इन तीन कानूनों से हमारे क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में बहुत बड़ा परिवर्तन आएगा।

पुराने कानूनों में गुलामी की बू आती थी। ये तीनों पुराने कानून गुलामी की निशानियों से भरे हुए थे, क्योंकि इन्हें ब्रिटेन की संसद ने पारित किया था और हमने सिर्फ इन्हें अपनाया था। इन कानूनों में पार्लियामेंट ऑफ यूनाइटेड किंगडम, प्रोविंशियल एक्ट, नोटिफिकेशन बाई द क्राउन रिप्रेजेन्टेटिव, लंदन गैजेट, ज्यूरी और बैरिस्टर, लाहौर गवर्नमेंट, कॉमनवेल्थ के प्रस्ताव, यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन एंड आयरलैंड पार्लियामेंट का जिक्र है। इन कानूनों में हर मैजेस्टी और बाइ द प्रिवी काउंसिल के रेफेरेंस दिए गए हैं, कॉपीज एंड एक्सट्रैक्ट्स कंटेट इन द लंदन गैजेट के आधार पर इन कानूनों को बनाया गया, पजेशन ऑफ द ब्रिटिश क्राउन, कोर्ट ऑफ जस्टिस इन इंग्लैंड और हर मैजेस्टी डॉमिनियन्स का भी जिक्र इन कानूनों में कई स्थानों पर है। जिसके तहत 475 जगह गुलामी की निशानियों को समाप्त कर दिया गया है। हमारे क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में बहुत समय लगता है, कई बार न्याय इतनी देर से मिलता है कि न्याय का कोई मतलब ही नहीं रह जाता है, लोगों की श्रद्धा उठ जाती है और अदालत में जाने से डरते हैं।

इन कानूनों को आज के समय के अनुरूप बनाने में प्रधानमंत्री मोदी ने अगस्त, 2019 में सर्वोच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीशों, देश के सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों और देश के सभी कानून विश्वविद्यालयों को पत्र लिखे थे। वर्ष 2020 में सभी, महामहिम राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों और सांसदों एवं संघ-शासित प्रदेशों के महामहिम प्रशासकों को पत्र लिखे गए। इसके बाद व्यापक परामर्श के बाद ये प्रक्रिया कानून बनने जा रही है। इसके लिए 18 राज्यों, 6 संघशासित प्रदेशों, सुप्रीम कोर्ट, 16 हाई कोर्ट, 5 न्यायिक अकादमी, 22 विधि विश्वविद्यालय, 142 सांसद, लगभग 270 विधायकों और जनता ने इन नए कानूनों पर अपने सुझाव दिए हैं। यह प्रक्रिया सरल नहीं थी, काफी मेहनत की गई बीते 4 सालों में। खूब विचार विमर्श किया गया है। इस संदर्भ में हुई 158 बैठकों में केंद्रीय गृह मंत्री शाह उपस्थित रहे हैं।




**- डॉ मोहन यादव**

> वर्ष 2020 में सभी, महामहिम राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों और सांसदों एवं संघ-शासित प्रदेशों के महामहिम प्रशासकों को पत्र लिखे गए। इसके बाद व्यापक परामर्श के बाद ये प्रक्रिया कानून बनने जा रही है। इसके लिए 18 राज्यों, 6 संघशासित प्रदेशों, सुप्रीम कोर्ट, 16 हाई कोर्ट, 5 न्यायिक अकादमी, 22 विधि विश्वविद्यालय, 142 सांसद, लगभग 270 विधायकों और जनता ने इन नए कानूनों पर अपने सुझाव दिए हैं।

गौरतलब है कि अनुपस्थिति में ट्रायल के बारे में केंद्र सरकार ने एक ऐतिहासिक फैसला किया है। सेशंस कोर्ट के जज द्वारा प्रक्रिया के बाद भगोड़ा घोषित किए गए व्यक्ति की अनुपस्थिति में ट्रायल होगा और उसे सजा भी सुनाई जाएगी, चाहे वो दुनिया में कहीं भी छिपा हो। उसे सजा के खिलाफ अपील करने के लिए भारतीय कानून और अदालत की शरण में आना होगा। अभी तक देखा गया है कि देश भर के पुलिस स्टेशनों में बड़ी संख्या में केस संपत्तियां पड़ी रहती हैं। अब इस ओर भी तेजी लाई जाएगी। यानी अब इनकी वीडियोग्राफी करके सत्यापित प्रति कोर्ट में जमा करके इनका निपटारा किया जा सकेगा।

इन कानूनों में अत्याधुनिकतम तकनीकों को समाहित किया गया है। दस्तावेजों की परिभाषा का विस्तार कर इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल रिकॉर्ड्स, ई-मेल, सर्वर लॉग्स, कम्प्यूटर, स्मार्ट फोन, लैपटॉप्स, एसएमएस, वेबसाइट, लोकेशनल साक्ष्य, डिवाइस पर उपलब्ध मेल और मैसेजेस को कानूनी वैधता दी गई है, जिनसे अदालतों में लगने वाले कागजों के अंबार से मुक्ति मिलेगी। इस कानून को डिजिटलाइज किया गया है, यानी एफआईआर से केस डायरी, केस डायरी से चार्जशीट और चार्जशीट से जजमेंट तक की सारी प्रक्रिया को डिजिटलाइज करने का प्रावधान इस कानून में किया गया है। अभी सिर्फ आरोपी की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हो सकती है, लेकिन अब पूरा ट्रायल, क्रॉस क्वेश्चनिंग सहित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संभव होगी। शिकायतकर्ता और गवाहों का परीक्षण, जांच-पड़ताल और मुकदमे में साक्ष्यों की रिकॉर्डिंग और उच्च न्यायालय के मुकदमे और पूरी अपीलीय कार्यवाही भी अब डिजिटली संभव होगी। सर्च और जब्ती के समय वीडियोग्राफी को अनिवार्य कर दिया है, जो केस का हिस्सा होगी और इससे निर्दोष नागरिकों को फंसाया नहीं जा सकेगा। पुलिस द्वारा ऐसी रिकॉर्डिंग के बिना कोई भी चार्जशीट वैध नहीं होगी।

आजादी के 75 सालों के बाद भी दोष सिद्धि का प्रमाण बहुत कम है। यही कारण है कि मोदी सरकार ने फॉरेंसिक साइंस को बढ़ावा देने का काम किया है। तीन साल के बाद हर साल 33 हजार फॉरेंसिक साइंस एक्सपर्ट्स और साइंटिस्ट्स देश को मिलेंगे। साथ ही अमित शाह ने लक्ष्य रखा है कि दोष सिद्धि के प्रमाण को 90 प्रतिशत से ऊपर लेकर जाना है। इसके लिए एक महत्वपूर्ण प्रावधान किया गया है कि 7 वर्ष या इससे अधिक सजा वाले अपराधों के क्राइम सीन पर फॉरेंसिक टीम की विजिट को अनिवार्य किया जा रहा है। इसके माध्यम से पुलिस के पास एक वैज्ञानिक साक्ष्य होगा जिसके बाद कोर्ट में दोषियों के बरी होने की संभावना बहुत कम हो जाएगी। वर्ष 2027 से पहले देश की सभी अदालतों को कंप्यूटराइज्ड कर दिया जाएगा। इसी प्रकार मोबाइल फॉरेंसिक वैन का भी अनुभव किया जा चुका है। दिल्ली इसका उदाहरण है। दिल्ली में इसका सफल प्रयोग किया गया। इसके तहत 7 वर्ष से अधिक सजा के प्रावधान वाले किसी भी अपराध के स्थल पर फॉरेंसिक साइंस लैबरोटरी (एफएसएल) की टीम पहुंचती है।

## खास बात

### निजी निवेश की बात

**कोविड-19** के कारण गत छह माह के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रक्षा मंत्रालय के चुनिंदा अधिकारी उद्योग जगत के लोगों से वर्चुअल कॉन्फ्रेंस के जरिये ही रूबरू हुए हैं। अधिकारियों ने 2014 के बाद किए गए रक्षा नीति सुधारों के बारे में बात की। उनका कहना है कि ये सुधार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के नारे के अनुरूप रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने वाले हैं। अधिकारी रक्षा क्षेत्र की 101 वस्तुओं की 'नकारात्मक आयात सूची', नई रक्षा अधिग्रहण नीति 2020 (डीएपी 2020) का जिक्र करते हुए स्वदेशीकरण पर जोर देते हैं। वे कहते हैं कि नई रक्षा उत्पादन एवं निर्यात संवर्द्धन नीति (डीपीईपीपी 2020) की मदद से सालाना रक्षा उत्पादन को बढ़ाकर 26 अरब डॉलर पहुंचाया जाएगा और हर वर्ष 5 अरब डॉलर के हथियार निर्यात किए जाएंगे। तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में दो रक्षा उद्योग कॉरिडोर दो स्थापित किए जाएंगे। वे देश के रक्षा उद्योग में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के उदारीकरण का भी जिक्र करते हैं।

गत 17 सितंबर को उद्योग संवर्द्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग ने रक्षा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा को उन कंपनियों के लिए 49 फीसदी से बढ़ाकर 74 फीसदी (स्वचालित रास्ते के जरिये) कर दिया जो नए लाइसेंस चाहती हैं। महज 13 दिन बाद 30 सितंबर को रक्षा मंत्रालय ने नई रक्षा खरीद नीति 2020 (डीएपी 2020) जारी कर दी जिसमें संशोधित एफडीआई सीमा का जिक्र नहीं था। नई नीति में कहा गया कि किसी कंपनी को भारतीय नागरिक के स्वामित्व वाला माना जाएगा जब उसमें 50 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी भारतीय नागरिक या भारतीय कंपनी के पास होगी। यानी एफडीआई की अधिकतम सीमा 49 फीसदी होगी। डीएपी 2020 में कंपनी अधिनियम 2013 में परिभाषित उपायों का भी हवाला दिया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विभिन्न श्रेणियों में रक्षा निविदाओं में भाग लेने वाली कंपनियों का नियंत्रण भारतीय नागरिकों के हाथ में ही रहे। नीति में कहा गया है, 'नियंत्रण में अधिकांश निदेशकों की नियुक्ति का अधिकार या प्रबंधन पर नियंत्रण या नीतिगत निर्णयों पर नियंत्रण किया जाए।

**लद्दाख** में टैंक के नदी पार करने के सैन्य अभ्यास के दौरान हुए हादसे में भारतीय सेना के पांच जवानों की शहादत का समाचार अत्यंत दुखद है।

सभी शहीद जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।

**- राहुल गांधी, कांग्रेस**

## आपके ट्वीट

**सन 1855** में अंग्रेजों के जुल्म, शोषण और अत्याचार के विरुद्ध बिगुल फूंक कर, हमारी माटी छोड़ो का नारा देने वाले हूल दिवस के अवसर पर अमर शहीद सिदो-कान्हू, चांद-भैरव व फूलो-झानो सहित सभी शहीदों को हूल जोहार।

**-चंपई सोरेन, सीएम**





**राहुल** गांधी का एक और झूठ !अग्निवीर को लेकर संसद में राहुल गांधी द्वारा फैलाए जा रहे झूठ को आदरणीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह जी ने किया बेनकाब।

**- अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

# संस्कृत को सम्मान दें, दैनिक जीवन में स्थान दें: मोदी

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

**वास्तव** में इस प्राचीनतम एवं वैज्ञानिक भाषा से बहुत कुछ सीखने को मिलता है, इसीलिए ही उन्होंने मन की बात कार्यक्रम में संस्कृत में संवाद करते हुए कहा, "मम प्रियाः देशवासिनः अद्य अहं किञ्चित चर्चा संस्कृत भाषायां आरभे। यानी मेरे प्रिय देशवासियों आज मैं संस्कृत भाषा पर कुछ चर्चा शुरू करता हूं।" वस्तुतः इस भाषा की यह विशेषता ही है कि उसके बूते भारत वास्तवित अर्थों में भारत हो सका है।

"साथियों, संस्कृत की प्राचीन भारतीय ज्ञान और विज्ञान की प्रगति में बड़ी भूमिका रही है। आज के समय की मांग है कि हम संस्कृत को सम्मान भी दें, और उसे अपने दैनिक जीवन से भी जोड़ें। आजकल ऐसा ही एक प्रयास बेंगलुरू में कई और लोग कर रहे हैं। बेंगलुरू में एक पार्क है- कब्बन पार्क ! इस पार्क में यहां के लोगों ने एक नई परंपरा शुरू की है। यहां हफ्ते में एक दिन, हर रविवार बच्चे, युवा और बुजुर्ग आपस में संस्कृत में बात करते हैं। इतना ही नहीं, यहाँ वाद- विवाद के कई सत्र भी संस्कृत में ही आयोजित किए जाते हैं। इनकी इस पहल का नाम है झ संस्कृत सप्ताहांत ! इसकी शुरूआत एक वेबसाइट के जरिए समष्टि गुब्बी जी ने की है। कुछ दिनों पहले ही शुरू हुआ ये प्रयास बेंगलुरूवासियों के बीच देखते ही देखते काफी लोकप्रिय हो गया है। अगर हम सब इस तरह के प्रयास से जुड़ें तो हमें विश्व की इतनी प्राचीन और वैज्ञानिक भाषा से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।" यह सच भी है और इसे हमें खुले मन से स्वीकारना भी चाहिए ।

## सामयिक

वास्तव में भारत की सांस्कृतिक पहचान अगर आज पूरी दुनिया में है, तो उनमें से एक संस्कृत भाषा भी है। जिसे हम देव भाषा भी कहते हैं। इसके आंचल से ही हिन्दी, पाली, प्राकृत आदि कई भाषाएं विकसित हुईं हैं, यह भाषा संस्कृति की तरह व्यापक है । संस्कृत भाषा हिन्दू धर्म, जैन धर्म, बौद्ध धर्म और सिख धर्म में संचार का पारंपरिक साधन रही है। संस्कृत साहित्य को प्राचीन कविता, नाटक और विज्ञान के साथ-साथ धार्मिक और दार्शनिक ग्रंथों में इस्तेमाल होने वाले विशेषाधिकार भी प्राप्त है। हम देखते भी हैं कि इतिहासकार अलब-ए-रूनी ने संस्कृत भाषा की विशेषता पर खूब चार्चा की है।

इतिहासकार विल डूरान्ट लिखते हैं, "भारत की मातृभूमि कई प्रजातियों की जन्मदात्री रही है और संस्कृत यूरोपीय भाषाओं की जननी थी। इस प्रकार संस्कृत भाषा के महत्व को नकारा नहीं जा सकता। संस्कृत कंप्यूटर की कोडिंग के लिए सबसे उपयुक्त भाषा है। भारत की अधिकांश साहित्यिक रचनाएं, ग्रंथ, उपनिषद, संस्कृति, इतिहास और परम्परा से संबन्धित बाते संस्कृत में लिखी गईं हैं। इन ग्रंथों का अनुवाद कई भाषाओं में हुआ है मगर इसकी मौलिकता और जीवंतता संस्कृत भाषा में ही नीहित है। कालिदास की अद्भुत साहित्यिक कृतियां मेघदूतम, कुमारसंभव, बाणभट्ट की कादंबरी, पतंजलि के योग सूत्र, आध्यात्मिक ग्रंथ जैसे भगवद गीता, वेद, उपनिषद और बेशक दुनिया के महानतम महाकाव्य महाभारत और रामायण सभी मूल रूप से संस्कृत में लिखे गए ।"प्रसिद्ध इतिहासकार और लेखक विलियम कुक टेलर के ये शब्द हैं, "इस भाषा की महारत हासिल करना लगभग जीवनभर का श्रम है, इसका साहित्य अंतहीन लगता है' जर्मनी जैसे कई देशों में इस विषय को लेगर गहन विचार मंथन हो रहा है। भाषाविद आज भी इसके शोध में लगे हैं।" महर्षि श्री अरबिंदों के शब्दों में "अगर मुझसे पूछा जाए कि भारत के पास सबसे बड़ा खजाना क्या है और उसकी सबसे बड़ी विरासत क्या है।

# न्यायिक व्यवस्था में मील का पत्थर साबित होगा एक जुलाई का दिन

**कृष्णमोहन झा**

एक जुलाई की तारीख भारतीय लोकतांत्रिक और न्यायिक व्यवस्था में मील का पत्थर साबित होगी। देश में पुराने आपराधिक कानून को समाप्त करके नए आपराधिक कानूनों को लागू किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पहले देश की संसद में इसका मसौदा पेश किया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इसकी एक एक बात को सांसदों के समक्ष रखा। सदन ने जब इसे पास कर दिया, उसके बाद देश में यह कानून लागू हो सका है। पुराने आपराधिक कानूनों को निरस्त करना और नए कानूनों को अपनाना देश की वर्तमान वास्तविकताओं को दशार्ता है। भारतीय लोकाचार और संस्कृति को प्रतिबिंबित करने के लिए इन कानूनों का नाम बदला गया। जैसे कि भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 - पुरातन ब्रिटिश औपनिवेशिक युग से प्रस्थान का प्रतीक है, जिसमें सजा पर न्याय पर जोर दिया जाता है।

## न्याय

भारत सरकार ने जो तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 बनाए हैं, इसका उद्देश्य राष्ट्र की अद्वितीय सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक पहचान की रक्षा करना तथा उसे पुष्ट करना है। अंग्रेजों द्वारा बनाए गए और अंग्रेजी संसद द्वारा पारित किए गए इंडियन पीनल कोड, 1860, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (1898), 1973 और इंडियन एवीडेंस एक्ट, 1872 कानूनों को सरकार ने समाप्त कर दिया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 15 अगस्त को देश के सामने रखे गए पांच प्रण में से एक प्रण यह भी था कि गुलामी की सभी निशानियों को समाप्त करना। आज के ये तीनों विधेयक एक प्रकार से मोदी जी के इस एक प्रण की अनुपालना करने वाले हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आजादी से पहले के बनाए गए कानून को निरस्त करके उसे नए सुधारों के साथ देश में लागू करने का मन बनाया । भारतीय न्याय संहिता विधेयक-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक-2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 को लेकर राज्यसभा में हुई चर्चा के बाद केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि हम इन पर अगस्त, 2019 से ही विचार-विमर्श, चर्चा, सलाह कर रहे थे। सिर्फ कानूनों के नाम नहीं बदले हैं, बल्कि इनके उद्देश्य के अंदर आमूलचूल परिवर्तन किया गया है। इन तीनों कानून का उद्देश्य दंड देने का नहीं है, बल्कि न्याय देने का है, इनमें न्याय का विचार है। हमारे भारतीय विचार में न्याय एक प्रकार से अंब्रेला टर्म है। 'न्याय' शब्द में गुनाह करने वाला और विक्टिम, जिसको गुनाह के कारण भुगतना पड़ा है, दोनों को समाहित करके न्याय की एक संपूर्ण कल्पना है।

इससे पहले 11 अगस्त,2023 को लोकसभा में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 लोकसभा में पेश किए था। श्री अमित शाह के अनुसार, कानून में कुल 313 बदलाव किए गए हैं, जो भारत के क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में एक आमूलचूल परिवर्तन लाएंगे और किसी को भी अधिकतम 3 वर्षों में न्याय मिल सकेगा। खासतौर से इस कानून में महिलाओं और बच्चो का विशेष ध्यान रखा गया है, अपराधियों को सजा मिले ये सुनिश्चित किया गया है और पुलिस अपने अधिकारों का दुरुपयोग ना कर सके, ऐसे प्रावधान भी किए गए हैं।

एक तरफ राजद्रोह जैसे कानूनों को निरस्त किया गया है, दूसरी ओर धोखा देकर महिला का शोषण करने और मॉब लिंचिग जैसे जघन्य अपराधों के लिए दंड का प्रावधान और संगठित अपराधों और आतंकवाद पर नकेल कसने का काम भी किया है।

अमित शाह ने सदन में आश्वस्त किया कि 1860 से 2023 तक अंग्रेजी संसद द्वारा बनाए गए कानूनों के आधार पर इस देश का क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम चलता रहा। अब इन तीनों कानूनों की जगह भारतीय आत्मा के साथ ये तीन कानून स्थापित होंगे जिससे हमारे क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में बहुत बड़ा परिवर्तन आएगा।

## एक नजर में

### टाटीझरिया में चलाया गया दो पहिया वाहन जांच अभियान

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया पुलिस प्रशासन के ओर से सोमवार 1 जुलाई को मोटर साईकिल चालको का हेलमेट और गाड़ी का रजिस्ट्रेशन, ड्राइविंग लाइसेंस समेत अन्य कागजात जांच किया गया । जांच के दौरान ट्रैफिक नियमों के अनुसार प्रशासनिक कार्यवाही करते हुए प्रशासन ने मोटर साईकिल सवार चालकों से ट्रैफिक नियमों के बारे में बताया और वही राहगीर मोटर साईकिल चालकों तथा क्षेत्र वासियों से थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने कहा की जांच अभियान लगातार चलाया जाएगा। इसलिए बिना हेलमेट पहने और अपने वाहन के कागजात लिए अपने घर से बाइक में सवार होकर नही निकले चुकी बिना कागजात के कोई भी वाहन चलाना ट्रैफिक नियमों के विरुद्ध है और सुरक्षा के दृष्टि से हेलमेट पहनना मोटर साईकिल चालको को अतिवाश्यक है चुकी मानव शरीर का मस्तिष्क बहुत ही नाजुक अंग होता है जो की घटना दुर्घटना में हेलमेट ही मस्तिष्क को सुरक्षित रखता है। वाहन जांच अभियान के दौरान एस आई पवन कुमार,आरक्षी अशोक राम,हवलदार आबिद हुसैन,चौकीदार भोला शर्मा,भुनेश्वर यादव ,रवि कुमार मौजूद थे।

### आजसू पार्टी का हल्ला बोल 5 जुलाई को

**बड़कागांव।** आजसू पार्टी पूरे प्रदेश में वर्तमान जेएमएम और कांग्रेस सरकार के व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है।आजसू सभी प्रखंड मुख्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित कर सरकार और सरकार के शासन प्रशासन को झकझोर दिया है।इसी क्रम में बड़कागांव आजसू प्रखंड कमेटी के द्वारा 5 जुलाई को हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया है। जिसकी तैयारी हेतु आज बड़कागांव स्थित गुरुचट्टी आवासीय कार्यालय में बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा तथा संचालन घनश्याम दांगी ने किया।हल्ला बोल कार्यक्रम में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ उपस्थित रहेंगे। बैठक में केंद्रीय सचिव अनिकेत कुमार, उप प्रमुख वचन देव कुमार,केंद्रीय सदस्य राजा खान, कामेश्वर महतो, संदीप कुशवाह, जिला सचिव गीरेंद्र प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष शंकर मिश्रा, वीरेंद्र कुमार, अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष सब्बू खान, जावेद खान, तूलेश्वर महतो, अर्जुन कुमार, अरविंद कुमार, युवा अध्यक्ष नारायण प्रसाद, युवा सचिव पप्पू प्रसाद, अहमद राजा, योगेंद्र महतो, दिनेश्वर महतो, संतोष कुमार, नंदकिशोर राणा सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बिजली तार की चपेट में आने से पशु की मौत

**बरही।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत के ग्राम बेला में बिजली उक्त तार की चपेट में आने से बेला निवासी सुभाष यादव बैल की मौत हो गई। बता दे की घटना स्थल पर ट्रांसफार्मर लगा हुआ है और ट्रांसफार्मर के लिए दो बिजली का खंभा भी लगा हुआ है, उसी खंभा में कई तारे लगी हुई है, इसी तार की चपेट में आने से पशु की घटना स्थल पर मौत हो गई। भुक्तभोगी ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए क्षतिपूर्ति की मांग की है। जीप प्रतिनिधि गणेश यादव ने विभाग से क्षतिपूर्ति की मांग किया है।

### मासिक गुरुगोष्ठी में बीडीओ व बीइइओ ने प्रधानाध्यापको को दिए कई निर्देश


निर्देश देती बीडीओ व बीइइओ।

**चौपारण।** प्रखंड सभागार में सोमवार को मासिक गुरु गोष्ठी समपन्न हुई। गोष्ठी की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने किया। गोष्ठी का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी सीमा कुमारी के द्वारा किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी विद्यालयों को बेहतर शिक्षण कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी। इसके लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने विद्यालय को सदैव समर्थन करने की बात कही। मौके पर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ चौपारण इकाई के अध्यक्ष कमलेश कुमार कमल,वरिष्ठ शिक्षक सुरेन्द्र कुमार दास, डॉ. प्रदीप साहू, मृत्युंजय सिंह, संजय कुमार, रामखेलावन रविदास आदि ने मिलकर पुष्पगुच्छ देकर प्रखंड विकास पदाधिकारी मैडम का स्वागत किया। गोष्ठी में प्रोजेक्ट इम्पैक्ट, प्रयास तथा रेल कार्यक्रम पर विशेष निर्देश दिया गया। हाउस गठन, बाल संसद चुनाव, आदर्श कक्षा-कक्ष, सत्त मूल्यांकन, प्रयास कार्यक्रम आदि पर विशेष चर्चा किया गया। उपस्थित शिक्षकों को बच्चों के नेत्र जाँच करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। जांच पश्चात दृष्टि दोष वाले बच्चों को चश्मा दिया जाएगा। आज की गोष्ठी में कमलेश कुमार कमल, डॉक्टर प्रदीप साहू, सुरेन्द्र कुमार दास, कैसर आलम, शशिकांत शर्मा, संजय कुमार, सुबोध सिंह, मो० समदानी, सूर्यकांत सिंह, श्रीकांत शेखर, जग्गू कुमार, राजेश कुमार, ओमप्रकाश, अशेश्वर प्रजापति,सबिता कुमारी, कौशल्या कुमारी, लालमणि, मुनी यादव, सरोज कुमारी, सरस्वती देवी, मो० सईद, प्रभाकर, शैलेंद्र पांडेय आदि उपस्थित थे।

### छत का सीलिंग गिरने से युवक हुई मौत

**दारू।** दारू थाना क्षेत्रान्तर्गत बक्शीडीह निवासी संजय कुमार दास उम्र लगभग 44 वर्ष की मौत छत के सिलिंग गिरने से हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार के दोपहर में खाना खाकर अपने रूम के बेड पर आराम कर रहा था। इसी बीच करीब 1:30 बजे दोपहर में उनके रूम के छत का सीलिंग अचानक गिर गया। इससे उनके छाती में अंदरूनी चोट लग गई।छत गिरने की आवाज सुनकर उसकी माँ दौड़ कर कमरे में जा पहुंची अपने बेटे के ऊपर छत के मलवा गिरा देख अवाक तो हो गई परन्तु अपने को संभालते हुए उसके ऊपर से मलवा को हटाकर चीखने लगी। उनकी चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े।परिवार व आसपास के लोग बिना देर किए 108 एम्बुलेंस से इलाज के लिए आरोग्यम अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर उनके परिवार व क्षेत्र का माहौल गमगीन हो गया।संजय एक सामाजिक व्यक्ति था। वह हर किसी के दुःख सुख में हमेशा तत्पर रहता था। वह अपने पीछे पत्नी ,दो पुत्र व एक पुत्री को छोड़ गया। इनका अंतिम संस्कार मंगलवार को बेलासोती श्मशान घाट में किया जाएगा।

### रेनबो स्कूल बरही में पीटी-1 परिणाम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत

**बरही।** बरही प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में संचालित रेनबो स्कूल बरही में पीटी-1 की परीक्षाफल का प्रकाशन किया गया। तत्पश्चात पीटी-1 की परीक्षा में विद्यालय से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय से कक्षा दसवीं की छात्रा भावना प्रजापति ने प्रथम स्थान, कक्षा सातवीं की छात्रा नुजहत प्रवीण, जिज्ञासा कुमारी ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान एवं छठी कक्षा कक्षा के प्रत्युष कुमार ने विद्यालय में तीसरा स्थान पाया। इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए निदेशक सिकंदर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि यह प्रारंभिक परीक्षा है। इसमें सफल हुए बच्चों को अति उत्साहित भी होने की आवश्यकता नहीं है, इसे निरंतर बनाए रखना है। साथ ही साथ जो बच्चे इस परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं वह आगे की परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए निरंतर बेहतर पढ़ाई जारी रखें। साथ ही साथ उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य के कामना की। मौके पर शिक्षकों में प्रवीण कुमार, विद्यापति यादव, ऊषा यादव, पंकज कुमार, सुधा यादव, रिंकी कुमारी, शिवानी जायसवाल, विक्रम कुमार, रिफ्फत प्रवीण, अंशु कुमारी, प्रीति कुमारी, कुमारी स्वेता एवं संतोष कुमार उपस्थित रहे।

## शिक्षकों को बर्खास्तगी का फरमान वापस होने की उम्मीद

# मृगशिरा की तपिश के बाद आद्रा की शीतलता का एहसास

**शिक्षा विभाग में कुछ अच्छा होने के मिल रहे हैं संकेत!**

संदीप

**हजारीबाग।** बहुत पुरानी कहावत है 'लौट के बुद्धू घर को आए' सुबह का भुला शाम को घर लौट आए तो भुला नहीं कहा जाता। तकरीबन इसी तरह की बुद्धूगिरि हर इंसान के जीवन में एकाधिक बार तो आती ही है। यह अलग बात है कि हम लोग कभी यह स्वीकारते नहीं कि हम भी कभी बुद्धू थे, रहे हैं या हैं अथवा हमारी बुद्धू बनने की स्थिति भी कभी आ सकती है। यह शाश्वत सत्य है कि जिनमें बौद्धिकता लेश मात्र भी है वे कभी न कभी बुद्धू बनते ही हैं। खुद न बनें तो दूसरे लोग उन्हें बुद्धू बना ही जाते हैं। बात जिले के शिक्षा विभाग की करें तो यह कहावत चरितार्थ होने वाली है। बीते कुछ महीनों के गतिरोध अब समाप्ति की कगार पर हो सकती है। कहतें हैं धरती की तपिश के बाद उसमें शीतलता आती ही है। वैसी ही शीतलता का अहसास निकट में होने की उम्मीद दिखती है। ऐसे भी मृगशिरा नक्षत्र में धरती की तपिश अपनी चरम पर होती है। लेकिन आद्रा नक्षत्र उस तपिश को शीतल करती है। बस इसी आद्रा नक्षत्र का प्रभाव कहिए कि शिक्षा विभाग में अगले कुछ दिनों में बहुत हद तक अच्छा होने के संकेत मिल रहे हैं।

बुद्धुओं के मामले में कोई भी निश्चित नहीं है कि वे गए हैं तो कब पटरी पर या घर लौटेंगे। पर इतना गहरा और पक्का विश्वास सभी को है कि ये बुद्धू चाहे कितने फिसल गए हों, कहीं भी फिसल गए हों, किसी के भी हो लिए हों, किसी भी मोह या आकर्षण के आगोश में खो गए हों, एक न एक दिन लौटेंगे जरूर। कहने का अर्थ है जो जहां पदस्थापित थे संभव है वे फिर से वहां लौट जाएं।

### पुराने मामले हो सकते हैं रफा-दफा!



अब तक जो भी कार्यवाई शिक्षकों के खिलाफ की गई है, हो सकता है वे वापस ले लिए जाएं। बर्खास्तगी का फरमान वापस होने की उम्मीद जताई जा रही है। हम ऐसे ही नहीं कह रहे हैं बल्कि इसके संकेत भी हैं। विभाग के पत्रांक 1504 और 1504 'बी' कुछ इसी ओर इशारा कर रही है। बीते 26 तारीख को शिक्षा संगठनों से जुड़े नेताओं को साहेब ने बैठक के लिए आमंत्रित कीट था। लेकिन विद्रोह का बिगुल फूंकने वाले इसमें शामिल नहीं हुए। फिर पत्रांक 1504 'बी' जारी किया गया। हालांकि इसके बाद भी खिलाफत करने वाले शामिल तो नहीं हुए लेकिन अपनी प्रतिनिधियों की उपस्थिति दर्ज करा दी। बैठक में शिक्षकों का निलंबन वापस लेने, ग्रेडिंग आधारित प्रोन्नति, सहायक अध्यापकों का बकाया भुगतान, अवकाश तालिका संबंधी विसंगति, सेवानिवृत्त शिक्षकों की पावना राशि आदि पर चर्चा की गई। यह शिक्षा व शिक्षक हित के संदर्भ में सकारात्मक पहल है।वहीं अब तक शिक्षक प्रतिनिधि और साहेब की ओर से रस्साकशी का खेल चल रहा था। एक कदम ही सही दोनों ओर से आगे बढ़ने की कवायद तो चली है। इस पर विराम शायद बहुत पहले लग सकती थी। खैर देर से ही सही, लौट के बुद्धु घर तो आए।

# डॉक्टरों का कर्तव्य निष्ठा और सेवा भावना सराहनीय रू प्रवीण शर्मा


डॉ अनूप कुमार टोप्पो को सम्मानित करते क्लब अध्यक्ष व चार्टर अध्यक्ष।


मोमेंटो के साथ सम्मानित चारो डॉक्टर।

**रोटरी इंटरनेशनल का नया सत्र शुरूए रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा ने मनाया डॉक्टर्स डेए सीसीएल भुरकुंडा अस्पताल के डॉक्टरों को किया सम्मानितए कहा। कठिन परिस्थितियों में भी अपने दायित्व को जिम्मेदारी के साथ निभाते हैं डॉक्टर**

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा, रामगढ़।** रोटरी इंटरनेशनल का नया सत्र 1 जुलाई सोमवार को डॉक्टर्स डे के साथ शुरू हुआ। इस अवसर पर आदर्श क्षेत्रीय सीसीएन अस्पताल भुरकुंडा पहुंचकर क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन प्रवीण शर्माए सचिव रोटेरियन रंजीत गुप्ता व चार्टर अध्यक्ष प्रमजीत सिंह धामी ने डॉक्टरों का स्वागत करते हुए सम्मानित सम्मानित किया। इस दौरान रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा के पदाधिकारियों ने सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा के डॉ अनूप कुमार टोप्पोए डॉ नदीम अनवरए डॉ एम आफताब और डॉ राजेश कुमार को शॉल ओढ़ाकर एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया। मौके पर के नये सत्र के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने कहा कि डॉक्टर भगवान का दूसरा रूप माने जाते हैं। वे कठिन परिस्थितियों में भी अपने दायित्व को बेहतरीन जिम्मेदारी के साथ निभाते हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों का कर्तव्य निष्ठा और सेवा भावना सराहनीय है। आपसबों की जितनी भी सराहना की जाए कम है। अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि क्लब अपना सामाजिक दायित्व ईमानदारी पर्वक निभाता रहा है। आगे भी रोटरी भुरकुण्डा की सेवा जारी रहेगी । कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के रोटेरियन अशोक शर्माए डॉ एनके सिंहए श्रीकान्त गुप्ताए मुख्तार सिंहए राम अवतार प्रसादए अजय गोयलए राम किशोर प्रसादए विजय कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

**डॉक्टर्स डे पर सम्मानित किए गए आदर्श क्षेत्रीय सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा के चिकित्सक**

### कटीए केकए बंटी मिठाईए डॉक्टरों के कार्यों की हुई सराहना


समारोह में डॉक्टरों के साथ मौजूद अस्पतालकर्मी और अन्य।

**भुरकुंडा, रामगढ़।** आदर्श क्षेत्रीय सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा में सोमवार को अस्पताल परिवार द्वारा पूरे धूमधाम से समारोह पूर्वक डॉक्टर्स डे मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉक्टरों ने केक काटकर किया। समारोह में सेवाभाव से योगदान देने के लिए अस्पतालकर्मियों ने डॉ अनूप कुमार टोप्पोए डॉ नदीम अनवरए डॉ राजेश कुमार और डॉ मो. आफताब को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कहा गया कि चिकित्सक कठिन परिस्थियों में अपने दायित्व को बेहतरीन जिम्मेदारी के साथ निभाते हैं। डॉक्टरों की कर्तव्य निष्ठा और सेवा भावना सराहनीय है। डॉक्टरों की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। समारोह में सबों को केट व मिठाई खिलाकर डॉक्टर्स डे की बधाई दी गई। सम्मानित करने वालों में फारूक रजा, राहुल झा, चेतन, केडी शरण, गणेश साव, दिवाकर, नर्स सहित राजेंद्र, मोहन सिकंदर आदि कर्मी शामिल थें। मौके पर दर्जनों लोग मौजूद थें।

### झामुमो मांडू प्रखंड कमिटी द्वारा बूढाखाप चौक में मनाया गया स्व जगदेव महतो की 11वीं पुण्यतिथि


माल्यार्पण करते।

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** झामुमो मांडू प्रखंड कमिटी द्वारा बूढाखाप चौक में रविवार को स्व जगदेव महतो की 11वीं पुण्यतिथि को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि निस्वार्थ भाव से विकास के प्रति अपनी सेवा देने वाले स्व जगदेव महतो की भूमिका करमा वासियों के लिए अहम रही है। एक समय करमा मांडू ब्लॉक का सबसे बड़ा पंचायत हुआ करता था। वैसे समय में उन्होंने सभी लोगों को एक माले की तरह सूत्र में पिरोने का काम किया। यही नहीं बल्कि झारखंड अलग राज्य में भी अपनी महती भूमिका निभाई। ऐसे विचारधारा वाले व्यक्ति से हम सभी को प्रेरणा लेने की जरूरत है। बाद में उन्होंने हेमंत सोरेन को झारखंड वासियों का हितैषी बताते हुए आने वाले विधानसभा चुनाव में झामुमो की गढ़ को बचाने का लोगों से आग्रह किया। इससे पूर्व मौजूद लोगों ने हुल दिवस के रूप में क्रांतिकारी वीर सिद्धू कांहू के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। वहीं उनके याद में करीब 200 महिलाओं के बीच अतिथियों द्वारा छाता वितरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड उपाध्यक्ष मोहरलाल महतो एवं संचालन प्रखंड सचिव सुरेश चंद्र पटेल ने किया। मौके पर जिला सचिव विनोद महतो, प्रवक्ता संतोष कुमार, नगर अध्यक्ष राजकुमार साव, अरुण बनर्जी, महेंद्र मुंडा, सीताराम, जिला सचिव शाह मुखिया खागेश्वर महतो, प्रखंड कोषाध्यक्ष राजनाथ महतो, रामकिसुन गिरी, मोगल चंद्र पटेल, कामेश्वर प्रसाद वर्मा, भुवनेश्वर महतो, संजय महतो, दुबराज महतो, मनोज महतो, नासिर हुसैन, सुखदेव राम मुंडा, हीरानंद करमाली समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।


प्रपत्र VI 'क'
झारखण्ड सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू–अर्जन निदेशालय)
या समाहर्ता या समुचित सरकार

प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)
ज्ञापांक– 689/भू0अ0 दिनांक– 25.06.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–**गाड़ीलौंग** थाना–**टण्डवा**, थाना सं0–**59**,अंचल–**टण्डवा**,जिला–**चतरा** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना–**टण्डवा (MDR-072) सोपारम–बारियातु (N.H-99) तक पथ का चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण** अपेक्षित है।प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए हैं। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–**गाड़ीलौंग**, थाना–**टण्डवा**,थाना नं0–**59**,अंचल–**टण्डवा**,जिला–**चतरा** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–**1.14450**एकड़ यानि **0.4631** हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 53 | 216 | रैयती | कृषि | 0.00300 | अशेश्वर साव पिता–स्व0 घुरामन साव ग्राम–गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | प्रकाश साव | रामलाल महतो |
| 2 | 53 | 216 | रैयती | कृषि | 0.00300 | प्रकाश साव पिता– स्व0 घुटारी साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | फुलेश्वर साव | अशेश्वर साव |
| 3 | 53 | 217 | रैयती | कृषि | 0.00200 | फुलेश्वर साव पिता– स्व0 खेदन साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | कान्दू साव | प्रकाश साव |
| 4 | 53 | 218 | रैयती | कृषि | 0.00200 | कुलदीप साव पिता– लालपत साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला – चतरा। | नीज | रास्ता | कान्दू साव | फुलेश्वर साव |
| 5 | 53 | 219 | रैयती | कृषि | 0.00200 | फुनू साव पिता– गुजर साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला – चतरा। | नीज | रास्ता | गणेश साव | कान्दू साव |
| 6 | 53 | 220 | रैयती | कृषि | 0.00400 | गणेश साव पिता– स्व0 सुखलाल साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला – चतरा। | नीज | रास्ता | नागेश्वर बरई | फुनू साव |
| 7 | 111 | 231 | रैयती | कृषि | 0.01100 | प्रभुदयाल चौरसिया, नागेश्वर बरई, देनारायण बरई, रामलखन बरई चारो के पिता चमन बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला – चतरा। | नीज | रास्ता | धनी यादव | गणेश यादव |
| 8 | 51 | 236 | रैयती | कृषि | 0.05300 | छठिया देवी पति–धनी यादव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | नीज | प्रभुदयाल चौरसिया |
| 9 | 51 | 235 | रैयती | कृषि | 0.02100 | छठिया देवी पति–धनी यादव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | बनारस सिंह | नीज |
| 10 | 51 | 236 | रैयती | कृषि | 0.02700 | बनारस सिंह पिता–स्व0 गोवर्धन सिंह ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | सड़क | नीज |
| 11 | 51 | 234 | रैयती | कृषि | 0.03000 | बनारस सिंह पिता–स्व0 गोवर्धन सिंह ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | सड़क | नीज |
| 12 | 44 | 328 | रैयती | कृषि | 0.00700 | प्रताप चौरसिया, जयप्रकाश चौरसिया पिता–स्व0 गजेन्द बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | सड़क | नीज |
| 13 | 44 | 328 | रैयती | कृषि | 0.03100 | किशोरी चौरसिया, रामोतार चौरसिया, राजकुमार चौरसिया, तीनों के पिता स्व0 मोहन बरई मसो सीमा देवी पति–स्व0 रामलखन बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | प्रताप चौरसिया | श्वेता गुप्ता |
| 14 | 44 | 327 | रैयती | कृषि | 0.01100 | किनु राणा पिता–झमन राणा ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | लालो महतो | काजल देवी |
| 15 | 44 | 327 | रैयती | कृषि | 0.00600 | काजल देवी पति–उपेन्द कु0 नायक ग्राम–गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | किनू राणा | राजेन्द सोनी |
| 16 | 44 | 327 | रैयती | कृषि | 0.00500 | राजेन्द प्र0 सोनी पिता– कौलेश्वर सोनी ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | जय प्रकाश चौरसिया | काजल देवी |
| 17 | 44 | 327 | रैयती | कृषि | 0.01500 | जय प्रकाश चौरसिया, प्रताप कुमार चौरसिया दोनो के पिता स्व0 राजेन्द बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | नीज | राजेन्द सोनी |
| 18 | 44 | 330 | रैयती | कृषि | 0.01400 | श्वेता गुप्ता पिता– सुनिल कुमार गुप्ता ग्राम–गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | किशोरी चौरसिया | सुनिल गुप्ता |
| 19 | 44 | 330 | रैयती | कृषि | 0.00900 | सुनिल कुमार गुप्ता, राजेश कुमार गुप्ता दोनो के पिता स्व0 वासुदेव साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना–टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | श्वेता गुप्ता | विकास कुमार |
| 20 | 44 | 330 | रैयती | कृषि | 0.01200 | विकास कुमार पिता– स्व0 कन्हाई दास ग्राम–गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | सुनिल गुप्ता | शिवशंकर बरई |
| 21 | 44 | 330 | रैयती | कृषि | 0.00700 | शिवशंकर बरई पिता– स्व0 डढन बरई ग्राम–गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | विकास कुमार | उमेश कुमार |
| 22 | 44 | 330 | रैयती | कृषि | 0.00700 | उमेश कुमार पिता–स्व0 डढन बरई, ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | शिवशंकर बरई | कामता सीमाना |
| 23 | 23 | 202 | रैयती | कृषि | 0.00200 | मसो0 सविता देवी पति–स्व0 नरेश यादव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | लूरक यादव | रास्ता |
| 24 | 23 | 202 | रैयती | कृषि | 0.00400 | रामलखन चौरसिया पिता–स्व0 चमन बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | राजु राणा | ज्ञानी यादव |
| 25 | 23 | 202 | रैयती | कृषि | 0.00200 | लूरक यादव पिता–स्व0 रोहन यादव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | ज्ञानी यादव | नरेश यादव |
| 26 | 23 | 202 | रैयती | कृषि | 0.00600 | ज्ञानी यादव पिता–स्व0 महेश यादव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | लखन बरई | लूरक यादव |
| 27 | 67 | 322 | रैयती | कृषि | 0.01400 | लालो महतो पिता–स्व0 लोकी महतो ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | अर्जुन यादव | |
| 28 | 67 | 321 | रैयती | कृषि | 0.00300 | अर्जुन यादव पिता–स्व0 अनहच्छ महतो ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | कारू यादव | नीज |
| 29 | 67 | 321 | रैयती | कृषि | 0.00400 | अर्जुन यादव पिता–स्व0 अनहच्छ महतो ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | कारू यादव | नीज |
| 30 | 67 | 321 | रैयती | कृषि | 0.00400 | कारू यादव पिता–स्व0 अनहच्छ महतो ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | झालो देवी | अर्जुन यादव |
| 31 | 67 | 321 | रैयती | कृषि | 0.00700 | झानी देवी पति–स्व0 कामेश्वर महतो ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | विशुन यादव | कारू यादव |
| 32 | 97 | 320 | रैयती | कृषि | 0.00800 | कृष्णा यादव पिता–स्व0 विशुन यादव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | रामवृक्ष यादव | कामेश्वर यादव |
| 33 | 97 | 320 | रैयती | कृषि | 0.00200 | मालती देवी पति– रामवृक्ष यादव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | दशरथ यादव | कृष्णा यादव |
| 34 | 97 | 320 | रैयती | कृषि | 0.00300 | प्रसाद यादवपिता–दशरथ यादव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | बिरजू यादव | रामवृक्ष यादव |
| 35 | 97 | 320 | रैयती | कृषि | 0.00100 | बिरजू यादव पिता–भुनेश्वर यादव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | रविन्द्र यादव | – |
| 36 | 97 | 320 | रैयती | कृषि | 0.00100 | तारामनी देवी पति–ईश्वर यादव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | रविन्द यादव | बिरजू यादव |
| 37 | 97 | 320 | रैयती | कृषि | 0.00200 | जुगवा देवी पति–रविन्द्र यादव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | सुभाष चौरसिया | ईश्वर यादव |
| 38 | 71 | 201 | रैयती | कृषि | 0.00600 | मसो0 रामकलिया देवी पति–स्व0 बालेश्वर राणा ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | कृष्णा राणा | रामलखन बरई |
| 39 | 71 | 201 | रैयती | कृषि | 0.00700 | कृष्णा राणा पिता– स्व0 खिरोधर राणा ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | रामेश्वर राणा | रामकली देवी |
| 40 | 71 | 201 | रैयती | कृषि | 0.00500 | बालेश्वर साव, लालदेव साव वगै0 पिता–स्व0 मोगल साव, ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | गणेश यादव | रामेश्वर राणा |
| 41 | 71 | 201 | रैयती | कृषि | 0.00300 | रामेश्वर राणा पिता– स्व0 छेदी राणा ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | मोगल साव | कृष्णा राणा |
| 42 | 114 | 200 | रैयती | कृषि | 0.00800 | गणेश यादव पिता– स्व0 पूरन यादव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | विपिन यादव | भोगल यादव |
| 43 | 4 | 199 | रैयती | कृषि | 0.00600 | विपीन यादव, महेन्द्र यादव, दोनो के पिता स्व0 महादेव यादव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | महेन्द यादव | गणेश यादव |
| 44 | 7 | 198 | रैयती | कृषि | 0.00400 | महेन्द यादव पिता–स्व0 महादेव यादव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | नीज | विपिन यादव |
| 45 | 108 | 197 | रैयती | कृषि | 0.00300 | महेन्द्र यादव, विपीन यादव दोनो के पिता स्व0 महादेव यादव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | श्रवण यादव | नीज |
| 46 | 108 | 197 | रैयती | कृषि | 0.00100 | श्रवण यादव, भागवत यादवदोनो के पिता स्व0 देवा यादव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | दुबराज यादव | महेन्द यादव |
| 47 | 108 | 197 | रैयती | कृषि | 0.00200 | दुबराज यादव पिता– स्व0 प्रभु यादवग्राम–गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | रिंकु यादव | श्रवण यादव |
| 48 | 35 | 196 | रैयती | कृषि | 0.00200 | मसो0 बिसनी देवी पति– स्व0 खिरोधर यादव, फुलमतिया देवी पति– स्व0 दीलु यादव | नीज | रास्ता | फुलमतिया देवी | दुबराज यादव |
| 49 | 35 | 196 | रैयती | कृषि | 0.00200 | मसो0 फुलवा देवी पति–स्व0 करमा भुईयां ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | करम भुईया | बिसनी देवी |
| 50 | 120 | 195 | रैयती | कृषि | 0.00300 | मसो0 फुलवा देवी पति–स्व0 करम भुईयां ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | फकुली खातुन | फुलमतिया देवी |

(क्रम सं0–01 से 50 तक)

लगातार प्रकाशित..........

उपायुक्त, चतरा।

PR 328321 (Land Reforms) 24-25 (D)

स्पीड न्यूज

## 258 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरित

**जयनगर (कोडरमा)।** कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना उन्नति का पहिया के तहत सोमवार को जयनगर प्रखंड के विभिन्न 10 सरकारी विद्यालयों में कक्षा आठ में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया। जिसमें आदर्श मध्य विद्यालय जयनगर, बालिका मध्य विद्यालय जयनगर, मध्य विद्यालय सतडीहा जयनगर, मध्य विद्यालय लतबेधवा जयनगर, मध्य विद्यालय मकतपुर जयनगर, उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोदखर जयनगर, उत्क्रमित उच्च विद्यालय नईटांड जयनगर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय हिंदी विद्यालय कथाडीह जयनगर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय साथ और उत्क्रमित मध्य विद्यालय योगियाटीलहा जयनगर के बच्चों के बीच कुल 251 छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख अंजू देवी, बीडीओ गौतम कुमार, राज नारायण सिंह, इस्लाम अंसारी, सुनील यादव, शेख शकील अहमद, राधा सिंह एवं विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य समेत छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## विधायक ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात, बंधाया ढाढ़स

**कोडरमा।** विधायक डॉ.नीरा यादव ने शांति मोटल रेस्टुरेंट में हुए डबल मर्डर में मृतक के परिजनों से जलवाबाद जाकर मुलाकात कर ढाढ़स बंधाया। वहीं उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को मेरी ओर से हर संभव मदद किया जायेगा। साथ दोनों परिवार के बच्चे जो निजी विद्यालय में पढ़ रहे हैं उनका पढ़ाई जारी रखने के लिए विद्यालय के संचालक से जल्द बात कर समाधान किया जायेगा। वहीं उन्होंने कहा कि जब से बिहार में शराबबंदी हुई है तब से बिहार झारखंड के बॉर्डर क्षेत्र के मेघातरी और सतगावां अपराध का हब बन गया है। प्रत्येक दिन कुछ न कुछ अप्रिय घटना सुनने को मिल ही जाती है। इसे लेकर पुलिस अधीक्षक से विशेष वार्ता हुई है। मौके पर संतोष चंद्रवंशी, राजकुमार यादव, शंकर सिंह, राजू खान, सोनू आलम समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## विधायक ने किया पेवर ब्लॉक सड़क का शिलान्यास

**कोडरमा।** विधायक डॉ.नीरा यादव के द्वारा सुधा स्वीट्स के सामने मार्केट कॉम्प्लेक्स के सामने जयनगर रोड में पेवर ब्लॉक सड़क का शिलान्यास किया गया। वहीं उन्होंने कहा कि क्षेत्र में इस तरह के विकास कार्य मेरे द्वारा लगातार किया जा रहा है और आगे भी जारी रहेगा। वहीं उन्होंने कहा कि जहां-जहां जन समस्या है उन समस्याओं को दूर करने का लगातार प्रयास की जा रही है। मौके पर नरेंद्र पाल, पप्पू पांडेय, राजेश यादव, विनोद यादव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## बरगद का पुराना पेड़ सड़क पर गिरा, घण्टों रहा आवागमन ठप

**मरकच्चो (कोडरमा)।** कोडरमा-कोवाड मुख्य मार्ग ग्राम जामु रवानी होटल के समीप बारिश व हवा के कारण बरगद का पुराना पेड़ सड़क पर गिर गया, जिससे घण्टों आवागमन ठप रहा। जिसे ग्रामीणों की मदद से हटाया गया, तब आवागमन शुरू हुई। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रात होने की वजह से सड़क सुनसान था। जिस कारण किसी प्रकार की घटना नही हुई, अगर दिन होता तो घटना घट सकती थी।

## चंद्रवंशी प्रतिभा सम्मान समारोह 14 जुलाई को

**कोडरमा।** चंद्रवंशी विकास मंच की मासिक बैठक रविवार को महावीर मोहल्ला निवासी मंच सदस्य मुकेश कुमार राम के आवास पर मुख्य संरक्षक सदस्य रामेश्वर राम रवानी, जय प्रकाश राम, बिरेंद्र राम, उमेश राम, प्रवीण चंद्रा, सीता राम भगत, ओम प्रकाश राम की उपस्थिति में मंच अध्यक्ष चंद्रवंशी दीपक नवीन की अध्यक्षता व सचिव महेश भारती के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में रवि राम, राजेंद्र वर्मा, दीपक सिंह, सुरेंद्र भारती, अरुण राम, उपेंद्र वर्मा, विजय राम, दिवाकर राम, प्रेम कुमार आदि लोग मौजूद थे।

### सदर अस्पताल में मना राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

# स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में डॉक्टरों की अहम भूमिका होती है : सिविल सर्जन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** सदर अस्पताल स्थित सभागार में प्रधानमंत्री जनऔषधि परियोजना के तत्वावधान में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया गया। वहीं समारोह का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने किया। कार्यक्रम में शामिल चिकित्सकों को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की बधाई देते हुए सीएस ने कहा कि चिकित्सक समाज के मुख्य स्तम्भ होते हैं और समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ साथ एक स्वस्थ राष्ट्र निर्माण में भी अहम भूमिका निभाते हैं, उन्होंने कहा कि चिकित्सक दिवस हर वर्ष इसलिए मनाया जाता है ताकि समाज के प्रति डॉक्टरों के समपर्ण और योगदान का सम्मान किया जा सके। वहीं उन्होंने कहा कि वैसे तो सदर अस्पताल में जरूरी दवाइयां उपलब्ध है, मगर जनऔषधि केंद्र खुलने से मरीजों को काफी सस्ती दर में दवाइयां उपलब्ध हो रही है इससे उन्हें काफी लाभ मिल रहा है। वहीं उन्होंने डॉक्टरों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी जेनरिक दवाइयां ही लिखे ताकि मरीजों को कम दामों में दवाइयां उपलब्ध हो सके।

वहीं जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ.रमण कुमार ने कहा कि डॉक्टर को भगवान का दूसरा रूप भी कहा जाता है, क्योंकि माता पिता के बाद अगर कोई अच्छे से देखभाल करता है तो वह डॉक्टर है। ईश्वर ने हमें समाज कल्याण के लिए बहुत बड़ी जिम्मेवारी सौंपी है। इसे हमें गम्भीरतापूर्वक निर्वहन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कभी कोई व्यक्ति स्वास्थ्य से जुड़ी संकट में उलझते हैं तो डॉक्टर ही वह शख्स होता है जो मौत की गोद से निकालकर दुबारा जिंदगी देने का कार्य करता है।

वहीं डीएस डॉ रंजीत कुमार ने कहा कि सदर अस्पताल में जनऔषधि केंद्र खुलने से अस्पताल आने वाले मरीजों खास कर गरीबों को काफी सस्ती दर में दवाइयां उपलब्ध हो रही है, जिससे उन्हें काफी राहत मिलती है। इसके पूर्व प्रधानमंत्री जनऔषधि परियोजना के स्टेट नोडल पदाधिकारी सुमित पांडेय ने जेनरिक दवाइयों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि गरीबों को सस्ती दर में सभी प्रकार की दवाइयां मिले ताकि दवा के अभाव में कोई भी व्यक्ति इलाज से वंचित न रहे। इसी उद्देश्य को लेकर केंद्र सरकार द्वारा देश के लगभग सभी जिलों में जनऔषधि केंद्र के माध्यम से गरीबों को बेहतर दवाइयां कम मूल्य में उपलब्ध करवाने का काम किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन के द्वारा सदर अस्पताल के चिकित्सकों को मोमेंटो और शॉल देकर सम्मानित किया गया।

## बिजली, पानी, स्वास्थ्य को लेकर एक दिवसीय धरना



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में सोमवार को पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने अपने समर्थकों के साथ प्रखंड में बिजली, पानी, स्वास्थ्य समेत विभिन्न जनसमस्याओं की लचर व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरने के दौरान उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में बिजली, पानी, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं की घोर कमी है। इसको लेकर क्षेत्र की जनता को बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। वहीं उन्होंने प्रखंड में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी पर चिंता जताई और स्वास्थ्य व्यवस्था की लचर स्थिति को सुधार करने की मांग की। साथ ही प्रखंड में पेयजल समस्या को गंभीर बताते हुए कहा कि सभी खराब पड़े चापाकलों को जल्द से जल्द दुरुस्त करने की आवश्यकता है। वहीं उन्होंने मनरेगा योजनाओं के क्रियान्वयन व भुगतान में हो रही देरी पर चिंता जताई तथा किसानों को खाद व बीज समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। इसके आलावे उन्होंने कहा कि आय, जाति एंव आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने में शिथिलता के कारण गरीब व निर्धन परिवार छात्रों को छात्रवृत्ति से वंचित होने तथा आवास निर्माण में बालू का उठाव पर रोक लगाने पर इसे प्रशासनिक नियम कानून को रोड़ा बनने की बात कही। वहीं वक्ताओं ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं का जल्द समाधान हो। धरना के माध्यम से जनता की आवाज को बुलंद करने के लिए शालिनी गुप्ता के प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह धरना प्रदर्शन निश्चित ही परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम के समापन के उपरांत पूर्व जिप अध्यक्ष ने उपायुक्त के नाम एक ज्ञापन सीओ ओम प्रकाश बड़ाईक को सौपा। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का संचालन मंटु गुप्ता ने किया।

## कांग्रेस पार्टी की बैठक में केएन त्रिपाठी की हार की समीक्षा

**चतरा।** चतरा सर्किट हाउस में कांग्रेस पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी की हार की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सह चुनाव परिणाम कमेटी प्रदीप कुमार बलमुचो ने की। बैठक में समीक्षा समिति के सदस्य भीम कुमार, सुलतान अहमद और लोकसभा प्रत्याशी कृष्णानंद त्रिपाठी के अलावा कांग्रेस पार्टी के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

## जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की त्रैमासिक बैठक सम्पन्न

**कोडरमा।** समारहणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की त्रैमासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिले के सभी बैंको के प्रदर्शन पर विस्तृत चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान वित्तीय वर्ष 2023-24 के मार्च तिमाही तक सभी बैंको के कार्यों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देशित किया कि जिले में कृषि के क्षेत्र में और सुधार लाने की आवश्यकता है। आगे सभी बैंको के समन्वयक को निर्देशित किया कि जिले का ऋण जमानुपात 41.65 प्रतिशत है, उसे बढ़ाने की आवश्यकता है।

## तीन नए अपराधिक कानूनों के विरुद्ध माकपा ने मनाया प्रतिवाद दिवस



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** भारतीय अपराधिक कानून आईपीसी, आईईए और सीआरपीसी को बदलकर केंद्र सरकार देश के तीन नए अपराधिक कानूनों को 1 जुलाई से लागू करने के खिलाफ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के बैनर तले सोमवार को कोडरमा बाजार से जुलूस निकालकर कोर्ट के समीप प्रतिवाद दिवस आयोजित किया। ज्ञात हो कि दिसम्बर 2023 में संसद में 150 विपक्षी सांसदों को निष्काशित कर बिना किसी चर्चा के यह तीनों अपराधिक कानून अलोकतांत्रिक तरीके से पारित किये गए थे। वहीं सभा को संबोधित करते हुए सीपीएम के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने कहा कि पुराने अपराधिक कानूनों में अनेक दमनकारी प्रावधान थे, जिसका इस्तेमाल राज्य दमन के लिए किया जाता रहा है। इन प्रावधानों को खतम कर अपराधिक कानूनों को जन पक्षीय बनाने के बजाय मोदी सरकार ने और ज्यादा दमनकारी कानून बना दिया है। इन तीन नए अपराधिक कानूनों से अब राज्य सत्ता के लिए नागरिक अधिकारों को कुचलना और आसान हो जायेगा। यह कानून लोकतांत्रिक मूल्यों और अधिकारों को ख़त्म कर देश को एक पुलिसिया राज्य बना देगा और गुलाम नागरिक होने के लिए मजबूर किया जाएगा। ये नए कानून झारखंड के लिए भयावय संदेश है जहां आदिवासी, दलित, पिछड़े और मुसलमानों पर पुलिसिया दमन का लम्बा इतिहास है। वहीं माकपा के जिला सचिव असीम सरकार ने कहा कि नये अपराधिक कानून से देश में स्थाई आपातकाल लगाने की साजिश हो रही है। कानून लागू होने से पुलिस कभी किसी को भी आतंकवाद और राजद्रोह के जुर्म में गिरफ्तार कर सकती है। इसलिए यह जरूरी है कि लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों को बचाने के लिए सभी नागरिक इन कानूनों का विरोध करें और इनके कार्यान्वयन पर रोक लगाने की मांग करें।

## चतरा महाविद्यालय ने अपना 64वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** चतरा महाविद्यालय, चतरा ने अपना 64वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएँ और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य अतिथि, विनोबा भावे विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर-कम डी.एस.डब्ल्यू. प्रोफेसर (डॉ.) मिथिलेश कुमार सिंह ने महाविद्यालय के योगदान की सराहना की और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चतरा महाविद्यालय के वर्तमान प्रचार्य डॉक्टर मुकेश कुमार झा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और महाविद्यालय द्वारा गढ़ी गई प्रतिभाओं का उल्लेख किया। विशिष्ट अतिथियों में चतरा महाविद्यालय के पूर्व प्रचार्य डॉक्टर आर.पी.राय, प्रो.पी.के. द्विवेदी और विनोबा भावे विश्वविद्यालय इतिहास विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रधान शामिल थे।कार्यक्रम में विभिन्न विभागाध्यक्षों और प्रोफेसरों ने भी भाग लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के सभी प्रोफेसरों और शिक्षेतर कर्मियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।चतरा महाविद्यालय की स्थापना 1 जुलाई 1961 को गीता आश्रम महाविद्यालय के नाम से हुई थी और बाद में इसका नाम बदलकर चतरा महाविद्यालय कर दिया गया। वर्तमान में यह महाविद्यालय विनोबा भावे विश्वविद्यालय का एक अंग है। बी.एड. विभाग के अध्यक्ष डॉ. नंद किशोर सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों में उत्साह बढ़ता है और उन्हें बेहतर से बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एल्विन बखला और प्रो. विवेक आशीष बाखला ने किया, और धन्यवाद ज्ञापन ग्लोरिया ग्रॉस होरो ने किया। इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. डी.एन. राम, अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनीष दयाल सर, गणित विभागाध्यक्ष डॉ. हेमंत मिसरा, प्रो. प्रेम बसंत बाखला, प्रो. अमित कुमार सिंह, प्रो. शोभा कुजूर, डॉ. मोहम्मद मुमताज अंसारी, प्रो. अतुल अनुराग तिर्की, प्रो. अमित प्रवीण तिग्गा, प्रो. चंद्रकांत कमल और प्रो. अंसुमय लायक उपस्थित थे।

## मंत्री सत्यानन्द भोगता ने कुंदा प्रखंड का किया दौरा



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** मंत्री सत्यानन्द भोगता ने कुंदा का दौरा किया और प्रखंड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार गरीबों के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक इन योजनाओं का लाभ पहुँचाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने योग्य लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री बहन बेटी स्वलंबन योजना के तहत पेंशन, आवास, ऋण, छात्रवृत्ति, साइकिल वितरण समेत अन्य कई योजनाओं का स्वीकृति पत्र और परिसंपत्तियों का वितरण किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार, बीपीओ अजय सिन्हा, कुंदा पंचायत रोजगार सेवक मुसाफिर यादव समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

## मंत्री ने किया जनकल्याणकारी योजनाओं का स्वीकृति पत्र समेत परिसंपत्तियों का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



लाभुक को स्वीकृति पत्र देते मंत्री व जिप उपाध्यक्ष

**चतरा।** झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानन्द भोगता ने सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर कान्हाचट्टी पहुँचकर प्रखंड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। मंत्री श्री भोगता ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड सरकार बेहद संवेदनशील है और गरीबों के लिए सैकड़ों जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है।

उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाना सरकार की प्राथमिकता है और उनकी सरकार हरेक क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है।

इस कार्यक्रम में मंत्री श्री भोगता ने योग्य लाभुकों के बीच अबुवा आवास, सर्वजन पेंशन योजना, श्रम विभाग निबंधन कार्ड, जॉब कार्ड, छात्रवृत्ति योजना, साइकिल वितरण योजना, समेत अन्य कई जनकल्याणकारी योजनाओं का स्वीकृति पत्र वितरित किया और करोड़ों रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण भी किया। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव, जिलापरिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, मंत्री प्रतिनिधि अजय राम, अनुमंडल पदाधिकारी सुरेंद्र उराव, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रमोद कुमार इंदु देवी, मंत्री मुखिया आफताब आलम, मुखिया सोभा देवी, मुखिया धनश्याम पासी, समाजसेवी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

एक नजर में

## पर्यावरण संरक्षण के लिए विजन पब्लिक स्कूल की अनूठी मुहिम

**इटखोरी।** द विजन पब्लिक स्कूल ने पर्यावरण बचाने के लिए 'जितने बच्चे उतने पौधे' नामक एक अनोखी मुहिम शुरू की है। इस मुहिम के तहत, स्कूल के 1000 छात्रों के लिए 1000 पौधे लगाए जाएंगे। स्कूल के निदेशक नीरज सिन्हा ने कहा कि इस वर्ष की भीषण गर्मी ने उन्हें प्रेरित किया कि वे प्रकृति को बचाने के लिए कुछ करें। उन्होंने कहा कि शिक्षक का काम केवल किताबें पढ़ाना नहीं है, बल्कि समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना भी है। स्कूल 1 जुलाई से 7 जुलाई तक 'क्लीन सिटी ग्रीन सिटीस अभियान चला रहा है, जिसके तहत आसपास के गांवों, प्रखंडों और पंचायतों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। नीरज सिन्हा ने अपने जन्मदिन के अवसर पर विद्यालय के बच्चों के साथ पौधा लगाकर यह संदेश दिया कि सभी को अपने जन्मदिन पर एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह कदम छोटा जरूर है, लेकिन इसके दूरगामी परिणाम होंगे। स्कूल का लक्ष्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना है जहां लोगों के मन में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता बढ़े।

## अभाविप की नई कमेटी की हुई घोषणा

**चतरा।** 27 से 30 जून 2024 तक जमशेदपुर में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) झारखंड प्रदेश के चार दिवसीय प्रदेश अभ्यास वर्ग के अंतिम दिन, सत्र 2024-25 के लिए नई प्रदेश कमेटी की घोषणा की गई। चतरा से प्रवीण कुमार सिंह को पुनः विनोबा विश्वविद्यालय का संयोजक बनाया गया, जिन्होंने अपने पिछले कार्यकाल में शैक्षणिक सुविधाओं में सुधार, छात्रवृत्ति योजनाओं की प्रभावी क्रियान्वयन और विद्यार्थियों की समस्याओं के त्वरित समाधान जैसे अनेक उत्कृष्ट कार्य किए हैं। हजारीबाग विभाग के संयोजक के रूप में रोहित पांडे को नियुक्त किया गया है, जिनके नेतृत्व में विभाग में शिक्षा और विकास के कार्यों को और गति मिलेगी। मुन्ना यदुवंशी को जिला संयोजक, अंकुश अग्रवाल को प्रदेश कार्यालय सह मंत्री, और पीयूष गुप्ता को बोकारो जिला का संगठन मंत्री नियुक्त किया गया है।

## जिला नियोजन पदाधिकारी ने किया एनटीपीसी के कॉन्ट्रेक्ट्रो के साथ बैठक

**चतरा।** झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र के स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 के अनुपालन की समीक्षा बैठक 28 जून 2024 को एनटीपीसी टंडवा में हुई। बैठक में उपस्थित कांट्रेक्टर को अधिनियम के तहत झार नियोजन पोर्टल पर रिक्तियों, त्रैमासिक रिपोर्ट और कार्यरत मानव बल का विवरण अपलोड करने का निर्देश दिया गया। जिला नियोजन पदाधिकारी ने कांट्रेक्टरों को जनवरी 2024 से अब तक बहाल किए गए कर्मियों की विवरणी एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराने को कहा।अधिनियम के लागू होने के बाद से 10 या उससे अधिक मानव बल वाले सभी तरह के नियोजकों की 40,000/ से कम मासिक वेतन/पारिश्रमिक वाले पदों की 75 प्रतिशत रिक्तियों के विरुद्ध स्थानीय उम्मीदवारों को बहाल किया जाना अनिवार्य है। जिला नियोजनालय चतरा द्वारा 19 जुलाई 2024 को टण्डवा प्रखण्ड परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कांट्रेक्टरों को अपनी रिक्तियों के साथ भाग लेने को कहा गया है।

## प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**चतरा।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत पूरे भारत में 14500 विद्यालयों को पीएम श्री विद्यालय के रूप में चिन्हित किया जा रहा है, जिसमें चतरा जिले से 14 स्कूलों का चयन किया गया है। इन स्कूलों के प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों के लिए 5 दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन उत्सव पैलेस चतरा में किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला शिक्षा अधीक्षक चतरा अभिषेक बड़ाइक द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में पीएम श्री स्कूलों को मिलने वाली विभिन्न प्रकार की भौतिक सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर पर चर्चा की गई। साथ ही, इन स्कूलों के 6 पिलर्स पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

## पूर्व सांसद सुनील कुमार सिंह का नाम वाले शिलापट्ट ने खड़ा किया विवाद

**चतरा।** चतरा कॉलेज के पास शनिवार को लगाया गया पूर्व सांसद सुनील कुमार सिंह की तस्वीर वाले बैनर और शिलापट्ट ने विवाद खड़ा कर दिया है। कुछ लोगों का मानना है कि यह मौजूदा सांसद काली चरण सिंह के पद की गरिमा से खिलवाड़ है, जबकि कुछ का कहना है कि यह पूर्व सांसद को खुश करने की साजिश है। शिलापट्ट पर 16 मार्च 2023 को हुए बस स्टैंड शेड निर्माण कार्य के शिलान्यास के रूप में उनका नाम दिखाया गया है। संवेदक रवींद्र कुमार शर्मा का कहना है कि उन्हें काम सुनील कुमार सिंह के प्रयासों से मिला था, इसलिए उन्होंने उनकी ही तस्वीर लगाई है।

## ग्रिजली विद्यालय में येलो कलर डे का आयोजन

**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिज़ली विद्यालय के प्री-प्राइमरी के छात्रों के लिए येलो कलर-डे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनकी रचनात्मकता और कौशल को विकसित करते हुए पिले रंग को पहचानने तथा पिले रंग से सम्बंधित विषयों पर उनका मार्गदर्शन करना था। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वहीं कक्षा एलकेजी के छात्र हर्ष एवं ग्रुप के द्वारा येलो ग्रुप गान प्रस्तुत किया। कक्षा यूकेजी के छात्र शिवांश कुमार ने सूर्यमुखी बनकर रोल प्ले किया एवं छात्रा कयरा ने केला बनकर रोल प्ले किया। वहीं कक्षा नर्सरी के छात्रों ने आम फलों का राजा है के ऊपर कविता प्रस्तुत किया।

## राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव टीम ने पीड़ित परिवार को किया आर्थिक मदद

**कोडरमा।** राजद टीम सोमवार को बीते दिनों होटल संचालक समेत कर्मी की डबल मर्डर मामले के पीड़ित परिवार से मुलाकात की। राजद नेताओं ने परिवार को इस दुःख की घड़ी में हरसंभव मदद दिलाने का भरोशा दिलाया। वहीं उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार के साथ राजद हमेशा खड़ी है। बतादें की बीते दिनों होटल संचालक नसीम एराकी और अंजार आलम की बेहरमी से गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी, मृतक जलवाबाद के रहने वाले थे। दोनों मृतक परिवार के एम मात्र कमाऊ सदस्य थे। वहीं नसीम और अंजार की मौत के बाद परिवार पूरी तरह से बिखर गया। वहीं राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव की टीम ने जलवाबाद स्थित दोनों मृतक के परिजन को आर्थिक मदद सौंपी।

## चंदवारा प्रखंड के सहायक अध्यापकों ने अपनी मांगों को लेकर निकाला मशाल जुलूस

**चंदवारा (कोडरमा)।** झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा राज्य इकाई के आह्वान पर सोमवार को चंदवारा प्रखंड के सहायक अध्यापकों ने प्रखंड मुख्यालय से लेकर बजरंगबली चौक तक वेतनमान, अनुकंपा, इपीएफ, लागू करवाने के लिए मशाल जुलूस निकाले। वर्तमान सरकार ने अपने चुनाव की रैली में बार-बार बोल रही थी कि हमारी सरकार बनेगी तो तीन महीने के अंदर सहायक अध्यापकों को वेतनमान देंगे जो झूठा साबित हुआ। सरकार को जगाने के लिए 26 जून को सभी सत्ता पक्ष के मंत्री विधायक को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया एवं आठ जुलाई को मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। तत्पश्चात सरकार मांगी पूरी नहीं की तो 20 जुलाई से मुख्यमंत्री आवास के समक्ष सहायक अध्यापक अनिश्चित कालीन घेराव एवं धरना प्रदर्शन करेंगे।

## स्पीड न्यूज

### डॉक्टरों को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है डॉक्टर्स डे : राजकुमार



गुमला। लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा चिकित्सक दिवस पर गुमला सदर अस्पताल के उपाधीक्षक के कार्यालय कक्ष मे चिकित्सक दिवस समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता लायन्स क्लब ऑफ गुमला के अध्यक्ष ला राजकुमार अग्रवाल ने किया। अध्यक्ष ने उपस्थित सभी चिकित्सको को बुके देकर स्वागत करते हुए कहा कि नेशनल चिकित्सक दिवस शिक्षाविद और बंगाल के पूर्व सीएम डॉ बिघान चन्द्र राय को और सभी डाक्टर को सम्मान देने के उदेश्य से मनाया जाता हे। सचिव ला अशोक कुमार जायसवाल ने कहा कि चिकित्सक को हमारे देश में भगवान की उपाधी दी जाती है। क्योंकि चिकित्सक लोगों को जीवन दान देने का कार्य करते है। सदर हॉस्पिटल के उपाधीक्षक डॉ अनुपम किशोर ने कहा कि आज चिकित्सको के सम्मान में गुमला लायन्स क्लब गुमला के सदस्य चिकित्सकों को सम्मानित कर रहे हैं। जिससे चिकित्सक उत्साहित हैं और उनमें उर्जा का संचार हो रहा है। डॉ हर्षा कौर ने कहा कि चिकित्सको के मेहनत के संबंध कोई इस तरह से सम्मानित करता है तो हमे खुशी का एहसास होता है। इस अवसर पर डॉ स्वेता कुमारी, डॉ रैना सोनाली, डॉ सोनी कुमारी, डॉ रजना चौघरी, डॉ ज्योति कुमार, डॉ पीसी भगत, सीमा गुप्ता, डॉ जितेंद्र कुमार सिंह, राजकुमार अग्रवाल, ला अशोक कुमार जायसवाल, ला मुरली मनोहर प्रसाद ला योगेन्द्र प्रसाद साहु, ला अनिल अग्रवाल, ला सजीव उर्वशी, ला बनवीरी लाल अग्रवाल, ला महेश प्रसाद गुप्ता, ला दामोदर कसेरा, अरुण केसरी, रिता कुमारी गुप्ता, ला शशि किरण जायसवाल, ला विजय गडोदिया, ला सत्य भामा अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### विस चुनाव पूरी ताकत से राज्य की हालात बदलने को लड़ी जायेगी लड़ाई : विजय



गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल केंद्रीय समिति की बैठक हूल दिवस पर गुमला स्थित परिसदन में केंद्रीय समिति सदस्य पुष्पा उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के पूर्व हूल क्रांति के नायक सिद्धू कान्हू, चांद भैरव व रनिया झुनिया को एक मिनट का मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। बैठक को संबोधित करते हुए झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड की हालत को बदलने के लिए अपना प्रतिनिधि विस में भेजने के लिए पूरी ताकत झोंकी जाएगी। झारखंड बचाओ अभियान तेज करने तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ व जनसमस्याओं को लेकर राज्य में आंदोलन तीखा करने और झारखंड तीसरा मोर्चा थर्ड फ्रंट द्वारा 28 सितंबर को आयोजित रांची के मोरहाबादी मैदान में झारखंड बचाओ महारैली में हजारों लोगों की भागीदारी के साथ महारैली में सम्मिलित होने की अपील की है। केंद्रीय प्रभारी नील जस्टिन बेक ने कहा है कि राज्य में सीएनटी एक्ट का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। दल ऐसे मामलों को लेकर आंदोलन तेज करेगी। वहीं महिला मंडल सहयोग संचालन समिति की प्रभारी पुष्पा उरांव ने राज्य में महिला उत्पीड़न की बढ़ती घटना के प्रति चिंता जाहिर करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार बलात्कार, हत्या जैसी अत्याचार को रोकने में पूरी तरह विफल है। बैठक में झारखंड बचाओ अभियान को राज्य के जिलों में ले जाने, 9 अगस्त को रांची में प्रतिवाद सभा करने, 20 अगस्त को महिला मंडल की सम्मेलन को सफल बनाने, विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियों में लोगों के जमा राशि की भुगतान के लिए 11 सितंबर को मुख्यमंत्री के समक्ष विशाल धरना कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। बैठक में हाफिजुर रहमान, प्रकाश उरांव, शिवचंद मांझी, आदित्य सिंह, शिवप्रसाद साहू, अनिल उरांव, सुरेंद्र महली, मोइनद्दीन अहमद, लिविनस केरकेट्टा, अलबिनुस टेटे, रीमिस कुजूर, बसंत बडाईक, सालगी उरांव उपस्थित थे।

### चैनपुर जारी रोड निर्माण में बना डायवर्सन बारिश के कारण तालाब में तब्दील



चैनपुर। जारी से चैनपुर तक बन रही सड़क में बारिश होते ही डायवर्सन तालाब में तब्दील हो गयी। शनिवार को हुए मूसलधार बारिश में सड़क की स्थिति काफी दयनीय हो गयी। राहगीरों को डायवर्सन में बारिश के कारण तालाब बन जाने के कारण पार करने में डर सा लग रहा था। बड़े वाहन तो किसी तरह पार हो जा रहे थे। लेकिन मोटर साइकिल सवार पानी के अंदर जाते ही फंस जा रहे थे। इसके बाद मोटरसाइकिल को धक्के मार कर निकालना पड़ रहा था। इसी तरह जारी से चैनपुर तक लगभग 20 पुल पुलिया के निर्माण कराना है और करीब करीब सभी पुल पुलिया में निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। वही आधे से ज्यादा डायवर्सन की स्थिति तालाब बनने वाली है। जिससे राहगीरों को बहुत बड़ी परेशानी हो सकती है। जारी प्रखंड से सैकड़ो बच्चे साइकिल चलाकर चैनपुर स्कूल जाते है। जिससे डायवर्सन में पानी भर जाने के कारण स्कूली बच्चों को आये दिन परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।यदि संवेदक के द्वारा डायवर्शन से पानी निकलने का रास्ता नही बनाया जाता है। तो प्रतिदिन राहगीर गिर कर घायल हो सकते है जो कि चिंता की बिषय है।

### सड़क दुर्घटना में 1 की मौत, दो घायल

घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के नेतरहाट रोड नगड़ी ढलान के समीप सोमवार को सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को स्थानीय लोगों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनो को गुमला रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार एक मोटरसाइकिल में दो लोग नशे में धूत तेज रफ्तार से घाघरा से बिशुनपुर की ओर जा रहे थे। वहीं विपरीत दिशा से एक मोटरसाइकिल में तीन लोग सवार होकर आ रहे थे। जिससे आमने–सामने भिड़ंत हुई। घटना के बाद एक अज्ञात युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। वहीं दो गंभीर रूप से घायल है। घायल में सिसई बरगांव पतिटोली निवासी जगन्नाथ उरांव व एक अज्ञात युवक है। दोनों को इलाज के बाद रेफर किया गया है।

# दुपट्टा से गला घोंटकर छात्रा को मारने का प्रयास, मामले का जांच करने पहुंचे डीएसई



खबर मंत्र संवाददाता

रायडीह। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रायडीह मे सातवीं कक्षा की छात्रा को दुपट्टा से गलाघोटकर मारने का प्रयास मामला को लेकर सोमवार को मामले की जांच करने विद्यालय पहुंचे। गुमला डीएसई नूर आलम विद्यालय के रख रखाव अव्यवस्था अराजकता को देखकर वार्डेन समेत सभी शिक्षिकाओ व गार्ड को जमकर फटकारा लगाया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दिया। ज्ञात हो कि शुक्रवार की संध्या छात्रावास के एक कक्षा मे आगजनी और शनिवार सुबह 11:00 बजे छात्रावास में सातवीं कक्षा की छात्रा को विद्यालय के ही तीन अन्य छात्राओ ने दुपट्टा से गलाघोटकर जान मारने जैसे जघन्य अपराधिक घटना को अंजाम दिया गया था। उन्होंन कहा विद्यालय परिसर मे 15 सीसीटीवी कैमरा लगा है। विद्यालय परिसर के बाहरी हिस्सा मे भी सीसीटीवी कैमरा लगाना है। पीड़ित छात्रा संतोषी कुमारी के पिता रामधनी सिंह रविवार को रायडीह थाना पहुंच कर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में अपनी बेटी के साथ घटी जानलेवा घटना का उल्लेख कर थाना प्रभारी से जांच पड़ताल कर दोषियो पर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग किया है। डीएसई नूर आलम ने कहा पीड़ित छात्रा की स्थिति ठीक है। उसका ईलाज चल रहा है। उन्होंन कहा जिस प्रकार से पीड़ित छात्रा ने कहा पहले किसी भी प्रकार से विद्यालय में किसी से कोई लड़ाई झगड़ा नहीं हुआ है। वे तीनो छात्रा मुझे इस तरह से क्यो किया मुझे पता नहीं है। रायडीह जिला परिषद सदस्य रश्मि मिंज ने डीएसई से कहा विद्यालय मे बहुत ही नीन्दनिय घटना घटी है।

# महिलाएं भेष भूषा बदल जनी शिकार पर निकलीं



खबर मंत्र संवाददाता

सेन्हा–लोहरदगा। उगरा पंचायत में आदिवासी समाज द्वारा पाहन पुजार के नेतृत्व में जनीशिकार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 12 वर्ष में एक बार आयोजित किया जाता है। इसका मुख्य विशेषता है। पूर्वजों के धरोहर को कायम रखने को लेकर आयोजित किया जाता है। विदित हो कि सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के उगरा पंचायत अन्तर्गत मेढो ग्राम में जनीशिकार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के पाहन-बेचना उरांव तथा पुजार फुलवा उरांव के अलावे स्थानीय ग्रामीणों का सहयोग प्राप्त हुआ। वही बताया जाता है कि आदिवासी समाज मे जनीशिकार परंपरा पूर्वजों के समय से चला आ रहा है। इसका मुख्य विशेषता पर चर्चा किया जाए तो यह कार्यक्रम उस समय से मनाने का प्रचलन हुआ जब आदिवासी महिलाओं ने पुरुष के अनुपस्थिति में अपने समाज तथा स्वंय की रक्षा के लिए पुरुषों का भेष भूषा बना अंग्रजो से लोहा लेने को कूद पड़ी थी। अंग्रेजो को पराजित कर अपने मकशद में कायम हुई थी। इन्ही तथ्यों के उद्देश्य से लोहरदगा सदर प्रखंड क्षेत्र के खखपरता ग्राम के सातों टोली से पाडहा समाज की अगुआई में पारम्परिक हथियार से लैस हो महिलाएं भेष बदल कर जनीशिकार को निकली और अपने सीमावर्ती क्षेत्र से बाहर सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के मेढो ग्राम पहुंच परंपरा को कायम किया और पशु, पक्षियों का शिकार कर पर्व के रूप में मनाया। जनीशिकार का समर्थन सुरेंद्र उरांव, महेश उरांव, लालदेव उरांव, बासदेव उरांव, परमेश्वर उरांव, जोखेन्द्र उरांव, प्रदीप उरांव, फूलदेव उरांव शामिल थे।

# डीसी ने रॉक गार्डेन का किया निरीक्षण

पर्यटकों के मनोरंजन को लेकर की चर्चा



खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। गुमला के शहरी क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर जिला पर्यटन, कला- संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा विभिन्न पर्यटन स्थलों के निर्माण एवं मरम्मती का कार्य प्रारंभ करने हेतु योजना तैयार की जा रही है।

इसी क्रम में आज सोमवार को जिले के शहरी क्षेत्र स्थित रॉक गार्डेन को भी पर्यटन क्षेत्र एवं पर्यटकों के आकर्षण केंद्र के रूप में परिवर्तित करने हेतु उपायुक्त ने उसका निरीक्षण किया। उपायुक्त ने जिला खेल पदाधिकारी एवं नगर परिषद प्रशासक को रॉक गार्डेन के मरम्मती करने से संबंधित डीपीआर तैयार करने की बात कही। उक्त क्षेत्र में पर्यटकों के आकर्षण के लिए नए तकनीकों का उपयोग करते हुए पर्यटकों के लिए मनोरंजन के केंद्र के रूप में निर्माण करने हेतु योजनाओं पर चर्चा हुई। रॉक गार्डेन में डार्क रूम, थ्री डी रूम, वीआर जैसे कई तकनीकी मनोरंजक गतिविधियों की शुरुआत करने को लेकर भी योजनाएं बनाई गई। उपायुक्त ने उक्त क्षेत्र में बच्चों के मनोरंजन के लिए भी झूले इत्यादि के निर्माण करने की बात कही। उपायुक्त ने सभी योजनाओं एवं उक्त क्षेत्र के विकास को लेकर संबंधित अधिकारियों को डीपीआर तैयार करने का निर्देश दिया। जिसे राज्य सरकार को भेजी जाएगी। इसके अलावा उपायुक्त ने बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में भी आवश्यक मरम्मती करवाने हेतु डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिया। इस दौरान डीडीसी, खेल पदाधिकारी, नगर परिषद प्रशासक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

## झारखंड विधानसभा आवास समिति ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा, दिये कई निर्देश

# लंबित योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करें



खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। झारखंड विधानसभा आवास समिति के सभापति व विधानसभा सदस्य ग्लेन जोसेफ गॉलस्टेन की अध्यक्षता में सोमवार को लोहरदगा परिसदन में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई।

बैठक में सर्वप्रथम अबुआ आवास योजना में प्राप्त आवेदन, स्वीकृत आवास व प्रथम किश्त के भुगतान की स्थिति की समीक्षा की गई। शिक्षा विभाग की समीक्षा में जिला में जर्जर विद्यालय भवन की मरम्मती के कार्य की समीक्षा की गई। कस्तूरी आवासीय विद्यालय में अतिरिक्त शौचालय के लिए विभाग को पुनः पत्राचार करने का निदेश दिया गया। ऊर्जा विभाग की समीक्षा में जर्जर भवनों की मरम्मती के लिए विभाग को पुनः स्मार भेजे जाने का निदेश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में सदर अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में विभिन्न टीका व दवाइयों की स्थिति, आवश्यक उपकरण की समीक्षा की गई और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को सुदृढ़ किये जाने का निदेश दिया गया। आपदा प्रबंधन विभाग की समीक्षा में सड़क दुर्घटना, वज्रपात से मृत्यु आदि मामलों में कृत कार्रवाई पर चर्चा की गई व निदेश दिए गए।

आपूर्ति विभाग अंतर्गत कम राशन व अन्य शिकायत के मामलों में त्वरित कार्रवाई किये जाने का निदेश दिया गया। ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं में लंबित व पूर्ण योजनाओं की समीक्षा की गई। ग्रामीण कार्य विशेष प्रमंडल से स्थगित योजनाओं का कारण पूछा गया। पेयजल एवं स्वच्छ्ता विभाग अंतर्गत शौचालय निर्माण, चापाकल मरम्मती, भवन प्रमंडल अंतर्गत जिला निमार्णाधीन समाहरणालय भवन, एसडीओ भवन, कोर्ट परिसर में निमार्णाधीन भवन, एकलव्य आवासीय विद्यालय कुजरा में निमार्णाधीन छात्रावास आदि की समीक्षा की गई। पथ प्रमंडल द्वारा जिला में संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में अन्य सभी विभागों की समीक्षा की गई व आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा समेत सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक



खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। उपायुक्त वाघमारे प्रसाद की अध्यक्षता जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि बीते दो माह में 1443 लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा चुका है। पुलिस विभाग द्वारा नियमित रूप से जांच अभियान चलाया जा रहा है। बैठक में किशोर वर्ग को दोपहिया वाहन चलाने से रोकने के लिए विद्यालय स्तर शिक्षक, छात्र व उनके अभिभावकों के साथ एक बैठक कर जागरूकता कार्यक्रम किये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के प्रगति पर चर्चा हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा,अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, आइटीडीए परियोजना निदेशक, जिला परिवहन पदाधिकारी, सिविल सर्जन समेत अन्य उपस्थित थे।

# बागवानी योजना के कार्य में गति दें : बीपीओ



खबर मंत्र संवाददाता

सेन्हा–लोहरदगा। प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बीपीओ रघुनाथ मुंडा की अध्यक्षता में मुखिया, कनीय अभियंता और रोजगार सेवकों के साथ सोमवार को मनरेगा के अन्तर्गत हो रहे विकास योजनाओं का समीक्षा बैठक संपन्न हुआ। वही बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रघुनाथ मुंडा ने सभी को निर्देश देते हुए कहा कि मुखिया और रोजगार सेवक आपसी समावेश के साथ सरकार द्वारा संचालित सभी तरह के विकास योजनाओं में गति दें। प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में बिरसा हरित ग्राम योजना, आम बागवानी और टीसीबी सहित विभिन्न योजनाएं चल रहा है। जिस में अधिक से अधिक मजदुर लगाएं खास कर बागवानी योजना का गड्ढा खोदाई का कार्य में जिसे ससमय कार्य पूर्ण हो सके तथा बरसाती योजनाओं का काम को यथाशिघ्र चालू करें कार्य को संचालित करने के लिये रोजगार सेवक स्थानीय मुखिया से सहयोग लें और विकास कार्य को गति दें। मौके पर बीपीओ रघुनाथ मुंडा, सहायक अभियंता राजीव कुमार, कनीय अभियंता सूरज राम, शिव शंकर उरांव, अंजू कुमारी, मुखिया दिलीप उरांव, राजश्री उरांव, अनिल उरांव, बसंती देवी अन्य सभी उपस्थित थे।

### डॉक्टर्स डे के अवसर पर मरीजों के बीच फल का वितरण



लोहरदगा। डॉक्टर्स डे के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के तत्वावधान में सदर अस्पताल लोहरदगा में इलाजरत पचास से अधिक मरीजों के बीच फल वितरण किया गया। साथ हीं नियमित इलाज कराकर डॉक्टर के नुस्खे का पालन कर शीघ्र स्वास्थ्य होने की कामना की गई। वहीं ब्लड बैंक में ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन भी किया गया। जिसमें प्रवीण कुमार, देशराज गोयल, पंकज साहू, धनराज साहू, निखिल बर्मन सहित आठ रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि डॉक्टर का पेशा सेवा करना होता है और समाज सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं होता है। इस अवसर पर एसोशिएशन के उपाध्यक्ष डॉ शम्भूनाथ चौधरी, डॉ सिस्टर आइलीन कुजूर, सचिव डॉ संजय प्रसाद, सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो ने सम्बोधित किया। एसोसिएशन के सदस्यों ने उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण से मिलकर एसोसिएशन के गतिविधियों पर चर्चा किया और आगे की रणनीति बनाया। जिसके तहत एम एल ए कॉलेज में संध्या आठ बजे बैठक रखी गई है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद, उपाध्यक्ष डॉ एस एन चौधरी, डॉ सिस्टर आइलीन कुजूर, सचिव डॉ संजय प्रसाद, डॉ सनल शानू बरवार, डॉ रीता चौधरी, डॉ अंजना लकड़ा, डॉ रश्मि, रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव अरुण राम, ब्लड बैंक के कर्मी उमेश प्रसाद, सद्दाम अंसारी, विकेश कुमार, विकास कुमार आदि उपस्थित थे।

### नाबालिग से दुष्कर्म कर वीडियो वायरल करने के लेकर मामला दर्ज, आरोपी को भेजा गया जेल

कुडू, लोहरदगा। कुडू थाना क्षेत्र में नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने एवम वीडियो वायरल करने का मामला प्रकाश में आया। बताया जाता है की नाबालिग पीड़िता की मां ने कुडू थाना में लिखित आवेदन देकर बताया की उनकी पुत्री का दुष्कर्म का वीडियो उन्होंने देखा तब पता चला की बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है। नाबालिग पीड़िता को बहला फुसला कर आरोपी गोली ग्राम निवासी अरुण यादव के पिता दीपक यादव ने दुष्कर्म किया एवं वीडियो बना कर उसे वायरल भी किया। मामले को लेकर कांड संख्या 59/24 दुष्कर्म करने एवम वीडियो वायरल करने का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवम जेल भेज दिया गया।

### रक्तदान शिविर में 19 लोगो ने किया रक्तदान



लोहरदगा। इमरजेंसी केयर और अमृत केयर हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में पतराटोली में स्थित हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ डॉ दिलीप खैर, डॉ सनल सानु, अस्पताल प्रबंधक कुमार सुमन साहू, इमरजेंसी केयर के उपाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा,सचिव देशराज गोयल, एचआर हेड सजल कुमार, प्रोग्राम को–आर्डिनेटर निखिल बर्मन, मनोज कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित कर किया। रक्तदान शिविर में शाम तक 19 लोगों ने रक्तदान किया। जिसमें महिलाओं की भागीदारी अच्छी रही। रक्तदान करने वाले सभी लोगों को सड़क सुरक्षा को लेकर प्रेरित करने और यातायात नियमों के अनुपालन को लेकर एक–एक हेलमेट भी दिया गया। रक्तदान शिविर में उपस्थित उपाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा ने 33 बार रक्तदान करने वाले समाजसेवी मनोज कुमार गुप्ता का अभिवादन किया।सचिव देशराज ने हर हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर लगाने की अपील की।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई को

पीडीजे ने तैयारी को लेकर की बैठक



खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर 13 जुलाई 2024 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन सिविल कोर्ट गुमला में होगा। इस संबंध में तैयारी का जायजा लेने के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा गुमला ध्रुव चंद्र मिश्र ने सभी न्यायिक पदाधिकारीयो से बैठक कर उन्हे योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने को लेकर दिशा निर्देश जारी किया और संबंधित कोर्ट्स में लंबित सुलहनीय मामलों को चिन्हित कर प्री कॉन्सिलिएशन सिटिंग कर मामलों को त्वरित गति से निष्पादित करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में प्रधान जिला जज के द्वारा मोटर दुर्घटना से संबंधित मामलों पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें इंश्योरेंस कंपनियों के अधिवक्ताओं ने भाग लिया । कल प्रधान जिला जज के द्वारा सभी बैंक के शाखा प्रबंधकों एवं पदाधिकारी के साथ राष्ट्रीय लोक अदालत के विषय पर चर्चा की जाएगी।

# डॉक्टर्स डे पर सेव योर लाइफ संस्था ने सिविल सर्जन को प्रदान किया पौधा



खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। सेव योर लाइफ संस्था के द्वारा सिविल सर्जन कार्यालय गुमला में डॉक्टर्स डे मनाया गया। इस कार्यक्रम में सिविल सर्जन गुमला डॉक्टर राजू कश्यप, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार सिन्हा एवं सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ अनुपम किशोर को डॉक्टर्स डे के अवसर पर चंदन का पौधा संस्था की ओर से प्रदान किया गया एवं सिविल सर्जन कार्यालय के सामने गार्डन में लगाया गया। संस्था के अध्यक्ष डॉ सतीश पाठक ने मानव सेवा कार्य में लगे सभी डॉक्टर को शुभकामनाएं दी। संस्था के सचिव संतोष झा ने कहा की डॉक्टर के द्वारा की जा रही सेवा संपूर्ण मानवता की सेवा है। मौके पर फूड एंड ड्रग डिपार्टमेंट के आदित्य कुमार, रमेश कुमार पांडे, अशोक लाल, सुरेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, सत्येंद्र जी, हरि जी आदि उपस्थित थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# कांग्रेस के लोहरदगा लोकसभा चुनाव समीक्षा बैठक में मचा गदर, जिला अध्यक्ष के साथ हुई धक्का मुक्की





खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। लोकसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद लोहरदगा में कांग्रेस पार्टी के भीतर गुटबाजी और अंतर कलह खुलकर सामने आ गया है। लोहरदगा में सोमवार को पार्टी की समीक्षा बैठक में प्रदेश नेता और पर्यवेक्षक प्रदीप बलमुचू, प्रदीप तुलस्यान आदि की मौजूदगी में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ कार्यकर्ता भी भिड़ गए।

बात इतनी बिगाड़ गई की तू तू मैं मैं के बाद नौबत हाथापाई तक आ गई। स्थिति बिगड़ती देख, कार्यकताओं को अनुशासन भंग करता देख बाहर से आए अतिथि नेता हॉल से बाहर निकल गए। बाद में कुछ सुलझे हुए कार्यकताओं ने समझा बुझा कर वापस अंदर बुलाया। दरअसल लोहरदगा के पुराने नगर भवन में कांग्रेस पार्टी की समीक्षा बैठक चल रही थी।

इसमें लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन की समीक्षा की जा रही थी। तभी मंच पर कांग्रेस लोहरदगा जिला अध्यक्ष सुखैर भगत को अन्य अतिथियों के साथ बैठा देख एक पक्ष के नेतागण व ने उनका विरोध करना शुरू कर दिया। यही नहीं उनके लिए गद्दार शब्द का प्रयोग किया जाने लगा। देखते देखते सुखैर भगत के विरोध में और कई कार्यकर्ता गोलबंद हो गए। बात इतनी बढ़ गई की दोनो पक्ष धक्का मुक्की पर उतर आए। इस क्रम में 8-10 कुर्सियां भी टूट गई। जिला अध्यक्ष सुखैर भगत को मंच से नीचे भेज दिया गया।

तब जाकर मामला कही शांत हुआ। फिर प्रदेश नेताओं ने कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्षों को अलग-अलग बुलाकर उनके साथ बातचीत की। गौरतलब है कि लोहरदगा लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत की जीत के बाद से ही पार्टी का एक गुट कुछ स्थानीय वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं को कथित तौर पर चुनाव के दौरान पार्टी के विरोध में कार्य करने के आरोप लगाता रहा है। यहां तक की पार्टी के जिला कार्यालय राजेंद्र भवन में पोस्टर भी चश्पा कर दिया गया है कि गद्दार कार्यकर्ता का यहां प्रवेश मना है। बहरहाल अब तक चल रही जुबानी जंग, आरोप प्रत्यारोप हाथापाई तक पहुंच गई है।

इसके बाद पार्टी आला कमान द्वारा इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए कोई ना कोई कार्रवाई तय मानी जा रही है। बरहहाल इस घटना के बाद आने वाले दिनों में जिला कांग्रेस में वर्चस्व को लेकर और भी विरोध तेज होने का अनुमान है।

# अंडर 17 बालक वर्ग में संत इग्नासियुस व बालिका में संत पात्रिक की टीम बनी विजेता

सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन



खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2024 का समापन सोमवार को संत इग्नासियुस उच्च विद्यालय गुमला में हुआ है। जिसमें सोमवार को जूनियर बालक एवं बालिका अंडर 17 व सब जूनियर अंडर 15 का फाइनल मैच खेला गया। जूनियर बालक वर्ग अंडर 17 का फाइनल मैच संत इग्नासियुस उच्च विद्यालय गुमला एवं प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय आदर घाघरा के टीम के बीच खेला गया। जिसमें संत इग्नासियुस उच्च विद्यालय गुमला की टीम विजेता बनी। वहीं जूनियर बालिका वर्ग अंडर 17 का फाइनल मैच संत पात्रिक उच्च विद्यालय गुमला व संत पीयुष उच्च विद्यालय कामडारा की टीम के बीच खेला गया। जिसमें संत पात्रिक स्कूल गुमला की टीम विजय रही। वहीं सब जूनियर वर्ग अंडर 15 का फाइनल मैच संत इग्नासियुस विद्यालय गुमला की व बरवे उच्च विद्यालय चैनपुर के टीम के बीच खेला गया। जिसमें संत इग्नासियुस की टीम विजेता बनी। सभी विजेता टीम अब राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में गुमला का प्रतिनिधित्व करेगी। पुरस्कार वितरण जिला शिक्षा पदाधिकारी नूर आलम खान, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पियुष कुमार, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी आदित्य राज एवं सूरज कुमार श्रीवास्तव एवं लेखा पदाधिकारी एसएस माधुरी मिंज, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी प्रियाश्री भगत द्वारा किया गया। समारोह में जिले के संकुल साधन सेवी एवं प्रखंड साधन भी उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## झारखंड विधानसभा की आवास समिति ने पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक



विधानसभा आवास समिति की बैठक में शामिल अधिकारी।

**लातेहार।** झारखंड विधानसभा की आवास समिति के सभापति ग्लेन जोसफ गॉलस्टेन की अध्यक्षता में जिला के पदाधिकारियों के साथ सोमवार को लातेहार परिसदन के सभागार में बैठक आयोजित की गई। झारखंड विधानसभा की आवास समिति ने लंबित पड़े आवास योजनाओं व विभिन्न विभाग की योजनाओं की समीक्षा कर संबंधित मामलों के निष्पादन को लेकर विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों से जानकारी लेते हुए अधिकारियों को कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। इस दौरान सभापति ग्लेन जोसफ गॉलस्टेन ने समीक्षा के क्रम में कहा कि कार्य समय पर पूर्ण करे, ताकि लोगों को अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि समिति भ्रमण कर सभी कार्यों का जायजा ले रही है। हमलोग रिपोर्ट तैयार कर राज्य सरकार को सौंपेंगे। बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों ने अपने विभाग का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, जिला भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत समेत सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## ग्रीनफील्ड एकेडमी में 5 दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थी व शिक्षक।

**चंदवा।** शहर से सटे सरोज नगर स्थित ग्रीनफील्ड एकेडमी सीनियर विंग प्रांगण में 5 दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन विद्यालय के निदेशक अरविंद सिंह व प्राचार्य उदय नारायण कपूर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए इन्होंने कहा कि शतरंज खेलने से बच्चों का मानसिक स्तर में सुधार होता है व बुद्धि भी कुशाग्र होती है। वहीं अनुराधा सिंह ने भी बच्चों के प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि खेल हमें अनुशासन और धैर्य सिखाती है। जीवन में सफलता अर्जित करने के लिए हम सभी को धैर्यवान होने की जरूरत है। आगे कहा कि विद्यालय प्रबंधन का प्रयास है कि विद्यार्थी को पढ़ाई के साथ संस्कार निर्माण एवं खेल व कला के क्षेत्र में भी निपुण बने, इस उद्देश्य से पर प्रबंधन द्वारा समय समय पर विभिन्न स्पर्धा आयोजित कर विद्यार्थियों को मंच प्रदान किया जा रहा है। बता दे कि 29 जून से 3 जुलाई तक चलने वाले इस प्रतियोगिता में विद्यालय के बच्चे शतरंज खेल में प्रतिभा दिखाएंगे। आयोजन के मौके पर विद्यालय की विद्यार्थी व शिक्षक मौजूद थे।

## 1 अक्टूबर से पर्यटक बेतला नेशनल पार्क का कर सकेंगे भ्रमण



**बेतला।** बेतला नेशनल पार्क देश एवं विदेशों में पर्यटन स्थलों में प्रसिद्ध हो चुकी है, प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी वन एवं वन्य जीवों की सुरक्षा संवर्धन एवं प्रजनन काल के अवधि के दौरान 1 जुलाई से 30 सितंबर तक पर्यटकों के लिए बेतला नेशनल पार्क में प्रवेश पूर्ण रूप से वर्जित रहेगी, इस संबंध में बेतला वन क्षेत्र पदाधिकारी शंकर पासवान ने बताया कि वन्य जीवन की प्रजनन काल के दौरान पर्यटकों के लिए पूर्ण रूप से बंद की जाती है जो तीन माह बंद रहेगा, वही 1 अक्टूबर से पर्यटकों के लिए बेतला नेशनल पार्क में प्रवेश शुरू हो जाएगा।

## मुख्यमंत्री दाल भात केंद्र का हूआ उद्घाटन



दालभात केन्द्र का उद्घाटन करते अतिथि।

**बालूमाथ।** बालूमाथ न्यू बस स्टैंड परिसर में सोमवार को मुख्यमंत्री दाल भात केंद्र का उद्घाटन बालूमाथ कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद जुबेर ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद मोहम्मद जुबेर ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री दाल भारत योजना खुलने से यहां के गरीब मजदूरों को 5 रुपये में भरपेट भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। यह केंद्र सखी स्वयं सहायता समूह की देखरेख में चलाई जाएगी। समूह के अध्यक्ष ज्योति देवी सचिव निरा देवी ने कहा कि हम लोग अच्छा से अच्छा सुविधा देने का प्रयास करेंगे। उन्होंने गरीब मजदूरों व जरूरत मंद लोगो से अपील करते हुए कहा कि दाल भात केंद्र में आकर 5 रुपये में भरपेट भोजन का आनंद ले सकते हैं। इस मौके पर सखी स्वयं सहायता समूह के सदस्य सरिता देवी, मालती देवी, संतोष सिन्हा, शकील जैदी समेत कई लोग मौजूद थे।

## आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश महासचिव बनाए गए बबलू सिंह



बबलू सिंह का स्वागत करते संगठन के पदाधिकारी।

**बरवाडीह।** आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ की एक विशेष बैठक रविवार को राजधानी रांची के मोराहबादी में आहूत की गई। जिसमें आकलन संगठन का विस्तार करते हुए बरवाडीह के अध्यापक बबलू सिंह को प्रदेश महासचिव बनाया गया। बबलू सिंह को प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर सहायक अध्यापक मनोज सहाय, गुलाम अनवर, शकील खान, अनुज सिंहा, डिलेश कुमार, कुमार सौरभ आदि सहायक अध्यापकों ने बबलू सिंह को बधाई दी। जहां बबलू सिंह ने कहा कि संगठन ने जो विश्वास जताते हुए मुझे जिम्मेदारी दी है। उसे मैं निष्ठा पूर्वक सभी को साथ लेते हुए अपने दायित्व को पूरा करूंगा। उन्होंने कहा कि सरकार जो सहायक अध्यापक से वादा करके सत्ता में आई है, सहायक अध्यापकों को वेतनमान का सपना पूरा करते हुए अपना वादा पूरा करे नहीं तो सहायक अध्यापक संघ एक बार फिर आंदोलन की रूप रेखा तय करते हुए सरकार के विरोध में सड़कों पर उतरने को विवश होंगे।

### मनिका विधायक को उच्च विद्यालय के शिक्षकों ने चार माह के बकाया वेतन भुगतान व विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

# वेतन नहीं मिलने से आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं शिक्षक

- विधायक ने लिया संज्ञान उपायुक्त को आवेदन देकर वेतन भुगतान हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का किया आग्रह



खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह के नाम विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव को लातेहार जिला के विभिन्न उच्च विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा 4 महीने के बकाया वेतन भुगतान व अन्य कई मांगों को लेकर आवेदन सौंपा गया है। वहीं आवेदन के माध्यम से शिक्षकों ने बताया कि उच्च विद्यालय के सभी शिक्षकों का विगत चार महीने से वेतन भुगतान नहीं हुआ है साथ ही जनवरी 2022 एवं फरवरी 2022 का एरियर का भी बकाया है जिस कारण से सभी शिक्षक आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं। वहीं फरवरी में भुगतान नहीं होने से सभी का इनकम टैक्स कटौती नहीं हुआ है कई शिक्षकों का बैंक में लोन है जिसका पिछले 4 महीने से ईएमआई फेल हो गया है। आगे बताया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में मनमानी एवं भ्रष्टाचार चरम पर है पुराने शिक्षकों के आवंटन से पैसे का लेनदेन करके नव नियुक्त शिक्षकों का एरियर भुगतान दे दिया गया जिससे पुराने शिक्षकों का वेतन भुगतान फरवरी में नहीं हुआ। वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में पता करने पर बताया गया कि आवंटन समाप्त हो गया है परंतु यहां के कुछ कर्मी द्वारा पैसे लेनदेन करके नए शिक्षकों,लिपिक एवं अन्य का वेतन भुगतान कर दिया जाता है साथ ही भ्रष्टाचार इतना चरम पर है कि लिपिक का भुगतान बिना अनुपस्थिति विवरणी जमा किए ही कर दिया गया ताकि फिलहाल जो ट्रांसफर-पोस्टिंग चल रहा है उसमें उन्हें रिश्वत मिल सके। आगे बताया कि सभी शिक्षकों का वेतन योजन मद से गैर योजन मद में पिछले तीन महीना से सरकार द्वारा पत्र जारी कर दी गई है परंतु अभी तक इसकी सूची निदेशालय एवं वित्त विभाग रांची को नहीं भेजा गया है कि कितने शिक्षक योजन मद में हैं और कितने शिक्षक गैर योजन मद मे हैं जिस कारण से आवंटन आने में परेशानी हो रही है। वहीं शिक्षकों ने बताया कि सरकार के आदेश के बाद भी लातेहार जिला में अभी तक सभी शिक्षकों का डीडीओ कोड प्रखंड वार नहीं किया गया है जबकि अन्य जिले में कर दी गई है। वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में विगत 3 महीने से पूछे जाने पर बताया जाता है कि अभी आवंटन नहीं आया है परंतु पिछले 10 दिन के अंतर्गत जिले के लिपिक एवं नए शिक्षकों का एरियर भुगतान कर दिया गया है।

**बकाया वेतन भुगतान हेतु विधायक ने डीसी को दिया आवेदन**

वहीं लातेहार जिला के विभिन्न उच्च विद्यालय के शिक्षकों के आवेदन प्राप्त होने के उपरांत मनिका विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए लातेहार जिला के उपायुक्त को आवेदन देकर सभी शिक्षकों का बकाया वेतन भुगतान हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है।

### हथियार के साथ पुलिस के हत्थे चढ़े जेजेएमपी के चार उग्रवादी, एक भागने में रहा सफल

# पप्पू लोहरा के कहने पर वसूलते थे लेवी

**छिपादोहर थाना क्षेत्र के बागटोला मोड़ पर एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान मिली सफलता**



प्रेस वार्ता में जानकारी देते बरवाडीह एसडीपीओ।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सुचना पर पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के चार उग्रवादियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार उग्रवादियों में बितन लोहरा पिता जागेश्वर लोहरा, लखन लोहरा पिता रूपन लोहरा, गुड्डू उर्फ मच्छिंद्र लोहरा पिता रामवृक्ष लोहरा (तीनों गणेशपुर, छिपादोहर) व बिरेंद्र सिंह पिता महेश्वर सिंह (सैदुप, बरवाडीह,) शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने से दो देसी कट्टा, 7.62 एमएम के आठ जिंदा, गोली, एक मोबाइल व तीन बाइक बरामद किया है। बरवाडीह एसडीपीओ वेंकटेश प्रसाद ने पुलिस सभागार मे प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुये बताया कि जेजेएमपी के सुप्रीमो पप्पू लोहरा के कहने पर कुछ उग्रवादियों द्वारा छिपादोहर, बरवाडीह थाना क्षेत्र के कारोबारी से धमकी देकर लेवी वसूली करने का कार्य कर रहे थे। इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को मिली। उनके निर्देश पर बरवाडीह एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा कार्रवाई किया गया। इसी दौरान छिपादोहर थाना क्षेत्र के बागटोला मोड़ पर एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के क्रम में तीन मोटरसाइकिल में सवार पांच लोगो को रोकना चाहा। लेकिन वे मोटरसाइकिल रोक भागने लगे। पुलिस ने दौड़कर चार उग्रवादियों को पकड़ा गया। जबकि एक उग्रवादी भागने में सफल रहा। गिरफ्तार उग्रवादियों की जब तलाशी ली गई। जिसमें हथियार, जिंदा गोली व मोबाइल बरामद किया गया। एसडीपीओ ने आगे बताया कि गिरफ्तार सभी उग्रवादी गारू, छिपादोहर व बरवाडीह थाना क्षेत्र में कारोबारियों से हथियार का भय दिखाकर लेवी वसूलने का कार्य करते थे। छापेमारी अभियान में छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह, छिपादोर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक रितेश कुमार राव, सअनि राजेश कुमार, सच्चिदानंद सिंह, अनंत सिंह, छिपादोहर थाना के रिजर्व गार्ड, आईआरबी-1 व सैट-143 के जवान शामिल थे।

## खनन कार्यालय का 6 को घेराव करेगी आजसू पार्टी : अमित पांडेय

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** आजसू पार्टी जिला कार्यालय में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने कहा कि जिला में विभिन्न तरह कि योजनाएं चल रही है जिसमे बालू की प्रमुख आवश्यकता है। सभी पदाधिकारियों एवं सरकार को पता है कि बालू उठाव पर हर साल एनजीटी की रोक लगती है। अभी जिले में चंदवा प्रखंड के मरमर में एकमात्र बालू का स्टोक्यार्ड है जिसमे केवल बड़ी गाडियों से बालू कि बुकिंग होती है अगर किसी को महुआडार बरवाडीह के अबुवा आवास में बालू चाहिए तो लाखो का तो बालू ही खपत हो जायेगा तो आम आदमी बालू कहा से लायेगा जिले में रोज ट्रेक्टर पकड़े जा रहे है जिससे लोकल बालू भी मिलना मुस्किल हो गया है और मिल भी रहा है तो महंगा। जिला प्रशासन ये सुनिश्चित करे कि सभी प्रखंडों में बालू उचित दर पे मिले साथ ही साथ जिले में चेकिंग अभियान चल रहा है जिस में लोगो कि गाडियों को पकड़ा जाता है 5,6 घंटे के बाद उसको एक कागज दिया जाता है जिसमे डीटीओ ऑफिस लातेहार में चालान कटवा के आने को कहा जाता है इस बीच में थाने एवम डीटीओ ऑफिस के बाहर दलालों का एक गैंग पैसा लेकर गाड़ी छुड़वाने को सक्रिय हो जाता है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि चेकिंग का हम स्वागत करते है लेकिन ऑनस्पॉट चालान नही करना एवं चेकिंग के नाम पे लोगो को परेशान करना आजसू पार्टी कतई बर्दाश्त नही करेगी। हल्ला बोल कार्यक्रम के माध्यम से सरकार के रोज के झूठे वादे को जनता के समक्ष रख के आजसू पार्टी आम जन कि आवाज को बुलंद करेगी।

## उत्तम कुमार बने अभाविप लातेहार के जिला संयोजक

- विभाग, विश्वविद्यालय एवं जिला स्तर पर हुई दायित्वों की घोषणा

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय निवासी व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मनिका के उजार्वान छात्र नेता उत्तम कुमार को अभाविप लातेहार का जिला संयोजक बनाया गया है। बता दें कि लौह नगरी जमशेदपुर में अभाविप झारखंड का प्रांत अभ्यास वर्ग 30 जून 2024 को संपन्न हुआ जिसमें विभाग,विश्वविद्यालय एवं जिला स्तर के लिए नए दायित्वों की घोषणा की गई। वहीं नव मनोनित जिला संयोजक उत्तम कुमार ने कहा कि मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता को प्रांत के द्वारा जिस भरोसे,उम्मीद और आशा के साथ जिला संयोजक का दायित्व सौंपा गया है, उस भरोसे पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूंगा। ज्ञात हो कि उत्तम कुमार मूलतः मनिका के निवासी है उनकी शिक्षा डिग्री महाविद्यालय मनिका से राजनीति विज्ञान विषय से स्नातक तक पूरी हुई है,उत्तम 2019 से ही विद्यार्थी परिषद के संपर्क में है, वह 2019 से ही छात्रों के हित के लिए हमेशा तत्पर रहे हैं, उन्होंने डिग्री महाविद्यालय में शिक्षा की क्रांति के लिए हर संभव प्रयास किया है, प्रखंड में छात्रों को कही भी दिक्कत हो तो उत्तम कुमार हर संभव उनकी मदद करने को तत्पर रहते हैं। वहीं उन्हें बधाई देने वालों में अभाविप लातेहार के पूर्व जिला संयोजक उज्जवल शुक्ला, कुमार नवनीत, पूर्व विभाग संयोजक विकास तिवारी, मनिका के पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरिकृष्ण सिंह,भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष छोटू राजा, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष बबन पासवान,अभाविप मनिका नगर अध्यक्ष रंजित रंजन, नगर उपाध्यक्ष गोविंद पासवान व दीपक कुमार, नगर मंत्री सौरभ भारती, सह मंत्री अभिषेक कुमार यादव, डिग्री कॉलेज उपाध्यक्ष चंदन, मंत्री विशाल, समेत नगर इकाई एवं कॉलेज इकाई के कई कार्यकर्ता शामिल हैं।

### सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने अपनी मांगों को लेकर निकाला जुलूस

## पारा शिक्षकों से किया वादा पुरा करें गठबंधन सरकार: बेलाल अहमद



मशाल जुलूस में शामिल सहायक अध्यापक।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के राज्यव्यापी आह्वान पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार की देर शाम सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा चंदवा प्रखंड इकाई के द्वारा माशाल जुलुस निकाल कर आंदोलन का आगाज किया गया। मोर्चा के राज्य सदस्य सह प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अहमद ने कहा कि पारा शिक्षक सरकार को याद दिलाना चाहती है की सरकार बनने से पूर्व पारा शिक्षकों के साथ वादा किया गया था कि सरकार बनते ही तीन महीने के अंदर राज्य के 62000 पारा शिक्षकों का बेतनमान दिया जाएगा पर अफसोस की सरकार का कार्यकाल चार वर्ष पार होने के बाद भी राज्य के पारा शिक्षक अभी भी आस लगाए बैठे है की सरकार अब अपना वादा पुरा करेगी। इसी आस के साथ राज्य के पारा शिक्षक पिछले चार वर्षो तक कोई भी बड़ा आंदोलन नही की, पर अब अगले 19 जुलाई तक सरकार किये वादा बेतनमान को पुरा नही करती है तो 20 जुलाई से मुख्यमंत्री आवास का अनिश्चितकालीन घेराव किया जाएगा। कार्यक्रम के मौके पर प्रखंड सचिव गोविंदा कुमार, संरक्षक सत्यवान कुमार, बिगन राम, श्याम उरांव, रविंदर राम, शम्भू कुमार, इम्तेयाज आलम, बिनोद राय, अभिमन्यु प्रसाद मेहता, मजबूल अंसारी, ऐनुल अंसारी, मनोज पासवान, सुरेंदर भगत, शिवचरण मुंडा, बुधराम गंझू, अक्षय लाल सिंह, मोहन कुमार, राजेंदर भगत, बिभा देवी, सबिता शाह, रुपाली सुमन, ज्योति वर्मा, बिराजमुनी देवी, सुनीता कुमारी, पुन्नी कच्छप समेत दर्जनों सहायक अध्यापक मौजूद थे।

## लोकसभा चुनाव परिनाम की समीक्षा व विस चुनाव की तैयारी को लेकर भाजपा की समीक्षा बैठक संपन्न



समीक्षा बैठक में मौजूद भाजपाई।

**चंदवा।** लोकसभा चुनाव के रिजल्ट और आगामी विधानसभा की तैयारियों के निमित्त मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकर्ताओ की समीक्षा बैठक माँ उग्रतारा मंदिर नगर में रखी गयी। सभी 17 पंचायत से जुटे कार्यकताओं ने अपने अपने पंचायतो के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए आवश्यक सुझाव दिए। बीते चुनावों में हुए गलतियों में सुधार करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में बेहतर रिजल्ट करने की दिशा में रणनीति भी तय हुई। उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सह भाजपा नेता प्रकश राम ने कहा कि हर्ष का विषय है कि भाजपा ने लोकसभा में बेहतर प्रदर्शन किया। हमलोगो के पास मात्र दो महीने का समय बचा हुआ है। हम सभी कार्यकर्ता गांव टोलो में बैठक कर कमिटी का गठन करें, लोकसभा में कुछ लोग जो भटक गए उन्हें फिर से जोड़ने का प्रयास करें। संगठन की मजबूती के लिए उन्होंने युवाओं और महिलाओ को जोड़ने पर विशेष जोर दिया। वही मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता ने मंडल भर से आये कार्यकताओं को आगामी चुनाव के लिए अभी से तैयार रहने को कहा, उन्होंने कहा कि जीत का मार्जिन को बढ़ाते हुए इस बार अपना विधायक बनाना है, क्षेत्र के विकास के लिए अपना विधायक जरुरी है। बैठक को राजू उरांव, नवाहिर उरांव, महेंद्र साहू, रामप्रसाद साहू, सुरेश यादव, शिव शंकर साहू, कुलामन साव, आशीष सिंह्न दीपक निषाद, मनोज पाठक समेत कई लोगों ने संबोधित किया। मौके पर पुरे मंडल से सैकड़ो भाजपाई मौजूद थे।

## मगध कोलियरी में विस्थापित प्रभावित ट्रक मालिकों की बैठक, मांगो को लेकर दी आंदोलन की चेतावनी



बैठक में शामिल ट्रक ऑनर।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी में विस्थापित प्रभावित ट्रक मालिकों की एक बैठक बालूमाथ उप-प्रमुख कामेश्वर राम की अध्यक्षता में हुई। जिसमें वर्ष 2018 में निर्धारित भाड़ा लागू करने, ट्रकों का सीरियल करने पर चर्चा हुई। मौके पर बोलते हुए बालूमाथ उप-प्रमुख कामेश्वर राम ने कहा की मगध परियोजना अंतर्गत आने वाले गांव के ग्रामीणों ने अपना जमीन सीसीएल को दिया है। ताकि रोजगार मिल सके और रोजगार के लिए ट्रक खरीदा है ।ट्रक से कई परिवारों का रोजगार चलता है। लेकिन विभिन्न कोल कंपनियों के ट्रांसपोर्टर निर्धारित भाड़ा नहीं दे रहे हैं। कोलियरी में बंगाल, बिहार,उत्तर प्रदेश गाड़ियों के कारण भाड़ा टूटते जा रहा है। बाहरी गाड़ियों से जहां सरकार को राजस्व की क्षति हो रही है ।वही स्थानीय ट्रक मालिको के समक्ष रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न होती जा रही है। मगध कोलियरी में विस्थपित प्रभावित गाड़ियों को प्राथमिकता के आधार पर फॉर्मेट निर्गत किया जाए। उन्होंने बताया कि लातेहार एसडीओ कौशल किशोर के निर्देश पर स्थानीय लोगो के ट्रकों का सीरियल करने की अनुमति मिल गयी है। इसी के आधार पर ट्रक का सीरियल किया जाएगा एवं ग्रामीण सीसीएल की हुई वार्ता में जीएम एवं पीओ ने लिखित आश्वासन दिया था कि 25 हजार टन तक कोयला का उठाव ट्रक से किया जाएगा लेकिन ऐसा नही हो रहा है। सीसीएल के साथ मिलकर ट्रांसपोर्टर 25000 टन तक के कोयला का उठाव हाईवा से कर रहे हैं। अगर उपरोक्त सभी मांगों पर सीसीएल एवं ट्रांसपोर्टर कोई पहल नहीं करते हैं तो आगामी 8 जुलाई से ट्रक मालिक अनिश्चित कालीन धरना देंगे। मौके पर शंभू साव,पारस उराव, उमेश कुमार, राजेश राम,त्रिवेनि साव,सत्यनारायण साव, महेंद्र यादव, अरुण केशरी, खुशियाल साव, मदन कुमार, सुरेंद्र साव ने भी अपना-अपना विचार रखा और भाड़ा वृद्धि को लेकर ट्रक ओनर को एकजुटता रखने की बात कही। निर्धारित भाड़ा लागू के लिए सभी गांव से कमेटी का भी चयन किया जाएगा। मौके पर पंकज केसरी, सुजीत उरांव, कलीम अंसारी, विशुण यादव, तौफीक अंसारी, सुनील यादव, अरविंद यादव, गोविंद यादव, पंकज सिंह, अजीत पांडे, अजित कुमार, दीपू गुप्ता, मो. हनी,मुकेश कुमार समेत कई ट्रक मालिक उपस्थित रहे।

## हरा राशन कार्ड व आधार सीडिंग को लेकर शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत फूलसु, बालूभांग और डाढ़ा पंचायत भवन मे झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत सुयोग्य लाभुकों का ग्रीन (हरा) राशन कार्ड निर्गत करने और आधार कार्ड सीडिंग करने को लेकर पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से छुटे हुए सुयोग्य लाभुकों को हरा राशन कार्ड निर्गत के लिए आवेदन जमा व आधार सीडिंग किया गया। फूलसु पंचायत मे लगे शिविर में 24 लोगो का राशनकार्ड मे नाम जोडने के लिए आवेदन प्राप्त हुआ। एड मेंबर 08 किया गया। वहीं डाढ़ा मे 07 हरा राशन कार्ड के लिए आवेदन प्राप्त हुए। जबकि 20 आयुष्मान कार्ड बनाया गया। बालूभाग मे हरा राशन कार्ड के लिए 18 आवेदन प्राप्त हुआ जबकि 06 एड मेंबर किया गया है। बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम, प्रखंड आपुर्ती पदाधिकारी चंदन कुमार, बीससुत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू ने शिविर का जायजा लिया। मौके पर स्थानीय मुखिया ,वार्ड सदस्य, समाज सेवी, सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम ने कहा की यदि कोई व्यक्ति शिविर मे किसी कारण वश नहीं पहुंच पाए हैं तो बारियातू प्रखंड कार्यालय आकर उपरोक्त लाभ के लिए आवेदन दे सकते हैं। किसी प्रकार का कोई परेशानी हो तो सीधे हमसे सम्पर्क करें हर संभव मदद कर निहायत जरूरत मंदो को लाभ दिलाया जायेगा। मौके पर बालूभांग मुखिया केदार गंझु, पंसस राजेश मोची, रोजगार सेवक व अन्य कई कर्मी और ग्रामीण मौजूद थे।

मवेशी पर किया तलवार से हमला एवं इलाज कर रहे युवक की पिटाई कर सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश

# आक्रोशित लोगों ने किया धरना प्रदर्शन दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय के मझिआंव मोड़ के निकट उर्स की रात एक विशेष समुदाय के कुछ मनबढ़े युवकों द्वारा जुलूस के दौरान एक पशु पर तलवार से हमला कर दिये जाने का मामला प्रकाष में आया है। मौके पर मौजूद कुछ स्थानीय युवकों ने जब इसका विरोध किया तो उनके साथ भी विशेष समुदाय की भीड़ ने मारपीट की। जिससे एक युवक बुरी तरह से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुटी हुई है। इस घटना के विरोध में विष्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने धरना प्रदर्षन किया एवं प्रषासन से त्वरित कार्रवाई करने की मांग की। वहीं एसपी दीपक पांडेय ने कहा कि पशु पर हमला नहीं बल्कि दूसरे कारणों से घायल हुआ है।


फोटो 8-धरना प्रदर्शन करते लोग।

बताते चलें कि गढ़वा जिला मुख्यालय के पुरानी बाजार स्थित हजरत मलंग शाह दाता के मजार के पास 30 जून को सालाना उर्स का कार्यक्रम था। इसके लिए प्रत्येक वर्ष एक जुलूस निकाला जाता है। उसी जुलूस में मौजूद कुछ शरारती तत्वों द्वारा मझिआंव मोड़ पर खड़े एक बैल पर तलवार और बोतल से हमला कर जख्मी कर दिया गया। मौके पर मौजूद दूसरे समुदाय के कुछ युवकों ने पषु की चीखने की आवाज सुनी। देखा की पशु घायल है। उसे इलाज की जरूरत है। वे उसका प्राथमिक इलाज करने लगे। तभी भीड़ से निकल कर आए कुछ युवकों द्वारा इलाज कर रहे दूसरे समुदाय के युवकों पर हमला कर दिया गया। तीन युवकों ने वहां से भागकर किसी तरह अपनी जान बचायी। जबकि एक युवक वहां से भागने में असफल रहा। उस युवक ने भीड़ ने बुरी तरह से पीटा। भीड़ में शामिल युवकों को जब पता चला कि पुलिस आ रही है तब वहां से वे भागे। घटनास्थल पर पुलिस पहुंची एवं घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल मे भर्ती कराया। उधर घटना की जानकारी मिलते ही शहर के लोग आक्रोशित हो गए। उनके द्वारा मझिआंव मोड़ पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया गया। वहीं आरोपियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की मांग की गई।

## विश्व हिंदू परिषद ने की हमलावारों की गिरफ्तारी की मांग

इस घटना के विरोध में सोमवार को विष्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में हिंदू समाज ने विरोध मार्च निकाला। जो शहर के मुख्य चैक-चैराहों से होते हुए समाहरणालय पहुंचा। वहां आरोपियों की गिरफ़्तारी को लेकर जमकर नारेबाजी की गई। वे वहां घंटों अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे। इस संप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वाली घटना को लेकर जिला प्रषासन एवं पुलिस प्रषासन ने आम लोगों ने साथ एक बैठक भी की। इस संबंध में पूछे जाने पर एसपी दीपक पांडेय ने बताया कि पशु पर किसी भी प्रकार का कोई हमला नहीं हुआ है। बैल दूसरे कारणों से घायल हुआ है। यह दो युवकों के बीच के आपसी झगड़ा का मामला है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। वेटनरी डॉक्टर घायल पशु का इलाज कर रहे हैं।

खबर एक नजर में

## हाइड्रा से दबकर बुजुर्ग की मौत


सड़क जाम करते लोग।

**धुरकी।** लगभग एक अरब 30 करोड़ की लागत से एनजी प्रोडक्ट द्वारा बनने वाले अम्बाखोरेया भाया धुरकी-नगर उंटारी मुख्य मार्ग पर प्रखंड मुख्यालय के समीप टाटीदीरी गांव निवासी 75 वर्षीय चटपटी साह उर्फ महेश साह की दर्दनाक मौत हाइड्रा की चपेट में आने से हो गई। घटना सोमवार की दोपहर 12 बजे की है। जानकारी के अनुसार चटपटी साह बोरी में चावल लेकर धुरकी बाजार से अपने गांव मोटरसाइकिल से सवार होकर जा रहा था। तभी अचानक सड़क में कार्य कर रहा हाइड्रा बैक कर पीछे की ओर आ रहा था इसी दौरान चटपटी साह हाइड्रा की चपेट में आ गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। देखते ही देखते काफी संख्या में भीड़ एकत्रित हो गई। जहां स्थानीय ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। घटनास्थल पर थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने मृतक के परिजनों को ढांढस बनाया। उन्होंने कहा कि सरकारी प्रावधान के तहत जो भी सहायता राशि है, उसे संवेदक द्वारा दिलाया जाएगा। आपके इस दुख में हम सभी पुलिस प्रशासन आपके साथ हैं। हालांकि एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह और पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, दीपक प्रताप देव के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने शव को उठाने दिया। शव को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया गया। मौके पर दीपक प्रताप देव, मुक्तेश्वर पांडेय, विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव, सहित अन्य लोग मौजूद थे। इस संबंध में एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने कहा कि काफी दर्दनाक घटना है। उन्होंने कहा कि सरकारी प्रावधान के तहत सहायता राशि दिलाई जाएगी। धुरकी बीडीओ सह सीओ जुल्फिकार अंसारी ने कहा कि खबर सुनकर काफी मर्माहत हूं, आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा सरकारी प्रक्रिया के बाद सहायता राशि दिया जाएगा। पथ प्रमंडल कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं मिली है। जानकारी मिलने के बाद सभी बिंदुओं पर जांच कर जांचोंपरांत कार्रवाई की जाएगी। एनजी कंपनी के संवेदक ने मृतक के परिजनों को डेढ़ लाख नगद तथा तीन लाख पचास हजार का चेक दिया।

## सरकारी राशि के दुरुपयोग मामले में किशनगंज के चार अधिकारी निलंबित

**पटना।** बिहार शिक्षा विभाग ने विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में बरती गई अनियमितता एवं सरकारी राशि का दुरुपयोग करने के आरोप में किशनगंज जिले में दो शिक्षा पदाधिकारी एवं दो जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को निलंबित कर दिया है। शिक्षा विभाग में निदेशक (प्रशासन) सह अपर सचिव सुबोध कुमार चौधरी के हस्ताक्षर से सोमवार को जारी चार अलग-अलग संकल्प में कहा गया है कि किशनगंज जिले में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के क्रम में बरती गई अनियमितता की विस्तृत जांच के लिए किशनगंज के उप विकास आयुक्त (डीडीसी) की अध्यक्षता में गठित जांच दल ने 19 जून 2024 को अपनी रिपोर्ट विभाग को सौंपी।

स्पीड न्यूज

## डैम में डूबने से किशोर की मौत

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरसोता के पच्छेयारा टोला निवासी शेषनाथ यादव के 12 वर्षीय पुत्र रितेश यादव की डैम में डूबने से मौत हो गई। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार रितेश गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में कक्षा चार में पढ़ता था। गर्मी के छुट्टी के दौरान रितेश केतार थाना क्षेत्र के कवलदाग गांव में अपने मामा के यहां से सोमवार को ही आया था। उसके बाद अपने साथी के साथ कांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत पखनाहा डैम की ओर चला गया और नहाने लगा। इस दौरान वह डूबने लगा तो उसे बचाने के लिए उपस्थित लोग डैम में गए और बचाने का प्रयास किया। उसके बाद खोजबीन किया नहीं मिला तो इसका सूचना घर वालों को दिया। घर एवं गांव वाले पहुंचे और काफी खोजबीन करने के बाद रितेश को निकाला। लेकिन तब तक रितेश की मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी ग्रामीणों के माध्यम से थाना प्रभारी आकाश कुमार को मिली। जानकारी मिलते ही आकाश कुमार थाना एसआई नसीम अंसारी को दलबल के साथ खरसोता भेजे। जिसके बाद एसआई ने घरवालों से पूछताछ किया और शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया।

## डिजनी 11 भवनाथपुर की टीम को हरा विजेता बनी लोहरगड़ा

**भवनाथपुर।** युवा शक्ति क्लब के तत्वावधान में प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित युवा शक्ति अंतराज्यीय कॉस्को नाइट क्रिकेट टूनामेंट का फाइनल मैच रविवार कि रात्रि खेला गया। मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा, श्री बंशीधर नगर एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, दीपक देव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। फाइनल मैच डिजनी 11 भवनाथपुर क्रिकेट क्लब और लोहरगड़ा क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। टॉस जीतकर डिजनी 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 5 विकेट खोकर 50 रन बनाए। लोहरगड़ा टीम ने 5 ओवर मे 2 विकेट खोकर 54 रन बना कर मैच जीत ली। प्लेयर ऑफ द मैच एवं प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार लोहरगड़ा टीम के वासिक को दिया गया। टूनार्मेंट के विजेता लोहरगड़ा टीम को 41 हजार रुपया एवं ट्रॉफी हीरो शो रूम के मालिक मनीष कुमार ने दिया। उपविजेता डिजनी 11 भवनाथपुर टीम को 21 हजार रुपया एवं ट्रॉफी क्लब के अध्यक्ष दीपक वर्मा ने दिया। मैच के अंपायर की भूमिका चंचल कुमार एवं प्रदीप विश्वकर्मा, स्कोरर की भूमिका नीतीश कुमार, कमेंटेटर की भूमिका सिद्धार्थ सिंह, रमेश कुमार, निशांक मिश्रा ने निभाई। मौके पर पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, क्लब सचिव उप प्रमुख पिंटू टोपनो, सुधीर कुमार, सोमनाथ यादव, प्रेम यादव, ओम नारायण यादव, धनंजय यादव, सोनू रावत, अनूप गुप्ता, अर्पित सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

# विधायक ने किया पार्क का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** विधायक रामचन्द्र चंद्रवंशी ने सोमवार को मझिआंव नगर पंचायत स्थित कोयल नदी के तट पर 19 लाख रुपये की लागत राशि से बने पम्पू कल पार्क का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर नगर पालिका कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विधायक श्री चंद्रवंशी ने कहा कि मझिआंव नगर पंचायत के काम से काफी खुश हैं। उन्होंने कहा कि यह उनके द्वारा बनाया गया नगर पंचायत है, जहां प्रत्येक वर्ष पांच करोड़ रुपये से अधिक का विकास कार्य हो रहा है, जबकि पहले जब यह केवल पंचायत था तब विकास के लिए मुश्किल से एक करोड़ ही मिल पाता था। विधायक ने कहा कि मझिआंव अनुमंडल बनने के अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि बकोइया आमर के मध्य में कोयल नदी पर वे एक और पुल बनवाने जा रहे हैं, स्थल का चयन किया जा रहा है। नगर पंचायत क्षेत्र में चहुंमुखी विकास के लिए उन्होंने विकास कार्यों की एक सूची कार्यपालक पदाधिकारी को दिये हैं, जिसपर क्रमशः काम हो रहा है। उन्होंने संसदीय चुनाव में बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को 50 हजार 400 से अधिक वोट देने पर क्षेत्र के लोगों को बधाई दी। मौके पर जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (भारत सरकार) के सदस्य भोला चंद्रवंशी, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी, निवर्तमान उपाध्यक्ष सुनीता देवी, सांसद प्रतिनिधि शोभा जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि संजय कमलापुरी, बीरेन्द्र नाथ दुबे सहित कई लोग उपस्थित थे।


पार्क का उदघाटन करते विधायक।

### मझिआंव में बस स्टैंड की भूमि चिन्हित

पार्क उद्घाटन कार्यक्रम में कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने कहा कि मझिआंव में बस स्टैंड एवं खेल के मैदान के लिए भूमि चिन्हित कर ली गई है। उन्होंने कहा कि कोयल नदी तट पर कई स्थानों पर और छठ घाट, श्मसान शेड, अम्बेडकर चैक के पास पार्क का जीर्णोद्धार एवं लाइब्रेरी निर्माण कार्य भी जल्द ही किया जायेगा।

# पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का युवाओं ने लिया संकल्प


पौधा लगाते कार्यकर्ता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** श्रीराम सेना के कार्यकताओं ने सोमवार को भवनाथपुर टाउनशिप मुख्य मार्ग पर देवीधाम से लेकर बस्ती मोड़ तक मुख्य पथ के दोनों तरफ पौधरोपण कर लोगो को पर्यावरण का संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर श्रीराम सेना के अध्यक्ष गौरव कुमार सिंह ने कहा कि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। पेड़ स्वच्छ पर्यावरण और पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन के लिए आवश्यक है। स्वैच्छिक रूप से पौधरोपण कर अभियान को सफल करने का आह्वान किया और साथ ही जोर दिया की पौधों को लगाने के साथ-साथ उनकी रक्षा भी करनी होगी। ताकि पर्यावरण स्वच्छ रह सके और बीमारियों से बचाव हो सके। पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए ताकि पृथ्वी पर प्राकृतिक संतुलन बना रहे। मौके पर हर्षित सिंह, गौतम, अमृत सिंह, शुभम आदि उपस्थित थे।

# भाजपाईयो ने कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने का लिया निर्णय


बैठक करते भाजपाई।

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सूर्य मंदिर के प्रांगण में सोमवार को भाजपा कार्यकताओं की एक बैठक रामनरेश साहू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकताओं द्वारा लोकसभा चुनाव में पलामू संसदीय क्षेत्र से विष्णु दयाल राम को प्रचंड मतों से विजई होने पर कांडी के लोगों के प्रति आभार प्रगट किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वैसे मतदान केंद्र जहां पर भाजपा प्रत्याशी को अधिक मतदान प्राप्त हुआ है वैसे मतदान केंद्रों पर कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता अलखनाथ पांडेय ने कहा कि भाजपा में वंशवाद नहीं चलता है। हम वंशवाद के विरोधी हैं। विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से योग्य और कर्मठ प्रत्याशी की जरूरत है, जो गरीबी बेरोजगारी भ्रष्टाचार को दूर करें। जो जात पात से दूर रहकर विकास की बात करें। बृजेंद्र पाठक ने कहा कि वैसे लोगों को इस क्षेत्र में विधायक का चुनाव वंशवाद करने वाले लोगों विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से हटा दिया जाएगा। यह क्षेत्र किसी की विरासत नहीं है कि अपने बाद अपने पुत्र को उत्तराधिकारी बना दिया जाता है। मौके पर सीएस दुबे, विजय रविदास, नरेंद्र कुमार पांडेय, विभाकर नारायण पांडेय, जितेंद्र सिंह, विनय चंद्रवंशी, पुष्प रंजन, प्रमोद त्रिपाठी, विनोद चैधरी, कृष्ण मुरारी सिंह, सचित्र सिंह, विनोद प्रसाद, राजेंद्र पांडेय, मुंशी प्रसाद, पप्पू सिंह, विनोद ओझा आदि मौजूद थे।

# मंत्री ने किया 82 हाई मास्ट लाइट का उद्घाटन

## गांव भी होंगे आधुनिक सुविधाओं से संपन्न: मिथिलेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा के ग्रामीण क्षेत्र भी अब हाई मास्ट लाइट से जगमग हो गए हैं। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने ग्रामीण क्षेत्रों में लगे 82 हाई मास्ट लाइट का पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़ कर व स्विच ऑन कर उद्घाटन किया। गढ़वा प्रखंड के कोरवाडीह गांव स्थित ओलायत मोड़ पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री श्री ठाकुर ने विधायक निधि से गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों गढ़वा, मेराल, रंका, चिनियां व रमकंडा के विभिन्न गांवों में लगे हाई मास्ट लाइट का उद्घाटन किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा के सभी गांव भी अब मूलभूत सुविधाओं सहित आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होंगे। सभी गांव में मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी, सड़क आदि उपलब्ध हो गई है। अब ग्रामीण क्षेत्रों का भी आधुनिकीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में 82 हाई मास्ट लाइट लगाया गया है। शेष बचे गांवों में भी यथाशीघ्र आवश्यकतानुसार हाई मास्ट लाइट लगाया जाएगा। इसकी प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में उन्होंने गढ़वा के चप्पे-चप्पे में विकास की रोशनी पहुंचा दिया है। आज से साढ़े वर्ष पूर्व गढ़वा की स्थिति काफी बदतर थी। अब पुरी तरह से सभी गांव, सभी टोले को बिजली, सड़क, शुद्ध पेयजल से जोड़ दिया गया है। चिकित्सा एवं शिक्षा की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। शेष बचे क्षेत्रों में विकास कार्य तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। पूरे गढ़वा का ब्लू प्रिंट तैयार कर सुनियोजित तरीके से विकास कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि उनका एकमात्र उद्देश्य है कि गढ़वा का कोई भी गांव, कोई भी टोला मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे। इसके लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से ही गढ़वा लागातर अपेक्षित रहा है। पिछले साढ़े चार वर्ष पूर्व तक गढ़वा की गिनती सबसे पिछड़े जिले में की जाती थी। परंतु अब गढ़वा की तस्वीर पुरी तरह से बदल गई है। गढ़वा विकास का उदाहरण बन चुका है। पुरे गढ़वा में अभी बहुत सारी योजनाएं पाइप लाइन में हैं। इन्हें पूर्ण हो जाने के बाद गढ़वा और भी बेहतर बन जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चैबे, दीपमाला, कोरवाडीह मुखिया शरीफ अंसारी, नवीन तिवारी, फुजैल अहमद, मुजीबुर रहमान, अरविंद यादव, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।


उद्घाटन मौके पर संबोधित करते मंत्री।

# 21 महीने बाद अयोध्या में मुरेठा खोलेंगे सम्राट चौधरी

एजेंसी

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री और बिहार बीजेपी के अध्यक्ष करीब 21 महीने बाद अपना मुरेठा (पगड़ी) खोलेंगे। कल यानी 2 जुलाई को वो अयोध्या जाएंगे। और वहीं बुधवार को मुंडन करा अपना मुरेठा (पगड़ी) भगवान श्रीराम के चरणों में समर्पित करेंगे। उनके साथ पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी व कई अन्य नेता भी जाएंगे। सम्राट चौधरी का दो दिवसीय अयोध्या दौरे पर रहेंगे। आपको बता दें डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने सितंबर 2022 में अपनी मां के निधन के बाद मुरेठा बांधा था और ये संकल्प लिया था कि वो पगड़ी तब खोलेंगे। जब वो नीतीश कुमार को सीएम की कुर्सी से हटा देंगे। ये शपथ सम्राट चौधरी ने तब ली थी जब बिहार में महागठबंधन की सरकार की थी। आरजेडी, जेडीयू, कांग्रेस और माले साथ थे। लेकिन फिर बिहार की सियासत में बड़ा उलटफेर हुआ। इसी साल जनवरी के आखिर में नीतीश कुमार ने महागठबंधन का साथ छोड़कर बीजेपी के साथ एनडीए की सरकार बना ली। एक बार फिर से नीतीश मुख्यमंत्री बने, और बीजेपी की ओर के सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा डिप्टी सीएम बने। जिसके बाद उनका वो संकल्प तो अधूर रह गया जिसमें उन्होने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री की कुर्सी से हटाने की शपथ ली थी।



अब सम्राट चौधरी बिहार की नीतीश सरकार में डिप्टी सीएम हैं। विपक्ष कई बार सम्राट चौधरी के मुरेठा खोलने को लेकर सवाल करते आए हैं। और अब आखिरकार अयोध्या में सम्राट चौधरी भगवान राम के चरणों में अपनी पगड़ी समर्पित करेंगे। अयोध्या जाकर सिर मुंडवाकर अपनी पगड़ी प्रभु राम के चरणों में समर्पित करने का फैसला भी सम्राट चौधरी ने तभी लिया था। जब बीजेपी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने बिहार में नीतीश कुमार के साथ सरकार बनाने का निर्णय लिया। इससे पहले डिप्टी सीएम ने कहा कि बिहार के विकास के लिए व्यक्तिगत कुछ नहीं हो सकता है। व्यक्तिगत निर्णय को निरस्त भी किया जा सकता है।

## पेज एक का शेष

### राहुल के बयान...

स्पीकर ओम बिरला ने भी राहुल गांधी से कहा, सदन की मयार्दा का पालन करें। अमित शाह ने कहा, नेता प्रतिपक्ष की कई बातें तथ्यात्मक और सत्य नहीं है। स्पीकर से नेता प्रतिपक्ष के बयानों की जांच की मांग की। स्पीकर ओम बिरला ने कहा, सत्यापन किया जायेगा। धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि संविधान पर हमला किया जा रहा है। भारत के विचार, संविधान और संविधान पर हमले का विरोध करने वाले लोगों पर एक व्यवस्थित और पूर्ण पैमाने पर हमला किया गया है। उन्होंने कहा कि कई लोगों पर व्यक्तिगत हमला किया गया है, कई नेता अभी भी जेल में हैं जिसने भी सत्ता और धन के केंद्रीकरण, गरीबों, दलितों और अल्पसंख्यकों पर आक्रामकता का विरोध किया, उसे भारत सरकार के आदेश से प्रधानमंत्री के आदेश से कुचल दिया गया।

### सुखाड़ पर वैकल्पिक ...

ताकि किसानों को इसका लाभ मिल सके। गांवों को चिन्हित कर अंडर ग्राउंड पाइप लाइन योजना से खेतों में पानी पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस योजना को समय से धरातल पर पूरा किया जा रहा है। ग्रामीणों के जमीनों का बिना अधिग्रहण किए हुए पाइप लाइन योजना को सफलतापूर्वक पूरा करना है।

### नीट पेपर लीक ...

यहां 12 से 15 कोचिंग संस्थान ऐसे हैं जो नीट की तैयारी कराते हैं। यह एक चारागाह के रूप में हाल के दिनों में विकसित हुआ है, जहां प्रश्न पत्र लीक कराने वाला सिंडिकेट छात्रों को अपने जाल में फंसता है। यही कारण है कि सीबीआई के रडार में कई कोचिंग संस्थान भी हैं। जिस कोचिंग सेंटर से लगातार छात्र सफल हो रहे हैं, जहां टॉपर की संख्या अधिक है वो भी इस बार जांच के दायरे में आ सकते हैं। सीबीआइ ने 25 जून को यहां पहली दस्तक दी। नूतन नगर स्थित ब्लू डार्ट कूरियर सर्विस, एसबीआई बैंक और ओएसिस स्कूल को चिहिन्त किया। 26 जून को सीबीआई जांच की खबर पूरे शहर में फैल गयी। मुख्य आरोपी ओएसिस स्कूल के प्राचार्य सह नीट के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर एहसान उल हक के घर सीबीआई पहुंची। 27 जून को ही सभी से पूछताछ की। 28 जून को प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल को लेकर हजारीबाग से निकल गयी।

### कछुए की चाल ...

पिछली सुनवाई में कोर्ट को सरकार की ओर से बताया गया था कि राज्य सूचना आयुक्त, लोकायुक्त आदि के नियुक्ति का मामला कैबिनेट के पास विचाराधीन है, नियुक्ति प्रक्रिया जल्द प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी। बता दें कि राजकुमार की अवमानना याचिका में प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि वर्ष 2020 में हाईकोर्ट ने सूचना आयुक्तों कि नियुक्ति से संबंधित एक याचिका को राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद निष्पादित कर दिया था। उस समय सरकार की ओर से कोर्ट में अंडरटेकिंग देते हुए कहा गया था कि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति जल्द कर ली जाएगी। सूचना आयुक्तों की नियुक्ति नहीं होने पर वर्ष 2021 में प्रार्थी राजकुमार ने अवमानना याचिका दाखिल की है। वही राज्य सूचना आयोग में सूचना आयुक्त के रिक्त पदों की नियुक्ति एवं झारखंड में बाल आयोग, राज्य मानवाधिकार आयोग, पुलिस कंप्लेंट अथॉरिटी, लोकायुक्त सहित करीब 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों का पद खाली रहने को लेकर एडवोकेट एसोसिएशन की ओर से भी जनहित याचिका दाखिल की गई है।

### सभी से विस्तृत...

साथ ही गृह सचिव ने भी भारतीय पुलिस सेवा ( आईपीएस) के सभी अधिकारियों, जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर सुझाव मांगे थे।

श्री शाह ने कहा कि कि संसद द्वारा विधेयक पारित करने से पहले इसे गृह मंत्रालय की समिति को भेजा गया था। विधेयक पर विस्तृत चर्चा हुई और सभी राजनीतिक दलों के सदस्यों ने इसमें भाग लिया और अपने सुझाव दिये। उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक सुझावों को छोड़कर, सभी सुझावों को 93 बदलावों के साथ शामिल किया गया और विधेयक को कैबिनेट द्वारा पारित किया गया और फिर संसद में पेश किया गया। उन्होंने विपक्ष से इस मुद्दे का राजनीतिकरण न करने का आग्रह किया। राजनीति के लिये कई मुद्दे हैं और सरकार उनका जवाब देने के लिए तैयार है, लेकिन ये कानून देश के 140 करोड़ लोगों के लिये हैं और यह संविधान के अनुसार लोगों को कानून और सम्मान देने की कवायद है।

स्पीड न्यूज

## अखिलेश के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने किया पौधरोपण और रूद्राभिषेक

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सोमवार को लोहिया वाहिनी वाराणसी के महानगर के कार्यकताओं ने पौधरोपण किया। कार्यकताओं ने अपने नेता को जन्मदिन की बधाई देने के साथ लम्बी उम्र की कामना भी की। लोहिया वाहिनी वाराणसी के महानगर अध्यक्ष संदीप मिश्रा के अगुवाई में कार्यकताओं ने ईश्वरगंगी नरहरपुरा स्थित जागेश्वर महादेव मंदिर में अखिलेश यादव के दीर्घ स्वस्थ जीवन के रूद्राभिषेक किया। 11 ब्राम्हण बटुकों ने वैदिक मंत्रोंच्चार के बीच हवन पूजन कराया। इसके बाद कार्यकताओं ने युवजन सभा के कार्यकताओं के साथ राजनरायन पार्क (बेनिया) में पौधारोपण किया।

## सिंध प्रांत में सड़क हादसे में सात की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में एक तेज रफ्तार वाहन के एक ट्रेलर ट्रक से टकराकर पलट जाने से चार बच्चों सहित कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना प्रांतीय राजधानी कराची में उस समय हुई जब ट्रेलर ट्रक ने यू-टर्न लिया और पीछे से आ रही मिनी बस उससे टकराकर पलट गयी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतकों में एक ही परिवार के चार बच्चे और दो महिलाएं शामिल हैं। वे सभी हॉक्सबे समुद्र तट पर घूमने गए थे। उन्होंने बताया, जिस बस में वे यात्रा कर रहे थे वह ट्रेलर से टकराने के बाद पलट गयी। वहीं, इस दुर्घटना के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया।

## तालिबान प्रतिनिधिमंडल ने सशर्त संयुक्त राष्ट्र की बैठक में भाग लिया

**इस्लामाबाद।** तालिबान का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को कतर में अफगानिस्तान पर संयुक्त राष्ट्र की बैठक में शामिल हुआ। आयोजकों के इस आश्वासन के बाद प्रतिनिधिमंडल बैठक में शामिल हुआ कि महिलाओं को इस बैठक में शामिल नहीं किया जाएगा। दो दिवसीय यह बैठक कतर की राजधानी दोहा में अफगान संकट पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा आयोजित तीसरी बैठक है। तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता और उसके प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले जबीहुल्ला मुजाहिद ने एक्स पर लिखा कि प्रतिनिधिमंडल ने बैठक से इतर रूस, भारत और उज्बेकिस्तान सहित अन्य देशों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की।

## कॉलेज में दाखिले के लिए कोई फीस नहीं लेती सरकार: मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी।** मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा ने कहा है कि राज्य सरकार कॉलेजों में छात्रों की प्रवेश फीस के लिए एक रुपया भी नहीं लेती है। दुर्भाग्य से मीडिया इस सरकार द्वारा किए गए अच्छे कार्यों को मान्यता नहीं देना चाहता। फीस वसूली को भूल कर पिछले कई सालों से सरकार हायर सेकेंडरी स्तर से पोस्ट ग्रेजुएट स्तर तक 2 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले परिवारों के छात्रों को मुफ्त दाखिला दे रही है। इस बार सरकार ने इस न्यूनतम आय को बढ़ाकर 4 लाख रुपये कर दिया है।

## दिल्ली से ऋषिकेश घूमने आए भाई बहन नीम बीच में डूबे

**ऋषिकेश।** थाना मुनि की रेती क्षेत्र के अंतर्गत नीम बीच में दिल्ली से ऋषिकेश घूमने आए भाई बहन के डूबने की सूचना पर एसडीआरएफ टीम ढाल वाला ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया, परन्तु नदी में बहाव अधिक होने के कारण सर्च अभियान को रोकना पड़ा। यह जानकारी एसडीआरएफ के प्रभारी रविंद्र शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली से ऋषिकेश घूमने आए भाई बहन नेहा राठौर और लवप्रीत सिंह राठौर निवासी सुदर्शन पार्क पश्चिमी दिल्ली सोमवार की सुबह मुनि की रेती से किराए की बाइक लेकर नीम बीच पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि नेहा नहाने के दौरान डूबने लगी। उसे बचाने के लिए उसका भाई भी डूब गया।

# अधिकारियों को लोगों का विश्वास जीतना और बनाये रखना जरूरी : राष्ट्रपति

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों से कहा कि किसी प्रशासक के लिए सबसे अहम बात लोगों का विश्वास जीतना और उसे बनाए रखना है। विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिवों के पद पर तैनात 2022 बैच के आईएएस अधिकारियों के एक समूह ने आज राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। उन्होंने अधिकारियों से बातचीत में कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा एक बेहतरीन करियर माना जाता है। उन्होंने कहा कि लाखों महत्वाकांक्षी युवा आईएएस अधिकारी बनने का सपना देखते हैं। उनमें से कई इस सेवा में चयन के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे सभी युवाओं में से कुछ लोगों को इस सेवा के माध्यम से नागरिकों के कल्याण के लिए काम करने का अवसर मिला है। उन्होंने अधिकारियों को सलाह दी कि वे जहां भी काम करें, संवेदनशीलता, ईमानदारी और दक्षता से अपनी छाप छोड़ें। राष्ट्रपति ने कहा कि उच्च प्रौद्योगिकी युग में जब लोगों को देश-दुनिया की जानकारी वास्तविक समय में मिल रही है, तब अधिकारियों की चुनौतियां और बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा, जब तक



वे किसी योजना के सामाजिक या आर्थिक लक्ष्य को प्राप्त करते हैं, तब तक लोगों की जरूरतें, जागरूकता और आकांक्षाएं और बढ़ चुकी होती हैं। इसलिए उन्हें ऐसी व्यवस्थाएं बनानी चाहिए जो उन्हें भविष्य के लिए तैयार रहने में सक्षम बनाएं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि समावेशी और सतत विकास तथा हर वर्ग के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश से बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रशासन की कार्य संस्कृति जनभागीदारी पर आधारित होनी चाहिए। अधिकारियों को न केवल प्रशासक बल्कि सुविधा प्रदाता और प्रबंधक की भूमिका भी निभानी होगी। उनकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वे सबको साथ लेकर कैसे जवाबदेह, पारदर्शी और प्रभावी प्रशासन प्रदान कर पाते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रशासक के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात लोगों का विश्वास जीतना और उसे बनाए रखना है। उन्होंने अधिकारियों को सबके लिए अपनी सुलभता, पारदर्शिता और विश्वास निर्माण के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की सलाह दी। हालांकि, उन्होंने अधिकारियों को अपने प्रचार के लिए प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से सोशल मीडिया का उपयोग करने से बचने की सलाह दी। श्रीमती मुर्मु ने अधिकारियों से कहा कि उन्हें नैतिकता के मामले में कोई समझौता नही करना चाहिए और ऐसी स्थिति से निपटने के लिए शुरू से ही सतर्क और सक्रिय रहना होगा।

उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों को लागू करने के साथ-साथ अधिकारी अपने व्यक्तिगत आचरण में ईमानदारी, धार्मिकता और स्थिरता को भी बढ़ावा देंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित मानसिकता आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अधिकारी नई सोच और नए समाधानों के साथ देश के विकास को आगे बढ़ाएंगे।

# राष्ट्रपति का अभिभाषण सरकार का विजन पत्र होता है : खड़गे

### धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में प्रतिपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खडगे ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रपति का अभिभाषण सरकार का विजन पत्र होता है, लेकिन इसमें ऐसा कुछ नहीं है। श्री खडगे ने सदन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर अपने संबोधन में कहा कि पिछले 10 वर्षों में सर्वव्यापी मुद्दों को नजरअंदाज किया गया है और इस बार नारा दिया गया अबकी बार 400 पार। संविधान बदलने की बात की जाने लगी, तब इंडिया समूह ने संविधान बचाने की मुहिम शुरू की। संविधान रहेगा तभी लोकतंत्र भी रहेगा और चुनाव भी होगा। लोगों ने विशेषकर गरीब, युवा और महिलाओं ने यह महसूस किया कि लोकतंत्र और संविधान को बचाना है, तभी 400 पार नहीं 200 पार पर रोक दिया।

प्रतिमाएं पुरानी जगह लगे

उन्होंने कहा कि संसद परिसर में विभिन्न स्थलों पर महापुरूषों की प्रतिमाएं लगायी गयी थी, जिन्हें अब एक ही कोने में लगा दिया गया है। इन प्रतिमाओं को संसद परिसर में लगाने की परंपरा रही है और उसके लिए समिति तय करती थी कि कौन सी प्रतिमा कहां लगेगी, इसलिए निवेदन है कि उन सभी प्रतिमाओं को पुरानी जगहों पर लगाया जाये।इस पर सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ने उन्हें प्रेरणा स्थल के उद्घाटन का निमंत्रण दिया गया था और उन्होंने उसका अनावरण किया है। वहां सभी सदस्यों को जाकर देखना चाहिए। सभी प्रतिमाएं एक ही स्थल पर लगी हुयी है।

इस बीच संसदीय कार्य राज्य मंत्री किरेन रिजुजु ने कहा कि प्रतिपक्ष के नेता ने गंभीर मुद्दा उठाया है। संसद भवन में किसी प्रतिमा को किसी कोने में नहीं स्थापित किया गया है, बल्कि यह संसद भवन गोलाकार है और इसमें कोई भी कोना पीछे नहीं है। सभी प्रतिमाओं को एक स्थल पर स्थापित किया गया है ताकि लोगों को उनको देखने में आसानी हो।

इस पर श्री खड़गे ने कहा कि इन प्रतिमाओं को उनके कार्यालय के सामने लगा दिया गया है। उनके घर में राष्ट्रपिता और डा. भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा लगी हुई है और वह सुबह में उन्हें देखते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में इस सरकार ने सिर्फ नारे ही दिये हैं। अच्छे दिन आयेंगे, आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, बेटी पढाओ , बेटी बचाओ, सबका साथ सबका विकास और 400 पार। इस सरकार ने नारे के अलावा कुछ नहीं किया है। मणिपुर एक साल से जल रहा है, प्रधानमंत्री वहां देखने तक नहीं गये।

गरीबों का सत्यानाश कर दिया गया है, इसलिए इस बार गरीब, युवा और महिलाओं ने रोक दिया।

श्री खडगे ने कहा कि आम चुनाव के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक मतदान हुए, जबकि शहरी क्षेत्रों में कम मतदान हुआ।

शोषित, पीड़ित, गरीबों और महिलाओं ने लोकतंत्र को बचाने का बहुत बड़ा काम किया और इंडिया समूह का साथ दिया। अब भी सामाजिक न्याय की मानसिकता वाले लोग मौजूद हैं।

इस चुनाव का परिणाम है कि सत्ता दल के लोग संविधान को माथे लगा रहे हैं। इस सदन में ऐसे लोग भी सदन में हैं, जिनको जय संविधान पर भी दिक्कत है। इस लिए संविधान को बचाने की मुहिम अभी जारी है। संविधान माथे पर लगाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि इसके मूल्यों पर चलकर दिखाना होगा। बीते एक दशक में संसदीय परंपराओं को कमजोर किया गया है और विपक्ष को नजरअंदाज किया गया है।

उन्होंने कहा कि संसद में हमें अपनी बातें कहने के लिए लगातार संघर्ष करना पड़ा। सत्तापक्ष दल की सोच थी कि विपक्ष नहीं होना चाहिए। इसलिए 17वीं लोकसभा में उपाध्यक्ष का पद रिक्त रखा गया, जबकि संविधान में इसका प्रावधान है। वे लोग आज लोकतंत्र की बात करते हैं।

यह क्या लोकतांत्रिक तरीका है। यह संविधान का पालन है। यह संविधान और लोकतंत्र के विपरीत है। इसी सदन में प्रधानमंत्री ने छाती ठोकते हुये कहा था कि एक अकेला सब पर भारी। आज एक अकेले पर कितने लोग भारी है। चुनावी नतीजों ने दिखा दिया है कि संविधान और जनता सब पर भारी है। श्री खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम चुनाव के दौरान अपनी रैलियों में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर विपक्षी दलों के बारे में असत्य बातें बोली तथा लोगों को भ्रमित किया कि यदि कांग्रेस और विपक्षी दल सत्ता में आते हैं तो ये आपकी संपत्ति और आभूषण दूसरे लोगों में बांट देंगे।

## किसानों और कृषि क्षेत्र के हित में छत्तीसगढ़ को हरसंभव सहायता देती रहेगी केंद्र सरकार : केंद्रीय कृषिमंत्री

**रायपुर।** देश में कृषि क्षेत्र की तेजी से प्रगति के उद्देश्य से केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यवार चर्चा की पहल की है। आज नई दिल्ली स्थित कृषि भवन में छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम सहित आए उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ केंद्रीय मंत्री ने बैठक की। इस दौरान छत्तीसगढ़ में दलहन, तिलहन, बागवानी फसल को बढ़ावा देने के साथ ही कृषि एवं किसान कल्याण से जुड़े अन्य अनेक विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों व कृषि क्षेत्र का हित हमारे लिए सर्वोपरि है और इसी के तहत छत्तीसगढ़ को केंद्र सरकार हरसंभव सहायता देती रहेगी। केंद्रीय मंत्री चौहान की, छत्तीसगढ़ के मंत्री नेताम के साथ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, दलहन, तिलहन, बागवानी, नमो ड्रोन दीदी, आयल पाम मिशन सहित भारत सरकार की अन्य योजनाओं व कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों को केन्द्रीय स्तर पर कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी, इसके लिए केंद्र व राज्य सरकार मिल-जुलकर काम करते रहेंगे। चौहान ने आश्वासन दिया कि छत्तीसगढ़ के विकास के लिए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण विभाग अपने स्तर पर पूरा सहयोग देगा। उन्होंने दलहन व तिलहन को प्रोत्साहित करने की केन्द्र सरकार की नीति का उल्लेख भी किया। चौहान ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मक्का व सोयाबीन को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध है।

## हिंदुओं को हिंसक बताने के लिए राहुल देश से माफी मांगें : महेंद्र भट्ट

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने सदन में राहुल गांधी के हिंदुओं को हिंसक बताने वाले बयान की कड़ी आलोचना करते हुए देश की जनता से सार्वजनिक माफी की मांग की हैं। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने जारी बयान में कहा कि जिस तरह राहुल ने सदन के पटल पर हिंदू समाज को हिंसा करने वाला, नफरत फैलाने और असत्य कहने वाला बताया गया, वह पूरी तरह कांग्रेस की सनातन विरोधी सोच एक बार पुनः उजागर करता है। इससे पूर्व भी वे मंदिर जाने वालों को लड़की छेड़ने वाला बताते थे, उनकी पार्टी और सहयोगी पार्टी के नेता लगातार सनातन के अपमान और उसे समाप्त करने का आह्वाहन करते रहते हैं। लेकिन सर्वाधिक आपत्तिजनक यह है कि इस बार हिंदुओं के लिए अपमानजनक शब्दावली का उपयोग लोकतंत्र के पवित्र मंदिर में किया गया। उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस को हिंदुओं से नफरत होगी, लेकिन देश में करोड़ों लोग गर्व से स्वयं को हिंदू कहते हैं। उन्होंने कहा कि अग्निवीर,कृषि आंदोलन समेत अनेकों योजनाओं को लेकर राहुल का तथ्यहीन आरोप लगाना बेहद निंदनीय हैं। अफसोस जो झूठ और भ्रम वह चुनाव के समय सड़कों पर फैलाते रहे, उसको और फैलाने के लिए उन्होंने सदन के मंच का दुरुपयोग किया। उन्हे इस पूरे मुद्दे पर राहुल गांधी को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

## मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने अधिकारियों के साथ विकास कार्यों पर सकारात्मक चर्चा की



**जयपुर।** कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने उद्योग भवन में जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी ली। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने जेडीए के अधिकारियों के साथ झोटवाड़ा में सीवरेज लाइन, ड्रेनेज सिस्टम, पानी की पाइपलाइन, स्वच्छता अभियान, पार्कों का सौन्दर्यीकरण व सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत समेत कई विकास कार्यों पर सकारात्मक विचार विमर्श किया। बैठक के दौरान परिक्षेत्र में होने वाली जल भराव की समस्या के शीघ्र निस्तारण हेतु अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से काम करने हेतु निर्देशित किया। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में राजस्थान की भाजपा सरकार झोटवाड़ा के समग्र विकास हेतु सदैव संकल्पबद्ध है।

# प्राकृतिक सम्पदाओं से परिपूर्ण भारत के रहस्यों पर होना चाहिए शोध : डॉ भागवत

एजेंसी

**गाजीपुर।** भारत सदैव से विविधताओं से परिपूर्ण देश रहा है। प्राकृतिक सम्पदाओं से लेकर यहां की लोक-रीति परम्पराएं सदैव लोक कल्याणकारी रही हैं। यहां के प्राकृतिक सम्पदाओं के रहस्यों पर शोध होना चाहिए। यह बातें सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन मधुकर भागवत ने सिद्धपीठ हथियाराम मठ में दर्शन पूजन के बाद कैलाश भवन में उपस्थित विशिष्ट लोगों से सामान्य बातचीत के दौरान कही। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत गाजीपुर के एक दिवसीय यात्रा पर सोमवार दोपहर सिद्धपीठ



हथियाराम मठ पहुंचे थे। जहां वह कैलाश भवन में ठहरे। सामान्य चचाओं के दौरान डॉ.भागवत ने कहा कि वन क्षेत्र में आदिवासी समाज आज भी वनों की उपज से अपना पेट भरता है। उनमें वह कौन सी ताकत पाई जाती हैं, इन विषयों पर भी शोध होना चाहिए। उन्होंने कहाकि देश में तमाम ऐसी औषधीय व खाद्यान्न हमें प्रकृति देती है जो काफी लाभप्रद होता है। हमें अपने परंपरा, प्राकृतिक स्त्रोत, संसाधन, संस्कृति, लोकरीति पर शोध ही नहीं करना है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को इसके पूर्णता से अवगत भी कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी का माटी से जुड़ाव होना नितांत आवश्यक है। जिससे समाज राष्ट्र का कल्याण संभव है। इस दौरान प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री दयाशंकर सिंह, इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस शमीम अहमद, राष्ट्रीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह, सुनील सिंह, सानंद सिंह, डॉ संतोष यादव, संतोष मिश्रा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# नाटो महासचिव ने चीन पर लगाया कई आरोप

एजेंसी

**टोक्यो।** नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने चीन पर द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप में सबसे बड़े सैन्य संघर्ष को भड़काने का आरोप लगाया है। उन्होंने जापानी अखबार योमिउरी को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि रूस चीन से आयातित उन्नत तकनीक की सहायता से मिसाइलों और ड्रोन का उत्पादन कर रहा है, जो बीजिंग को सबसे बड़े संघर्ष को भड़काने के लिए जिम्मेदार बनाता है। महासचिव ने कहा कि चीन पर दबाव बढ़ाने और क्षेत्र को स्थिर करने के लिए जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड के बीच सहयोग को मजबूत करने की सख्त जरूरत है। श्री स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि ताइवान के इर्द-गिर्द संकट की स्थिति में, नाटो उत्तरी अमेरिकी और यूरोपीय गठबंधन की अपनी स्थिति बनाए रखेगा। अधिकारी ने कहा कि नाटो चीन को प्रतिद्वंद्वी के रूप में नहीं देखता है, लेकिन फिर भी उसके व्यवहार को गठबंधन के मूल्यों, हितों और सुरक्षा को चुनौती देने वाला मानता है। श्री स्टोलटेनबर्ग का बयान अमेरिका चीन पर रूस के साथ संबंध सुधारने का आरोप लगाने के बीच आया है। साथ ही यह भी आरोप लगा रहा है कि बीजिंग यूक्रेन में रूस के विशेष सैन्य अभियान का समर्थन कर रहा है। चीन और रूस ने अमेरिका के दावों को खारिज कर दिया है।

# मोनाली ठाकुर के साथ कॉन्सर्ट में बदसलूकी, शख्स पर भड़की सिंगर

मोह-मोह के धागे फेम एक्ट्रेस मोनाली ठाकुर के साथ उनके लाइव कॉन्सर्ट में बदसलूकी हुई। इससे गायिका नाराज हो गईं और उन्होंने कॉन्सर्ट वहीं रोक दिया। भीड़ में से एक शख्स ने उठकर मोनाली के प्राइवेट पार्ट को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। इसके बाद मोनाली को गुस्सा आ गया। वास्तव में क्या हुआ? रिपोर्ट के मुताबिक शनिवार, 29 जून को भोपाल की सेज यूनिवर्सिटी में मोनाली ठाकुर का लाइव कॉन्सर्ट आयोजित किया गया था। कॉन्सर्ट में बड़ी संख्या में कॉलेज के छात्र और अन्य प्रशंसक शामिल हुए। रिपोर्ट के मुताबिक, मोनाली ने गाना गाते-गाते अचानक कॉन्सर्ट रोक दिया। बाद में उसने टीम के सदस्यों को बताया कि क्या हुआ था और वह गुस्से में थी। भीड़ में से एक शख्स ने मोनाली की तरफ इशारा करते हुए उनके प्राइवेट पार्ट्स पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। उन्होंने कहा, ह्लयह छेड़छाड़ है। कुछ लोग भीड़ का फायदा उठाकर गुप्त टिप्पणियां करते हैं। मैं इसके खिलाफ आवाज उठा रहा हूं ताकि इंसान भी इसे याद रखे। इसके बाद जब मामला शांत हुआ तो कॉन्सर्ट दोबारा शुरू हुआ। बाद में उस व्यक्ति ने स्पष्ट किया कि उसने केवल मोनाली के डांस मूव्स पर टिप्पणी की थी और कुछ भी आपत्तिजनक नहीं कहा था। मोनाली ठाकुर ने बॉलीवुड में कई हिंदी गाने गाए हैं जो सुपरहिट हुए हैं। मोह मोह के धागे के लिए उन्होंने नेशनल अवॉर्ड और सवार लूं गाने के लिए उन्होंने फिल्मफेयर जीता है।



## भीषण सड़क हादसा नौ लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के करौली जिले में बोलेरो और ट्रक की भिड़ंत में 2 बच्चों व 6 महिलाओं समेत 9 लोगों की मौत हो गई। बोलेरो सवार 4 लोग घायल हैं। हादसा सोमवार शाम करीब 5 बजे करौली-मंडारायल मार्ग स्थित डूंडापुरा मोड़ के पास हुआ। पुलिस मौके पर पहुंची है।

हादसे की सूचना मिलने के बाद करौली जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना, एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय, अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चौधरी, करौली कोतवाली थाना अधिकारी सुनील सिंह सहित चिकित्सा विभाग और प्रशासन के आला अधिकारी जिला अस्पताल पहुंच गए। अधिकारियों ने घटना की जानकारी ली है।


VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !